देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

बाइडेन ने अपनापन दिखाया, 300 कलाकृतियां... 12

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित 11 जिलों की समीक्षा... 03

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 344
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 30 सितंबर, 2024

जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों और उनके आकाओं को ही परेशानी : सीएम

जीआईएस में मिले 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से 10 लाख करोड़ का शिलान्यास, 10 लाख करोड़ पाइप लाइन में

- बेहतर भविष्य बनाने के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक : मुख्यमंत्री
- गीडा सेक्टर 27 में पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज की यूनिट का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। पर, सुरक्षा के इस शानदार माहौल से, अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था। जो अपराध करने को ही बड़प्पन मानते थे। सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ रुपये के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे नौकरी की बजाय उद्यमिता पर अधिक ध्यान दें। रोजगार के लिए और अधिक अवसर पाने के लिए उद्यमिता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छूने वाले जिन देशों ने उद्यमिता, शोध और नवाचार पर ध्यान दिया है, वही देश आर्थिक परिदृश्य में केंद्र बिंदु में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए, जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जो अवसर चाहिए उनमें निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सुखद स्थिति है कि बीते सात साल में उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है।

'सीएम योगी ने जो किया वह देश में मॉडल बनकर उभरा'

इस अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चौतरफा विकास का कारवां आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो कहा, वो कर दिखाया और जो किया वह पूरे देश में मॉडल बनकर उभरा। श्री नंदी ने कहा कि 2017 के पहले के यूपी, पूर्वांचल और गोरखपुर की तुलना आज के दौर से करने और जमीन आसमान का अंतर नजर आएगा। पहले की सरकारें जहां अपना, अपने परिवार, रिश्तेदार और फिर अपनी जाति तक सीमित थीं तो वहीं सीएम योगी ने बिना भेदभाव समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई है। सीएम योगी के नेतृत्व में सिर्फ प्रदेश ही नहीं बदला है बल्कि परिवेश भी बदला है। आज का उत्तर प्रदेश सशक्त, समृद्ध और गतिशील प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र का बुनियादी ढांचा व्हीलचेयर पर था और आज सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी औद्योगिक प्रगति के मामले में फर्राटा भर रहा है।

युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए देंगे ब्याजमुक्त लोन

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए उनकी सरकार ब्याजमुक्त लोन देने जा रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत पहले चरण में पांच लाख रुपये तथा दूसरे चरण में दस लाख रुपये का लोन दिया जाएगा।

दुनिया में धूम मचा रहा यूपी का ओडीओपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के प्रभावी होने के बाद लाखों की संख्या में रोजगार सृजन हुआ है। यूपी का ओडीओपी दुनिया में धूम मचा रहा है और देश में ब्रांड बन गया है।

स्किल डेवलपमेंट के लिए भी हो रहा है कार्य

सीएम योगी ने कहा कि निवेश और रोजगार के साथ ही सरकार स्किल डेवलपमेंट के लिए भी कार्य कर रही है। इसी क्रम में गीडा में भारत सरकार के सहयोग से एक स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है। सरकार की कोशिश इंडस्ट्री और इंस्टिट्यूशन को जोड़कर स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध कराने की है।

निवेश से बढ़ी औद्योगिक विकास की आस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा निवेश के रूप में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की आस भी बढ़ रही है और रोजगार भी आ रहा है। उन्होंने वरुण बेवरेजेज की गीडा यूनिट का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां पूंजी तो आई ही, प्रशासन ने 48 एकड़ भूमि देकर काम आगे बढ़ाया। नतीजा है कि आज यहां 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इनमें से 90 प्रतिशत लोग यूपी और यूपी में भी 70 प्रतिशत से अधिक लोग गोरखपुर और आसपास के हैं। उन्होंने कहा कि युवा पहले नौकरी के लिए बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, थाईलैंड या सिंगापुर जाने को विवश होते थे। आज उन्हें घर के पास ही नौकरी और रोजगार की सुविधा मिल रही है। पर, यह सुविधा अचानक नहीं आई है।

हैवान बाप ने बेटी के साथ किया दुष्कर्म, शरण देने वाले रिश्तेदार ने भी बनाया हवस का शिकार

जन एक्सप्रेस। मेरठ

मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता ने ही खून के रिश्ते को कलंकित कर दिया। पिछले आठ माह तक एक किशोरी अपने पिता की हवस का शिकार होती रही। इससे निजात पाने के लिए पीड़ित किशोरी ने मामले की जानकारी अपने एक रिश्तेदार युवक को बताई। लेकिन इसके बाद भी किशोरी को यौन शोषण का शिकार होना पड़ा। वहीं, आरोपी रिश्तेदार भी घटना को सार्वजनिक करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। बता दें कि तीन दिन पहले किशोरी अपने भाई को लेकर पिता की हैवानियत से बचने के लिए रिश्तेदार युवक के साथ चली गई थी। जिसमें किशोरी के पिता ने दोनों बच्चों के अपहण का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जब दोनों को सकुशल बरामद कर पूछताछ की तो सनसनीखेज मामला सामने आया। पीड़ित किशोरी ने पुलिस को आपबीती सुनाई तो आरोपी पिता व रिश्तेदार की हैवानियत बयान की।

यूपी के पूर्वी और मध्य भाग में बूंदाबांदी के साथ ही भारी बारिश जारी, मंगलवार से कमजोर होगा मानसून

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में रविवार को हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्से में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। वहीं, मंगलवार से आसमान साफ रहने की संभावना जताई गई है। पश्चिमी यूपी में मानसून सिमटता हुआ दिखाई दिया और अब वहां मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। रविवार को मध्य यूपी के अलग-अलग हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान है। बस्ती, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर और आसपास के इलाकों में रविवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि मंगलवार से मानसून के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। शनिवार की शाम से रविवार सुबह तक बांदा में सर्वाधिक 270 मिमी की भारी बारिश दर्ज की गई। सिद्धार्थ नगर, बस्ती, गोरखपुर और जौनपुर के साथ ही तराई इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। भारी बारिश और तेज हवाओं के असर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी लखनऊ की बात करें तो रिमझिम बारिश का सिलसिला रविवार सुबह तक जारी रहा। तापमान गिरने से हवा में ठंडक का एहसास रहा। रविवार को दिन का अधिकतम तामपान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

कांग्रेस को उसके ही हथियार से मात देने की रणनीति पर काम कर रही बसपा : मायावती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी अब कांग्रेस को उसके ही हथियार से मात देने की रणनीति पर काम कर रही है। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पर दलितों की उपेक्षा करने पर हमलावर बसपा ने दलित समाज से कांग्रेस का बहिष्कार करने की अपील की है। साथ ही, भाजपा को भी लपेटते हुए दलितों से अपना वोट खराब नहीं करने की अपील की है। दरअसल, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव में संविधान को बदले जाने और आरक्षण को समाप्त करने का भाजपा पर खुलेआम आरोप लगाया था। इससे दलित वोट बैंक का बसपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। अब बसपा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश में आरक्षण को लेकर दिए गए बयान को लेकर लगातार कांग्रेस पर हमलावर होती जा रही है। वह कांग्रेस को दलित विरोधी करार देने का कोई भी मौका नहीं चूक रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि दलित समाज कांग्रेस और भाजपा को वोट देकर उसे खराब न करे। हरियाणा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित होता है कि पार्टी में जब अभी सब ठीक नहीं है। ऐसे में आगे क्या होगा। उन्होंने कांग्रेस पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात कर रहे हैं। लिहाजा दलित समाज अपना एकतरफा वोट बसपा को ही दे। बसपा ही दलितों को उनका संवैधानिक और शासक बनाने के लिए संघर्षशील है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के दलितों को भी कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के मिथ्या वादों और बहकावे में नहीं आने की अपील की है। साथ ही इन दलों को दलित विरोधी इतिहास याद रखने को कहा है।

गाजीपुर में सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर, गांजे वाले बयान को लेकर दर्ज हुआ केस

जन एक्सप्रेस । गाजीपुर

सपा सांसद अफजाल अंसारी पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने 27 सितंबर को पत्रकार भवन में पत्रकारों से बातचीत में एक विवादित बयान दिया था। कहा कि गांजा को कानून का दर्जा देकर वैध कर दो, लेकिन कानून का इतना बड़ा माखौल क्यूं उड़ाते हो? लाखों करोड़ो लोग खुलेआम गांजा पीते हैं। पूरी महफिल लगाकर गांजा पीते हैं। बड़े-बड़े धार्मिक आयोजनो में लोग गांजा पीते हैं। उसे भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। भगवान का प्रसाद और बूटी है तो अवैध क्यों है भाई? यह दोहरी नीति क्यों? अगर वह भगवान का प्रसाद है और भगवान की बूटी है तो उसे कानून में मान्यता दो। कानून में अवैध और पीने के लिए छूट, भकाभक। हम कह रहे हैं लुका के क्यों पी रहें है? गाजीपुर जिले में भी वही हो रहा है। कौनव मठ में चला न हमरा सथवा हम दिखा देई। हम कह रहे हैं कि अगर भगवान शंकर की बूटी व प्रसाद है तो भांग को समाज में जिस तरह तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया जाता है। भांग का लाइसेंस मिलेगा। गांजा का तो लाइसेंस नहीं है। यह ऐसी अवैध चीज है। अभी कुंभ लगने जा रहा है एकाद मालगाड़ी भी अगर चली जाएगी गांजे की तो वह भी खत्म हो जाएगी। बहुत सारे साधु, संत, महात्मा समाज के लोग गांजा को बड़ा शौक से पीते हैं और कहते हैं कि पीने से भूख भी लगती है। स्वास्थ्य के लिए भी पीते हैं। सांसद के इस बयान के वायरल वीडियो के कारण साधु समाज द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी रोष प्रकट किया जा रहा है।

सात हजार से अधिक कर्मचारियों का वेतन रुका, संपत्ति न बताने पर हुआ सख्त फैसला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पावर कार्पोरेशन और विद्युत वितरण निगमों में कार्यरत 7572 अभियंताओं और अन्य कर्मियों ने अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है। इनके खिलाफ प्रबंधन ने सख्त कदम उठाया है। निर्देश दिया है कि जब तक ये कार्मिक संपत्ति का ब्यौरा नहीं देंगे, तब तक उनका सितंबर माह का वेतन नहीं दिया जाएगा। पावर कार्पोरेशन व विद्युत वितरण निगमों में कार्यरत अभियंता चल- अचल संपत्ति का ब्यौरा देने से कतराते रहते हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं संपत्ति का ब्यौरा सही दे दिया तो उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू हो सकती है। ऐसे में वे विभागीय निर्देश के बाद भी ब्यौरा देने में आनाकानी करते रहते हैं। यही वजह है कि संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कार्पोरेशन प्रबंधन ने 19 जनवरी को ही निर्देश दिया था। साफ कहा था कि सभी अभियंता और अन्य कार्मिक 15 अगस्त तक अपनी संपत्ति का ब्यौरा निगमों के ईआरपी पोर्टल पर अपलोड कर दें। ऐसे में कार्पोरेशन प्रबंधन ने सख्त कदम उठाया है। सभी विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों और निदेशक (कार्मिक) को निर्देश दिया है कि ब्यौरा नहीं देने वालों का सितंबर माह का वेतन रोक दिया जाए। संबंधित कार्मिक जब तक चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा नहीं देते हैं, तब तक उनका वेतन जारी नहीं किया जाएगा।

हाथरस में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, तीन मरीज निकले पॉजिटिव, कुल संख्या हुई 11

जन एक्सप्रेस/हाथरस। हाथरस जिले में बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। शहर से लेकर देहात तक सीएचसी, पीएचसी व जिला अस्पताल में मरीजों की भरमार है। डेंगू पॉजिटिव निकलने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब तक जिले में 11 डेंगू मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। जिले में लगातार डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। 28 सितंबर की देर शाम को मऊ चिरायल के 21 वर्षीय आशीष, गांव रसगवां के 23 वर्षी डोली, शहर के मधुगढ़ी के 19 वर्षीय अजीत को डेंगू की पुष्टि हुई है। सभी डेंगू पॉजिटिव का उपचार बागला अस्पताल में चल रहा है।

रिपोर्ट जिस समान काम के परमानेंट स्टाफ को हर महीने मिलते हैं 1.2 लाख उसी काम के लिए आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को मिल रहे 18000 रुपए

नियुक्ति से लेकर छुट्टी और वेतन भुगतान में समझौते करने को मजबूर हैं आउटसोर्सिंग कर्मी

- इतने कम भुगतान पर भी संस्थान के कुछ तथाकथित इंचार्ज और ठेकेदार मिलीभगत कर नौकरी का डर दिखा कर लेते हैं उगाही
- क्या कार्डियोलॉजी विभाग में मेल नर्स रहा संजय सिंह भी इसी रवैये का हुआ शिकार

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में शुमार एसजीपीजीआई यहां आने वाले मरीजों के लिए तो वरदान साबित हो रहा है, लेकिन मुट्ठी भर भ्रष्ट और अमानवीय परमानेंट स्टाफ और आउटसोर्सिंग ठेकेदारों की वजह से आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण का केंद्र बनता जा रहा है। इसका असर संस्थान की साख के साथ ही वहां की कार्यशैली पर भी पड़ना शुरू हो गया है। कार्डियोलॉजी विभाग की हेड इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी पर मेल नर्स रहे संजय सिंह के गंभीर आरोप भी इसी माहौल का परिणाम हो सकते हैं। संजय सिंह के आरोपों के बाद जन एक्सप्रेस ने जब पड़ताल शुरू की एसजीपीजीआई के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग करने वाले ठेकेदारों की मिलीभगत और करतूत का काला चिट्ठा खुलता चला गया। सूत्रों से पता चला कि आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के शोषण का चक्र कई स्तर पर चलता रहता है। संजय सिंह तो बानगी भर है, किसी न किसी मौके पर लगभग हर आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को शोषण का शिकार होना पड़ता है। यह सिलसिला नियुक्ति से शुरू होता है। एसजीपीजीआई जैसे प्रतिष्ठ संस्थान में नौकरी का लालच दिखाकर नियुक्ति के नाम पर ही 'चढ़ावा' लिया जाता है। यह 'भेंट' प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में ले ली जाती है। नौकरी मिलने के बाद भी आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के शोषण का सिलसिला बंद नहीं होता। जब किसी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को 15 दिन या अधिक लंबी छुट्टी पर जाना होता है तो आउटसोर्सिंग ठेकेदार और कुछ भ्रष्ट परमानेंट स्टाफ मनमानी कर संबंधित कर्मचारियों की पूरे महीने की सैलरी काट लेते हैं। नौकरी जाने के डर से पीड़ित कर्मचारी चुप्पी साधे रहता है।

शोषण के साथ ही आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ वेतन से लेकर छुट्टी मिलने तक में असमानता का भी शिकार होता है। आलम यह है कि जिस समान काम के परमानेंट स्टाफ को हर महीने हैं 1.2 लाख मिलते हैं उसी काम के लिए आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को मात्र 18 हजार रुपए मिलते हैं। परमानेंट स्टाफ की तुलना में उनकी छुट्टी भी बहुत कम हैं। इस सबके बावजूद जो भी भुगतान आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को मिलता है उस पर भी कई बार संस्थान का तथाकथित इंचार्ज और ठेकेदार मिलीभगत कर नौकरी का डर दिखा कर डाका डाल लेते हैं।

कार्डियोलॉजी विभाग में मेल नर्स संजय सिंह भी कथित तौर पर इसी रवैये का शिकार हुआ। जब तक वह कार्डियोलॉजी ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी की बात मानता रहा उनके घरेलू काम करता रहा, उन्हें नैनीताल घुमाता रहा, बिना काम किए आए वेतन में हिस्सा देता रहा तब तक उसकी नौकरी चलती रही। आरोप है कि आजिज आकर उसने जैसे ही यह सब बंद कर दिया उसे नौकरी से हाथ धोना पड़ा।

खामियाजा उठा रहे मरीज और संस्थान की छवि

कम वेतन, हर पल नौकरी जाने का डर और असमानता के शिकार आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के काम की गुणवत्ता पर भी असर आना स्वाभाविक है। इसका सीधा खामियाजा यहां दूर -दूर से आने वाले मरीजों पर संस्थान की छवि को उठाना पड़ रहा है।

वेतन, कार्य विभाजन और छुट्टी में असमानता है

देखिए, आउटसोर्सिंग मेल नर्स रहे संजय सिंह के आरोपों में कितना दम है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। केवल आरोपों के आधार पर किसी को दोषी नहीं माना जा सकता। उम्मीद है कि संस्थान का शीर्ष नेतृत्व निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराकर अपनी साख बनाए रखेगा और आरोपों पर विराम लगेगा। आपने जो बात वेतन, कार्य विभाजन और छुट्टी में असमानता की कही है, वह सही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि परमानेंट स्टाफ और आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के वेतन में 5 गुना तक का अंतर है। यही नहीं, तुलनात्मक रूप से उन्हें छुट्टी भी काफी कम मिलती हैं। उनके कार्य को भी ढंग से परिभाषित नहीं किया गया है। खुद परमानेंट स्टाफ होने के बावजूद मुझे यह असमानता कभी सही नहीं लगी। मैंने यूनियन के स्तर पर कई बार इन मामलों को प्रमुखता से उठाया। एक ही काम के लिए वेतन और मानकों में इतना अंतर गलत है।

-सीमा शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष, नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन एसजीपीजीआई

रिपोर्ट कार्डियोलॉजी विभाग में ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी पर नर्सिंग स्टाफ का वित्तीय शोषण करने और सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोपों पर मची खलबली, जिम्मेदार साधे चुप्पी

एसजीपीजीआई में हर महीने आउटसोर्सिंग कर्मियों के भुगतान में लाखों का खेल!

जन एक्सप्रेस फॉलोअप डॉ. वैभव शर्मा

क्यों नहीं रोकी गई जांच

काम न करो बिल्कुल
एसजीपीजीआई में सैलरी लो फुल

एसजीपीजीआई प्रशासन क्यों बचाए की मुद्रा में

एम्स में समान काम के लिए मिलता है समान वेतन

कुछ आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (एआईआईएमएस) में आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ का कार्य विवरण पूरी तरह परिभाषित है। उन्हें क्या काम करना है, कितने घंटे काम करना है और इसकी एवज में उन्हें कितना भुगतान होगा सब स्पष्ट है। यही नहीं, भत्ते वगैरह को छोड़ दिया जाए तो समान काम के लिए समान वेतन अदा किया जाता है। एसजीपीजीआई लखनऊ में कोई नियम और मानक नहीं है।

कोर्ट के मामलों में कैसे ठहराया जाएगा जिम्मेदार

जब आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के काम को परिभाषित ही नहीं किया गया है तो ऐसे में उनके काम की गुणवत्ता, जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व भी तय नहीं हो पाता। सूत्रों ने बताया कि अगर एसजीपीजीआई में कोई परमानेंट स्टाफ छुट्टी पर जाता है तो उसका रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से सर्कुलेट किया जाता है। कोर्ट केस या किसी अन्य विवाद के मामले में ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों की ही जवाबदेही होती है। छुट्टी पर गया कर्मचारी इन सब से मुक्त होता है। लेकिन आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के मामलों में जिस तरह से खुलासे हो रहे हैं, कर्मचारी छुट्टी पर है और उसके बाद भी उसका वेतन बन रहा है ऐसे में कोर्ट के किसी मामले या विवाद में उसे उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। इसके लिए पूरी व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।

स्वच्छता ही सेवा के तहत कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूट के कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव द्वारा कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में महा सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के महत्व को समझना चाहिए। स्वच्छता का कार्य केवल सफाई मित्रों तक सीमित नहीं है, वह अपना कार्य सही तरीके से कर रहे हैं। हम सबको मिलकर अपने नगर क्षेत्र को साफ करने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिरों, घाटों, कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, प्रत्येक वॉर्ड में चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सफाई निरंतर कराई जा रही है। ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर, वार्ड, मोहल्ले, कामतानाथ परिक्रमा मार्ग व ऑफिस से करना चाहिए। सभी दुकानदारों, व्यवसाईयों को अपने प्रतिष्ठान पर दो डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए, जिससे कि कचरे का निस्तारण पूर्ण तरीके से किया जा सके। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता रैली के साथ कार्यक्रम का समापन करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जिससे नगर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए जा सके। उन्होंने पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए कहा। जिससे कामतानाथ परिक्रमा क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाया जा सके। जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने लोगों से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वच्छता में सहयोग का आवाहन किया। जिससे स्वच्छता का महत्व स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता में लाए, जिससे वार्ड, मोहल्ले, घाट शत प्रतिशत स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, बसंत लाल यादव, सफाई नायक जानकी कुशवाहा, विनोद, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी आदि मौजूद रहे।

गांव के बाहर कूड़ा घर बनाने की मांग

जन एक्सप्रेस/जालौन। ग्राम अलाईपुरा में बनाए जा रहे कूड़ाघर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने कूड़ाघर का निर्माण गांव से बाहर कराने की मांग की है। इस बाबत ग्रामीणों ने बीडीओ को ज्ञापन भी दिया है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा में कूड़ाघर का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधान गांव के खाद गड्ढे के स्थान पर कूड़ा घर बनवाने जा रहे हैं। खाद के गड्ढे छोटे हैं। जबकि पूरे गांव का कूड़ा एकत्रित करने के लिए कूड़ाघर के लिए अधिक जगह की आवश्यकता है। ग्रामीण हरगोविंद, मुन्नीलाल, मुकेश, राजकुमार, शब्बीर खा आदि ने बीडीओ अरुण सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि गांव के अंदर स्थित खाद के गड्ढे की जगह पर कूड़ाघर बनने से गांव में गंदगी फैलगी। इसके साथ ही उसका ठीक ढंग से निस्तारण न होने के कारण उससे बदबू भी फैलगी। ऐसे में बीमारियों का डर भी बना रहेगा। गदंगी व बदबू के चलते ग्रामीणों को परेशानी होगी और स्वच्छता मिशन की मंशा भी पूरी नहीं हो पाएगी। ग्रामीणों ने बीडीओ से कूड़ाघर को गांव से बाहर बनवाने की मांग की है। जिससे कि ग्रामीणों को परेशानी न उठानी पड़े।

रेल दुर्घटनाओं को देखते हुए डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई

रेल दुर्घटनाओं में बढ़ती साजिशों को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई सभागार में रेलवे लाइन की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश।
जिलाधिकारी ने कहा कि रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने संबंधित घटनाओं को रोकने हेतु आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय पुलिस द्वारा समन्वय स्थापित कर नियमित संयुक्त पेट्रोलिंग करे। साथ ही आसपास के अराजकतत्वों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाई करे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि रेलवे ट्रैक व अन्य किसी रेलवे सम्बन्धी घटना के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसको आपस में साझा करेंगे तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने के लिए आपरेशन त्रिनेत्र की शुरूआत की है। इसके तहत रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक आदि संवेदनशील क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाए। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने में कामयाब हो सकें। जनपद-जालौन की सीमान्तर्गत रेलवे स्टेशन व रेलवे लाईन के समीपस्थ शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों हेतु गठित ÷ग्राम रेल सुरक्षा समिति÷ के साथ 15 दिन के अंतराल में बैठक की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों व स्कूलों में प्रचार प्रसार भी किया जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का वेरिफिकेशन कराये जाने हेतु तथा विगत 10 वर्षों मे रेलवे ट्रैक पर जो भी घटनाएं हुई है, उनका विश्लेषण कर लिया जाए। उक्त घटनाओं में संलिप्त अपराधियों पर निरंतर निगरानी, चैकिंग हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एडीएम संजय कुमार, एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, स्टेशन अधीक्षक एसके खरे, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को दिया शिकायती पत्र, लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। उरई

शहर कोतवाली के मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर दिया। जिसमें बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ बिगत 7 सितम्बर को शहर के करमेर रोड स्थित हाथी मंदिर के पास कोचिंग पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि उसी दौरान अंकित उर्फ छोटू पुत्र शिवकुमार निवासी कोतवाली कालपी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया, छोटी पुत्री ने घर आकर सूचना दी। बताया कि इससे पहले भी आरोपी मोबाइल से फोन करके उसकी लड़की को घर से उठा ले जाने की धमकी देता रहता था। उसने बताया कि घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी और तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की, जिसको लेकर उसने एसपी को भी शिकायती पत्र दिया था। लेकिन इसके बाद भी उसकी पुत्री की बरामदगी नहीं की गयी और न ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिससे आरोपी का रिस्तेदार राजेश आये दिन पीड़िता व उसके परिवार को धमकियां दे रहा है। पीड़िता को भय है कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न कर दे। उसने पुत्री को सकुशल बरामद कराये जाने व आरोपी व धमकियां देने वाले रिस्तेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करवाये जाने की फरियाद की है।

मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 11 मण्डलों के 124 शक्ति केन्द्रों के 851 बूथों पर रविवार को मन की बात कार्यक्रमों में सहभागी होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद विचारों को सुना गया।
भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी कहा कि मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर हम सबको नवाचार का प्रयास करना है। मन की बात पर विशेष सदस्यता अभियान में भी कार्यकर्ताओं को सहभाग करना है। पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात के विचार प्रेरणास्पद हैं। जिला संयोजक व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम है। मन की बात कार्यक्रम जन जागरण का जीवंत आन्दोलन है। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में नारी शक्ति के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। झांसी में घुघरी नदी का पुनर्जीवन मातृशक्ति ने किया है। संथाली भाषा के संरक्षण के लिए डिजिटल प्रयास हो रहे हैं। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे में राष्ट्रपति बाइडेन ने 300 से अधिक प्राचीन धरोहरें भारत को वापस की हैं। यह भारत की नवीन शक्ति का परिचायक है। पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल का संकल्प पुनः स्मरण कराया। त्योहारों पर हम सबको सिर्फ मेड इन इण्डिया सामान ही खरीदना है। साथ ही हर मण्डल के 30-30 बूथों पर विशेष सदस्यता योद्धा प्रवास करेंगे। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर प्रवास करके कार्यकर्ता सदस्य बनाकर भाजपा परिवार को विस्तार दें। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में नारीशक्ति, युवा, छात्र, किसान सभी सहभागी हुए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सह संयोजक अखिलेश रैकवार, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, आनन्द पटेल, बृजेश पांडेय, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, राघव अग्रवाल, अश्विनी अवस्थी, विकास पाण्डेय, विनय उपाध्याय, भगवानदीन, विनोद पाण्डेय, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, मोहनदास, प्रदीप सिंह, रामप्रताप, श्रद्धांशु आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को 10 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा 1 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को 10 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।
उल्लेखनीय है कि सरैंया चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह तथा आरक्षी विनोद यादव, राजमंगल बिंद द्वारा मुस्लिमपुर रोड के पास से मुकेश कुमार वर्मा निवासी बहादुरपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक ट्राली बैम में 10 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी ने पूंछताछ में बताया कि वह यह गांजा सतना मध्य प्रदेश से लाया है तथा कानपुर ले जा रहा था। बरामद गांजे की कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये करीब है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

समीक्षा बैठक में 137 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने लिया हिस्सा

जन एक्सप्रेस। कालपी

शासन के द्वारा नैनिहालों तथा बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की वास्तविकता को जांचने के लिए कालपी नगर एवं महेवा ब्लाक के 137 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
ब्लॉक संसाधन केंद्र में महेवा स्थित हरीगंज कालपी कार्यालय में एआरपी हरिओम द्विवेदी तथा राजकुमार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में एबीएसए सुनील कुमार राजपूत ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्य सूची का प्रचार प्रसार करने तथा प्रत्येक बच्चे की एसेसमेंट कर कक्षा कक्ष मतोलिका अध्याबधिक की समीक्षा की गई। संदेशिक बुक्स, मैथ्स किट्स, शिक्षक डायरी, प्रिंट स्वि सामग्री आदि को उपलब्धता के अलावा दीक्षा के माध्यम से ट्रेनिंग कोर्सेज पूर्ण किये जाने की समीक्षा की गई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के मूलभूत अवस्थापना संबंधी 19 पैरामीटर्स पर संतृप्तीकरण की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। समावेशी शिक्षा के तहत समर्थ रूप से दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति, नवभारत साक्षरता, संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बच्चों को जागरूक करने की भी समीक्षा हुई। बैठक में सामुदायिक सहभागिता तथा मध्यान्ह भोजन की भी समीक्षा की गई। बैठक में कुलदीप शर्मा, बृजभूषण तिवारी, रामकुमार मिश्रा, अरविंद यादव, अब्दुल खालिक के अलावा 137 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने हिस्सा लिया।

बकाया मांगने पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति संग की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/जालौन। दूध के बकाया रुपये मांगने पर तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी हरगोविंद ने पुलिस को बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उनके मोहल्ले के ही गोलू उनके यहां से दूध लेते हैं। दूध रुपये बाकी होने पर शनिवार की शाम वह उनके यहां रुपये मांगने के लिए गया। जिस पर उन्होंने कुछ देर बाद आने को कहा। रात में जब वह पुनः उनके यहां रुपये मांगने के लिए गया तो उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने पिता कुन्नू और अपने साथी पुथुआ को बुला लिया। तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के बाद उन्होंने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।

सकारात्मक माहौल तैयार करने के लिए बीएसए का सम्मान करेंगे शिक्षक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के आगमन के तीन माह के अंदर ही जनपद में शैक्षिक वातावरण का सृजन हुआ है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षकों से मीटिंग करके उनको प्रेरित करते हुए शिक्षकों के मन से नकारात्मकता को समाप्त करके सकारात्मकता का सृजन किया है, जबकि पूर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने अपने दो वर्ष में कभी शिक्षकों से संवाद नहीं किया, नियमविरुद्ध आदेशों द्वारा शिक्षकों का उत्पीडन और भ्रष्टाचार किया, जो दण्डात्मक कार्रवाई उच्च स्तर से बहाल होनी चाहिए, उनको पैसा लेकर स्वयं बहाल किया, उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार और शासनादेश के उल्लंघन की शिकायत की जॉच संयुक्त शिक्षानिदेशक प्रयागराज द्वारा की जा रही है। पूर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के भ्रष्टाचार के कारण जनपद का शैक्षिक माहौल खराब हुआ था, जिसको पटरी पर लाने का काम वर्तमान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा किया जा रहा है।
उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि जनपद के लगभग पांच सौ शिक्षक जिन्होंने पूर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की मंशा की पूर्ति नहीं की या जिनका कोई जुगाड, प्रभाव नहीं था, उनके प्रत्यावेदन का निस्तारण पूर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा नहीं किया गया था, जिससे शिक्षक बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाकर हताश और परेशान थे। ऐसे ईमानदारी की राह पर चलने वाले शिक्षकों के प्रत्यावेदन का नियमसंगत निस्तारण वर्तमान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा करके शिक्षकों को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर विश्वास स्थापित करने का काम किया गया है।
वर्तमान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की मंशा है कि न भ्रष्टाचार करेंगे न किसी को भ्रष्टाचार करने देंगे। शासन द्वारा प्रदत्त समस्त योजनाओं का लाभ बिना किसी भ्रष्टाचार और गुणवत्ता में समझौता किये गरीब बच्चों तक पहुंचाना वर्तमान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की प्राथमिकता में हैं। यदि किसी भी विभागीय कार्य में शासन द्वारा प्राप्त विभिन्न मदों में आपकी कार्यवाई बहाली, चयन वेतनमान और अन्य सेवा सम्बन्धी समस्याओं में कार्यालय का कोई कर्मचारी या कोई दलाल कमीशन या सुविधा शुल्क की बात करें तो तुरंत अवगत कराएं, जिससे ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करवाई जा सके।
ईमानदार होना भी आज के युग में अभिशाप हो सकता है और जब कोई ईमानदार व्यक्ति किसी की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता तो उस ईमानदार व्यक्ति को अपनी ईमानदारी और सिद्धांत के लिए बडी कुर्बानी भी देनी पड सकती है। इसलिए यदि आप सभी शिक्षक साथियों को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की ईमानदारी पर भरोसा हो तो उनके सम्मान और सिद्धांत की रक्षा के लिए आपको पहले से भी अधिक समर्पण, ईमानदारी और मेहनत से काम करना होगा, अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाना होगा।

बिजली विभाग ने 87 बकायादारों के काटे कनेक्शन, 14लाख रुपए की वसूली की

जन एक्सप्रेस/जालौन। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में वाणिज्य बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें 87 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान विभाग ने बकाएदारों से 14 लाख रुपये भी वसूले। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश व अधिशाषी अभियंता महेंद्रनाथ भारती के नेतृत्व में एसडीओ रामसुधार, अवर अभियंता नवीन कंजोलिया द्वारा नगर में वाणिज्य बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलरया गया। बाजार बैठगंज, बालमभट्ट आदि मोहल्लों में डोर टू डोर जाकर बकाएदारों को देखा गया। अभियान के दौरान 87 बकाएदारों के बिजली संयोजन विभाग ने काट दिए। जिनका बकाया लगभग 31 लाख रुपये थे। इस दौरान बकाएदारों से वसूली भी गई। जिसमें 14 लाख रुपये की वसूले गए। अधिशाषी अभियंता महेंद्रनाथ भारती ने बताया कि 87 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए साथ ही 14 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई।

चित्रकूट में पितृ मोक्ष के लिए आचार्य मनीष भाई वृंदावन की भागवत कथा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दास हनुमान मंदिर श्रीधर धाम के कथा पांडाल में चल रही श्री धाम वृंदावन के युवा कथावाचक आचार्य मनीष भाई ने सप्तम स्कंध में भक्तराज प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा को विस्तारपूर्वक सुनाया। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के कथानक के माध्यम से धर्म, त्याग, भक्ति तथा निस्पृहता आदि की चर्चा करते हुए मानव धर्म, वर्ण धर्म और स्त्री धर्म का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया।
श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात युवा कथावाचक मनीष भाई इन दिनों भव्य सहस्त्र श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं पितृ मोक्ष के लिए चित्रकूट में आयोजित श्रीमद भागवत कथा की व्यास पीठ से देश भर से आए श्रोताओं और स्थानीय लोगों ज्ञान वर्धक भागवत कथा श्रवण करा रहे हैं। कथा वाचक ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।
कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए कथा वाचक ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया।

अपर जिलाधिकारी ने किया रसिन बांध का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद में विगत 2 दिवस से अनवरत भारी वर्षा हो रही है, जिस कारण सभी जलाशयों के जलस्तर में अनापेक्षित रूप से भारी वृद्धि हो रही है। रसिन बांध की जल संग्रहण क्षमता का स्तर अधिकतम 142 मी निर्धारित है। जिसके सापेक्ष रविवार का जलस्तर 141.30 मी है। साथ ही निरन्तर वृद्धि भी हो रही है। बढते जल स्तर को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम को निर्देशित किया कि रसिन बाध का मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखे। स्थलीय निरीक्षण के समय सहायक अभियंता ने बताया कि बांध के गेटों को खोले जाने पर बांध का पानी बानगंगा नदी के माध्यम से बागे नदी में समाहित होगा। अपर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि जो ग्राम पंचायतें नदी के किनारे बसे हुए हैं, उनमें मुनादी, अन्य माध्यमों से समस्त ग्राम वासियों को सुरक्षित रहने के लिए सुचित करें। सभी को अवगत करायें की कोई भी व्यक्ति अथवा मवेशी नदी के किनारे न जाने पायें ताकि किसी प्रकार के अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि आप लोग समय पर जल स्तर को देखते रहे। साथ ही सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करते रहें। उन्होंने थाना प्रभारी भरतकूप से दूरभाष पर वार्ता कर निर्देशित किया कि भ्रमणशील रहकर देखते रहे। इस मौके पर सहायक अभियंता सर्वजीत कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

अश्विनी श्रीवास्तव बने चित्रकूट जिलाध्यक्ष, पत्रकारों के हितों की सुरक्षा पर रहेगा जोर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने अश्विनी श्रीवास्तव को चित्रकूट जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। अश्वनी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर पत्रकारों के हितों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही कहा कि पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए संघ कडी मेहनत करेगा।
नए जिलाध्यक्ष अश्विनी श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन पूरी शक्ति के साथ पत्रकारों के साथ हो रहे किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगा। कहा कि अगर जरूरत पडी तो संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सडक से संसद तक लडाई लडने से पीछे नहीं हटेगा। पत्रकारों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा और हर मंच पर उनकी आवाज को मजबूत तरीके से रखा जाएगा। अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने अश्वनी श्रीवास्तव को यह जिम्मेदारी सौंपी और उम्मीद जताई कि वह जिले में पत्रकारों के हितों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरे समर्पण के साथ काम करेंगे। कहा कि संगठन पत्रकारों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा, जहां उनकी समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें सुरक्षा का अहसास होगा।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	31°C	25°C
कानपुर	32°C	25°C
देहरादून	29°C	20°C
नई दिल्ली	35°C	26°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । सोमवार । 30 सितंबर 2024 | 03

सीएम योगी ने की बाढ़ प्रभावित 11 जिलों की समीक्षा अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के दिये निर्देश

- महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा को लेकर सीएम ने की समीक्षा
- कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर में मौजूदा स्थिति पर सीएम ने की समीक्षा
- सीएम ने दिये निर्देश अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें, प्रभावित लोगों को हर सम्भव सहायता मुहैया कराएं
- बोले, आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपए की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान की जाए
- जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान की जाए: सीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पिछले तीन दिनों से खराब मौसम की वजह से हो रही बारिश और पहाड़ों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 11 जिलों में बाढ़ के हालातों की समीक्षा की। उन्होंने सभी 11 जनपद क्रमशः कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाजहांपुर के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर राहत कार्यों में नजर रखने और तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता मुहैया करायी जाए। सीएम योगी के निर्देश पर सभी प्रभावित जनपदों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है उन्हे तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में युद्धस्तर पर राहत कार्यों किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। वहीं प्रिपोजिसंड नावों की संख्या 42 है जबकि रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात किया गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसी तरह महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 45 लोग रह रहे हैं। एक नाव के जरिये राहत कार्य को अंजाम दिया जा रहा है जबकि प्रिपोजिसंड नावों की की संख्या 55 है। यहां रविवार को 2095 लंच पैकेट वितरित किए गये। रेस्क्यू कार्य के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात किया गया है। वहीं जल स्तर बढ़ने के कारण 45 लोगों को बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया है। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। यहां 14 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। यहां पर राहत कार्यों के लिए 26 नावों को लगाया गया है। यहां रविवार को 550 खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई। वहीं रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम तैनात है।

बलिया में 200 खाद्यान्न सामग्री और 1,200 लंच पैकेट वितरित किये गये

राहत आयुक्त ने बताया कि बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं जबकि 5 गांवों में कटान हो रहा है। वहीं 9 गांव की सिर्फ कृषि प्रभावित है।वर्तमान में जलभराव के कारण 8300 लोग प्रभावित हैं। यहां 71 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। इनमें से 3 का संचालन हो रहा है। वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 700 लोग रह रहे हैं। यहां पर राहत कार्यों के लिए 15 नावों को लगाया गया है जबकि प्रिपोजिसंड नावों की संख्या 202 है। यहां रविवार को 200 खाद्यान्न सामग्री और 1,200 लंच पैकेट वितरित किये गये। वर्तमान में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 1-1 टीम तैनात है। फर्रुखाबाद में 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। वर्तमान में जल भराव के कारण 350 लोग प्रभावित हैं। यहां 24 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। वहीं राहत कार्यों के लिए 2 नावों को लगाया गया है जबकि प्रिपोजिसंड नावों की संख्या 15 है। वर्तमान में पीएसी की 1 टीम जनपद में तैनात है। गोंडा में घाघरा नदी के 1 तहसील के 3 गांव प्रभावित हैं। वर्तमान में जल भराव के कारण 452 लोग प्रभावित हैं। यहां 31 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। वहीं राहत कार्यों के लिए 3 नावों को लगाया गया है जबकि प्रिपोजिसंड नावों की संख्या 92 है। यहां रविवार को 260 लंच पैकेट वितरित किए गये है। वर्तमान में एसडीआरएफ और पीएसी की एक एक टीम तैनात है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है।

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो से मिला होटल इंडस्ट्री को बूम

- 50 फीसदी से अधिक हुई कारोबार में बढ़ोतरी, योगी सरकार की पहल को बताया खास
- योगी सरकार के साथ ही ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री ने भी की इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी
- बड़ी संख्या में ट्रेड शो में शामिल होने आए विजिटर्स ने होटल्स में कराई बुकिंग, सारे बड़े होटल्स हुए फुल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो से न केवल एक्जिबिटर्स के कारोबार को बूम मिला, बल्कि ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री को भी जबरदस्त बूम मिला। होटल इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों ने बताया कि पांच दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो से इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास के होटलों के कारोबार में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई। एक्जिबिटर्स ने तो प्रदेश की योगी सरकार की ट्रेड शो जैसी पहल की सराहना की ही, बल्कि होटल इंडस्ट्री के लोग भी प्रदेश सरकार की इस पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं। बड़ी संख्या में इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा बनने पहुंचे एग्जीबिटर्स और विजिटर्स ने ग्रेटर नोएडा स्थित होटल्स में बुकिंग कर रखी है। इसके चलते लगभग सभी बड़े होटल्स पूरी तरह फुल हो गए है। इसलिए यहां आने वाले कई देश और विदेश के कई आगंतुकों को ग्रेटर नोएडा के अलावा नोएडा और दिल्ली में होटल्स की बुकिंग करनी पड़ी है। इंडिया एक्सपो मार्ट जनपद गौतमबुद्ध नगर का प्राइम लोकेशन है। यहां तरह-तरह के बड़े आयोजन होते रहते हैं। उसी क्रम में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित किए गए पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन 25 सितंबर से शुरू हुआ था, जिसका समापन रविवार यानी 29 सितंबर को हुआ। ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री भी आए थे। जिस तरह सरकार ने इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफलतम आयोजन के लिए व्यापक तैयारी की थी, वहीं ग्रेटर नोएडा होटल इंडस्ट्री ने भी इसको लेकर काफी तैयारी की थी। ट्रेड शो इंटरनेशनल लेवल का आयोजन होता है और यहां प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों से भी एक्जिबिटर्स आते हैं और लाखों की संख्या में बायर्स आते हैं, जिनमें देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों के भी बायर्स शामिल होते हैं। इसीलिए इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास सहित पूरे ग्रेटर नोएडा के होटलों में भीड़ रहती है। वहीं नोएडा और राजधानी दिल्ली के होटलों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ देखने को मिलती है। लिहाजा ट्रेड शो के आयोजन से एक्जिबिटर्स के साथ ही होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में भी कारोबार बढ़ाने को लेकर खास रुचि देखी गई और उनका उम्मीद से ज्यादा कारोबार हुआ, इसीलिए होटल इंडस्ट्री के लोगों ने भी प्रदेश की योगी सरकार की इस पहल की जमकर सराहना की।

फास्ट फॉरवर्ड

इन्टरनेशनल ट्रेड शो में दीदियों के उत्पादों को मिली ग्लोबल पहचान: केशव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेन्टर एवं मार्ट मे इंटरनेशनल ट्रेड शो में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी 75 जनपदों में गठित समूहों के द्वारा प्रतिभाग किया गया ।इन समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं उसका विपणन भी इस ट्रेड शो में किया गया।आजीविका मिशन के स्टालों पर पर भारी भीड़ रही।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इस ट्रेड शो में आने वाले समूह की दीदियों को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन हेतु एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को एक अच्छा बाजार मिलने की भी संभावना बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे दीदियों के उत्पादों के व्यापार व सम्भावनाओं के मामले में ग्लोबल पहचान मिली है। देश, दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के हुनर को प्रदर्शित किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन आज यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के अंतिम दिन इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे लोगों ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं समूह गठन की प्रक्रिया, टेक होम राशन, बीसी सखी, विद्युत सखी एवम बालिनी आदि के संबंध में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा मिशन से जुड़ने की इच्छा प्रकट किया। समूहों द्वारा उत्पादित उत्पाद मसाले, मुरब्बा, अचार, परिधान, जरी जरदोजी आदि का क्रय भी बड़ी मात्रा में किया गया। अंतिम दिवस राकेश सचान कैबिनेट मंत्री एमएसएमई द्वारा इस ट्रेड शो का समापन किया गया इसके पूर्व मंत्री द्वारा समूहों तथा हस्तशिल्पियों, प्रतिभाग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया।आजीविका मिशन की तरफ से संयुक्त मिशन निदेशक अरविंद कुमार तथा जय बाला जी वृद्धा महिला स्वयं सहायता समूह, जनपद उन्नाव को ट्रेड शो में उत्पादों की सर्वाधिक बिक्री होने पर तृतीय स्थान प्राप्त होने के पर सम्मानित किया गया।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद बनायेगी एक करोड़ सदस्य: राय

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद कार्यालय गोमतीनगर में सैकड़ो लोगों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। प्रमुख रूप से वाराणसी के शनि देव पीठाधीश्वर कन्हैया महाराज ने सदस्यता ग्रहण की। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने उन्हें धार्मिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया एवं लखनऊ के युवा हिमांशु धवन को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त करते हुए कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में जहां हिंदुओं की संख्या विलुप्त होती जा रही है। बहुत गंभीर विषय है और भारत में केरला के वर्तमान में जो मुस्लिम लीग पार्टी है उसने हिंदुओं के प्रति जो आज खुला प्रदर्शन किया है वह देश हित में उचित नहीं है।

सहकारिता आंदोलन व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। जनरल इंश्योरेंस कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की आज सालाना मीटिंग हुई, जिसमें भावी कार्यक्रमों को लेकर मंत्रणा हुई।सोसाइटी के उपसभापति जीएस सिंह ने बताया कि जनरल इंश्योरेंस इंप्लाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ की 46 वीं वार्षिक सामान्य बैठक हरि ओम मंदिर में हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में त्रिलोक सिंह महासचिव जीआईईएआईए तथा दर्शन वधवा सेक्रेटरी जनरल जीआईईए आईए क्लास 1 उपस्थित रहे।समिति के सचिव अनिल कुमार वर्मा ने सदस्यों को 14 फीसदी प्रतिशत लाभांश देने की सोसाइटी के निर्णय की जानकारी दी।चीफ गेस्ट त्रिलोक सिंह ने कहा, सहकारिता आंदोलन तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने इस दिशा में बढ़चढ़कर काम करने की अपील करते हुए सार्वजनिक बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के वेज रिवीजन के संबंध में संघर्ष से अवगत कराया। दर्शन कुमार वधवा ने कहा, लखनऊ की सोसाइटी अनेक लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है।

दीनदयाल स्पर्श स्कालरशिप योजना की परीक्षा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। आधुनिक युग में बच्चों में अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से डाक विभाग की दीनदयाल स्पर्श योजना %स्कालरशिप फॉर प्रमोशन ऑफ एप्टीट्यूड एंड रिसर्च इन स्टैम्प एज ए हॉबी%के नाम से यह छात्रवृत्ति योजना चल रही है। योजना कक्षा छह से नौ तक के बच्चों के लिए है।सीपीएम जीपीओ सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि आज प्रथम चरण के अंतर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा दीन दयाल स्पर्श योजना-2024-25 का आयोजन लखनऊ जीपीओ में संपन्न हुआ,जिसमें लखनऊ के विभिन्न स्कूलों आनन्द राम जयपुरिया, माडर्न स्कूल, नवयुग रेडियंस,महर्षि विद्या मंदिर, सीएमएस,बाल विद्या मंदिर, सिटी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 6,7,8और 9 के 93 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

लोकसभा में सपा को मिलेंगी दो फ्रंट सीटें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा मेंसमाजवादी पार्टी को दो आगे की सीटें मिलने वाली हैं। अखिलेश यादव के साथ एसपी का कोई अन्य सांसद भी सामने वाली सीट पर बैठेगा। कांग्रेस को चार और डीएमके को एक सामने की सीट मिलेगी। कांग्रेस की फ्रंट सीट पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बैठेंगे। उनके अलावा गौरव गोगोई, कोडिकुन्निल सुरेश और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल फ्रंट सीट पर बैठा करेंगे। लोकसभा में अखिलेश यादव के साथ आगे की सीट पर और एक सांसद बैठेगा। अब तक लोकसभा में स्थायी सीटों का आवंटन नहीं किया गया था। अखिलेश यादव अपने साथ फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद को बैठाते थे। अखिलेश यादव ने बीजेपी को चिढ़ाने के मकसद से अवधेश प्रसाद को अपने बगल बैठाया था। इस बार लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट पर बीजेपी की हार हुई है।बावजूद राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा बीजेपी के लल्लू सिंह को अवधेश प्रसाद के आगे हार का सामना करना पड़ा।अखिलेश ने फैजाबाद की सामान्य सीट पर भी दलित चेहरे अवधेश प्रसाद को उतारा था। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में अब दलितों में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। बीएसपी के कमजोर पड़ने के बाद वोटबैंक पर एसपी की निगाहें हैं। लोकसभा सत्र के दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों ने अवधेश प्रसाद को आगे करके बीजेपी को घेरने की कोशिश की।विपक्ष लोकसभा का डिप्टी स्पीकर बनाने को लेकर आगे आ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने 240 सीटें जीती हैं। टीएमसी को फ्रंट सीट मिल सकती है। सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर अभी चर्चा चल रही है। लोकसभा सत्र के दौरान अखिलेश यादव ने कई बार अवधेश प्रसाद के कंधे पर हाथ रखकर बीजेपी पर तंज कसा।इस बार लोकसभा चुनाव से पहले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से माना जा रहा था कि बीजेपी को इसका फायदा मिलेगा। चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा ही नहीं रहा। दलित चेहरे को आगे करने का फायदा भी अखिलेश को मिला। बीएसपी का उम्मीदवार कमजोर होने की वजह से दलित वोट एसपी मे काफी शिफ्ट हो गया।

पूर्वांचल के विकास का खाका तैयार करेंगे शिक्षाविद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्वांचल विकास बोर्ड शिक्षाविदों के सहयोग से विकास का खाका तैयार करने जा रहा है। एक अक्तूबर को गोण्डा के जिला पंचायत सभागार में होने वाली बोर्ड की बैठक में शिक्षाविदों की तैयार चार अध्ययन रिपोर्ट्स पर विचार-विमर्श किया जाएगा।यह बैठक बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में होगी। सुझाव के तौर पर पेश की जाने वाली रिपोर्ट में कृषि में नई तकनीकों के इस्तेमाल, कृषि में आय बढ़ाने और गांव स्तर पर भंडारण सुविधा बढ़ाने के उपायों का जिक्र होगा।नियोज?न विभाग के विशेष सचिव पुलकित खरे के पत्र पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चार अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सात प्रोफेसरों को सौंपी थी। अब नियोजन विभाग ने चारों रिपोर्ट्स की प्रतियां मांगी हैं शिक्षाविदों से अपनी रिपोर्ट के साथ बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।पूर्वांचल में जल की बहुलता के परिप्रेक्ष्य में मत्स्य पालन की संभावनाओं का पूर्ण उपयोग करने के संबंधित अध्ययन रिपोर्ट की जिम्मेदारी तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के शस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो.श्रीश कुमार सिंह को सौंपी गई थी। पूर्वांचल में खेती को पशुपालन, मुर्गी पालन तथा डेयरी से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि के उपाय सुझाने की जिम्मेदारी तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के पशुपालन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार पाल और अर्थशास्त्र विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष प्रो. आरएन ओझा को सौंपी गई थी। पूर्वांचल के किसानों को नई तकनीकी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उपाय सुझाने के लिए तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के कृषि प्रसार विभाग के अध्यक्ष प्रो. एनके मिश्रा व पीजी कॉलेज गाजीपुर के कृषि रसायन विभाग के प्रो. अवधेश कुमार सिंह को तथा पूर्वांचल में गांव स्तर पर गोदामों की उपलब्धता कराने के संबंधित उपाय सुझाने के लिए अवकाश प्राप्त शिक्षक डॉ. जगदीश सिंह तथा तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर के प्रो. एनके मिश्रा को सौंपी गई थी।

मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से हो रही निगरानी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये।

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का जन्म पंजीकरण अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का अब जन्म पंजीकरण अनिवार्य है। शासन के निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए बीएसए को दिशा-निर्देश दिए हैं। बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नंबर व आधार कार्ड संख्या निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना होगा।परिषदीय विद्यालयों में पिछले दिनों आधार कार्ड अनिवार्य किया गया था, क्योंकि आधार से अटैच खाते में ही बच्चों के लिए ड्रेस, बैग, जूता-मोजा का पैसा भेजा जाता है। बच्चों के व उनके अभिभावकों के आधार बनवाने में ही प्रधानाचार्य व शिक्षकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी है। काफी बच्चों के अभिभावकों के आधार कार्ड नहीं बन सके हैं। इससे काफी बच्चे डीबीटी से छूटे हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के मुताबिक सभी विद्यार्थियों का जन्म पंजीकरण कराने की कार्यवाही प्रधानाचार्य व प्रभारी सत्र की शुरुआत में ही करेंगे। हर विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड संख्या पोर्टल पर भी अंकित करेंगे। वहीं शिक्षकों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक साल के बाद एफीडेविट लगता है। शुल्क भी देना होता है। इसके लिए बजट कहां से आएगा और नगर निगम व अन्य कार्यालय के चक्कर कौन लगाएगा। विभाग की ओर से आधार बनवाने के निर्देश भी पूर्व में दिए गए और इसके लिए कोई सुविधा नहीं दी गई।

प्रेम प्रसंग में महिला हुई थी हत्या, पुलिस ने तीन को किया गिरफ़्तार, भेजा जेल

- पुलिस ने आरोपियों के पास से ईश्रम कार्ड, वोटर कार्ड, एक फोटो, टूटा मोबाइल फोन, स्प्लेंडर बाइक की बरामद

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकड़रिया खूर्द गांव के पास कार्बी के खेत में अर्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिला था, इटौंजा पुलिस ने को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। रविवार को लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन एडीसीपी जितेन्द्र दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिला की हत्या का खुलासा कर दिया। बता दें कि दिनांक 27.09.2024 को ग्राम अकड़रिया खूर्द के खेत में एक अज्ञात महिला का शव इटौंजा पुलिस को मिला था। जिसकी शिनाख्त के लिए वादी निवासी ग्राम सैदापुर थाना माल द्वारा अज्ञात शव की शिनाख्त पत्नी के रूप में करते हुये दिनांक 29.09.24 को पत्नी का प्रेम प्रसंग मोनू के साथ होना एवं मोनू द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर प्रेम प्रसंग में उसकी हत्या कर शव को छिपा देने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर इटौंजा पुलिस ने थाना पर मु0अ0सं0 155/24 धारा 238/103(1) 70(1)बीएनएस पंजीकृत कर लिया था। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने बताया कि रविवार 29.9.2024 को मुखबिर की खास सूचना पर इटौंजा माल रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास से स्प्लेंडर बाइक सवार तीनों आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी मोनू रावत ग्राम हरदा कालोनी मूल पता ग्राम अकड़रिया खुर्द उम्र करीब 20 वर्ष, करन कश्यप निवासी ग्राम अकड़रिया खुर्द उम्र करीब 19 वर्ष, करन निवासी ग्राम राजापुर उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार तीनों व्यक्ति आपस में दोस्त हैं और मुख्य मोनू का प्रेम प्रसंग 6 माह पूर्व से मृतका से चल रहा था एवं बातचीत भी होती थी। प्रेम प्रसंग के दौरान मोनू द्वारा अपने दोस्तों के साथ मिलकर महिला पत्नी की हत्या कर शव को अकड़रिया खुर्द स्थित कार्बी (चरी के खेत) मे छिपाने की बात गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताई। आरोपियों की निशान देही पर मृतक महिला का ई श्रम कार्ड, वोटर कार्ड, एक फोटो, मृतका का टूटा मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

महिला की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

क्राइम सर्विलांस टीम (डीसीपी उत्तरी) उ0नि0 विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी सर्विलांस क्राइम टीम उत्तरी लखनऊ,हे0का0 नदीम,हे0का0 आजम खान, हे0का0 अवधेश गिरि ,हे0का0 वीर सिंह सर्विलांस सेल,हे0का0 संतोष कुमार,हे0का0 अमित कुमार गौतम तथा थाना इंटौजा पुलिस टीम, इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राहुल तिवारी,उ0नि0 धीरेन्द्र राय,उ0नि0 प्रवीन कुमार,उ0नि0 रमेश सिंह यादव,हे0का0 फरीद अहमद,का0 अमित चोपड़ा,का0 रवि कुमार सभी ने तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया।

नगर विकास मंत्री ने किया मॉडल वेंडिंग जोन का निरीक्षण

- वेंडिंग जोन की हो नियमित साफ़ सफ़ाई और रखी जाये डस्टविन: शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर विकास एवम् ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ नगर निगम द्वारा आईजीपी चौराहा, विभूति खण्ड में विकसित किए गए मॉडल वेंडिंग जोन का रविवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस वेंडिंग जोन को नागरिकों और वेंडर के लिए और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। वेंडिंग जोन की नियमित साफ़ सफ़ाई कराने तथा प्रत्येक वेंडर के पास डस्टविन रखवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे लोग परिचित हो, यहां पर गेट बनवाए, जिसमें इसका नाम भी लिखा हो।पहले यह वेंडिंग जोन अव्यवस्थित रूप में था, इसमे कूड़े का ढेर पड़ा रहता और ठेले वाले ठेला आदि लगते थे। इसको लखनऊ नगर निगम द्वारा व्यवस्थित रूप में विकसित किया गया है।

मध्य प्रदेश की मोंगिया गैंग के आठ सदस्य गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन से बीते कुछ माह के दौरान हुई लूट व चोरी की घटनाओं के खुलासे हो रहे हैं। इसी क्रम में लालगंज पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्तरूपसे 8 अभियुक्तों को चोरी केसामान केसाथ गिरफ्तार किया गया अपर पुलिसअधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सभी अभियुक्त पारदी मोंगिया गैंग, दतिया मध्य प्रदेश के सदस्य हैं। पकड़े गए अभियुक्तों से कुल ?31,000/-, सफेद व पीली धातु के आभूषण जिनमें 13 जोड़ी पायल, बिछुआ 20 जोड़ी, 01 जोड़ी कान की बाली, 01 अदद लाकेट, 08 अदद टन्च तथा 01 अदद तमन्चा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद तमन्चा 12 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर और 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद हुये हैं। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया श्री सिन्हा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि वह लोग मूल रूप से दतिया मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं और उन्नाव में डेरा डालकर रहते हैं और फेरी मे चूड़िया बेचने के बहाने उन्नाव के आस पास के जिले हरदोई, रायबरेली में मोटर साइकिल से जाकर घरो की रेकी करते हैं और चिन्हित घरो मे रात में चोरिया करते हैं। मौका मिलने पर दिन मे भी चोरी कर लेते हैं।

डीएम-एसपी व जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,जिला जज तरुण सक्सेना और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कारागार के अधिकारियों के साथ बंदियों से मुलाकात की और जेल में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान कारागार चिकित्सालय, बैरक, रसोई घर और सीसीटीवी कैमरों की संचालन व्यवस्था को देखा गया। उन्होंने कारागार चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन किया। जेल प्रशासन को निर्देश की भोजन सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर विचार साझा किए

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अमर शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर भाकपा के जिला कौंसिल सदस्य का0 सम्पूर्णा नन्द बागी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुँचाकर ही सच्चे लोकतंत्र और शोषण-शोषक रहित समाज की स्थापना की जा सकती है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अंग्रेजों की चाटुकारिता करने वाले और साम्प्रदायिक सोच रखने वाले लोग शहीदों के इतिहास को नष्ट कर रहे हैं। आज की शिक्षा प्रणाली में जातीयता, धार्मिक अंधविश्वास और नफरत की भावना भरने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस मौके पर भारतीय महिला फेडरेशन की जिला उपाध्यक्ष का0 यशोदा सिंह, एआईएसएफ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का0 ओंकारनाथ पाण्डेय, नौजवान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष का0 बृजेन्द्र श्रीवास्तव, और अन्य उपस्थित रहे। सभी ने शहीद भगत सिंह के आदर्शों पर चलकर शोषण-शोषक रहित समाज की स्थापना का संकल्प लिया और उनके विचारों को फैलाने की शपथ ली।

शहीदे आजम भगत सिंह के जन्म दिन पर इंकलाबी नौजवान सभा ने डा अंबेडकर प्रतिमा से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी कार्यालय पर मार्च में शामिल लोगो को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव उदय भान पटेल ने कहा कि आज भगत सिंह के विचारों की रोशनी में आगे बढ़ने का समय हैजब देश में गरीब गुरूबो को गुलामी की ओर धकेला जा रहा है महिलाएं, अल्पसंख्यकआदिवासी, दलित, किसान, नौजवान सर्वाधिक दमन और तबाही के शिकार हैं घोर दक्षिणपंथी साम्राज्यवाद परस्त सत्ता देश की संपदाओं को देशी विदेशी पूंजी पतियों को लुटा रही है। तब भगत सिंह का विचार इस अंधेरे के खिलाफ लड़ाई का हथियार है इंसाफ मंच के जिलाध्यक्षहलीम महमूद ने कहा कि काकोरी केस शताब्दी वर्ष भी चल रहा है। आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिवीरों की विरासत आज खतरे में है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के नाम पर फिरकापरस्त ताकतें सांप्रदायिक विभाजन कर मेहनतकशों की एकता को तोड़ने की साजिश कर रहीं हैं, ऐसे में शहीद रोशन सिंह, राजेंद्र लाहिड़ी, असफाक राम प्रसाद बिस्मिल, चंद्र शेखर आजाद और भगत सिंह की विरासत को उनके विचारों, त्याग और बलिदान से सीखकर बचाया जा सकता है। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित 3 सूत्रीय ज्ञापन देकर जिले में शहीदेआजम भगत सिंह और काकोरी केस के शहीदों की स्मृति में उनकी प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए शहर में किसी पार्क का शहीद पार्क के नाम से नामकरण करते हुए प्राथमिकता के तौर पर फिरोज गांधी कालोनी में लखनऊ मार्ग पर स्थित पार्क या फिरोज गांधी कालोनी में दूर संचार विभाग से कुछ मीटर आगे स्थित पार्क को आवंटित करने, रेल डिब्बा कारखाने में रिक्त पदों की भर्ती करने तथा एम्स को पूरी क्षमता से चलाए जाने की मांग की गई कार्यक्रम का संचालन गुलाम अहमद सिद्दीकी ने किया कार्यक्रम अमरदीप यादव, शिवम, कन्हैया लाल, राम गोपाल, मो अहसन आदि शामिल रहे।

खेत गए युवक का मेड़ पर मिला शव, बिजली गिरने से मौत की आशंका

जन एक्सप्रेस । अमेठी

पीपरपुर थाना क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन बिजली गिरने से मौत होने की बात कह रहे हैं। राजस्व विभाग व पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पीपरपुर थाना क्षेत्र के भदावं गांव निवासी रमाशंकर कोरी (35) शुक्रवार को बारिश से पहले फसल की निगरानी करने गए थे, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटे। शनिवार को दोपहर खेत की मेड़ पर रमाशंकर का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह जलने के निशान मिले हैं। चाचा बृजलाल ने मामले की सूचना पुलिस व राजस्व विभाग को दी। चाचा ने बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से मौत की बात कही है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ रामराज कुशवाहा ने बताया कि परिजनों ने बिजली गिरने से मौत को लेकर प्रार्थना पत्र दिया है।

एनटीपीसी ऊंचाहार की ओर से आसपास के 60 ग्रामीण बच्चों को मिले रोजगार के अवसर, जॉब लेटर पाकर खिल उठे युवाओं के चेहरे

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

एनटीपीसी ऊंचाहार ने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सीपेट (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ) के सौजन्य से संपूर्ण हुए कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद समापन समारोह के अवसर पर परियोजना के आसपास की 15 ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को जॉब लेटर देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कोर्स कम्पलीशन सर्टिफिकेट भी दिए गएइस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत प्रशिक्षण पाए हुए ये युवा केवल अपने माता-पिता व गांव ही नहीं बल्कि एनटीपीसी का नाम भी रोशन करेंगे। हमें प्रसन्नता है कि हमने इन युवाओं को जो अवसर दिया था, उसका इन्होंने भरपूर लाभ लेते हुए प्रशिक्षण पूरा किया और प्रशिक्षण के समापन पर एक अच्छी नौकरी अपने हुनर के बल पर प्राप्त की

मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्रीमती रूमा दे शर्मा ने प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कहा कि इन ग्रामीण युवाओं ने कौशल सीखकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक मजबूत कदम आगे बढ़ाया है। आज केवल यह 60 बच्चे रोजगार नहीं पा रहे हैं बल्कि 60 परिवार रोजगार के इन अवसरों को पाकर अपने जीवनस्तर को सुधारने की ओर अग्रसर हैं। हमें प्रसन्नता है कि हमने एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इन युवाओं को अवसर दिए और उन अवसरों का भरपूर लाभ लेते हुए आज यह बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैंसमापन समारोह का संचालन नैगम सामाजिक दायित्व की प्रबंधक श्रीमती स्नेहा त्रिपाठी ने किया। साथ ही उन्होंने 6 महीने तक चले इस आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में भी उपस्थितजनों को अवगत करवाया

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर जब हासिल करने वाली ऊंचाहार देहात गांव की युवा काजल विश्वकर्मा ने बताया कि ÷मैं यह प्रशिक्षण पाकर बहुत खुश हूं। एनटीपीसी ने मुझे रोजगार का यह अवसर प्रदान कर मुझमें जीवन में सफलता हासिल करने का आत्मविश्वास पैदा किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि एनटीपीसी के माध्यम से मिले इस अवसर का लाभ मुझे जीवन भर रोजगार दिलाने में मददगार साबित होगा

कौशल विकास प्रशिक्षण समापन समारोह में निदेशक (सीपेट) श्री रतन कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) जितेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री सुदेश कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) श्री आशीष गैरोला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, रायपुर के प्रधान प्रतिनिधि श्री धर्मनाथ यादव, बहेरवा प्रधान प्रतिनिधि श्री रईस व मुरारमऊ के प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहेउल्लेखनीय है कि एनटीपीसी ऊंचाहार की ओर से आसपास की 15 ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को अप्रैल 2024 में 6 महीने के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सीपेट लखनऊ भेजा गया था।

राहुल गांधी देश के लिए बहुत बड़ी बीमारी हैं: जगतगुरु परमहंसाचार्य

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। राहुल गांधी पर भड़के तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंसाचार्य, भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के नाम पर अयोध्या में नाच गाना हुआ, राहुल गांधी के इस बयान पर जगतगुरु परमहंसाचार्य ने राहुल गांधी को बताया मंदबुद्धि और सबसे बड़ा मूर्ख।जगतगुरु परमहंसाचार्य ने कहा राहुल गांधी मंदबुद्धि का आदमी है, राहुल गांधी जैसा मुर्ख आज तक कोई इस धरती पर पैदा नहीं हुआ, इसके अंदर पैदाइशी दोष भी है, इसके अंदर कुसंस्कार बहुत ज्यादा है, अयोध्या में जो भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई उसको लेकर राहुल गांधी अनाप शनाप बयान दे रहा है, उसको मेंटल हॉस्पिटल में इलाज की जरूरत है, देश की जनता को चाहिए इससे सचेत रहे।

प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान रोली सिंह ने लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई

जन एक्सप्रेस । पूराबाजार- अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान रविवार को मंडल पूरा के बूथ संख्या 352 पिलखावां कुरौली में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने कई लोगों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सदस्य बनाया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सदस्यता अभियान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।श्रीमती सिंह ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह सदस्यता अभियान सिर्फ पार्टी को मजबूत करने के लिए नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। जितने अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, उतनी ही तेजी से पार्टी के विचार और नीतियां जन-जन तक पहुंचेंगी। इसके साथ ही, श्रीमती सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को दिए जा रहे उचित प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की गारंटी पर भी जोर दिया। इसी तरह बूथ संख्या 307 पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू, बूथ संख्या 399 पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूर्व मेजर प्रदीप सिंह, और मंडल महामंत्री ओमप्रकाश यादव खानपुर में भाजपा नेता अमित तिवारी, अरुण तिवारी, और पुरसायें राघवेंद्र तिवारी ने भी लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया।

टाटा की नई गाड़ी की हुई लॉन्चिंग

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। टाटा की नई गाड़ी, कर्व यास यूवी, रविवार को सहादतगंज स्थित श्री देव व्हील्स टाटा शोरूम में लॉन्च की गई। मुख्य अतिथि महर्षि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने इसका उद्घाटन किया।शोरूम के प्रोपराइटर गौरव सिंह ने बताया कि यह 1500 सीसी की गाड़ी पेट्रोल और डीजल दोनों वर्जन में उपलब्ध है। इसकी शोरूम कीमत 10 लाख रुपये से शुरू होती है, और कंपनी ने आम लोगों के बजट का ध्यान रखते हुए इसे लॉन्च किया है। गाड़ी में सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, और यह कच्ची या टूटी-फूटी सड़कों पर भी आसानी से चल सकती है। ग्राहक शोरूम में आकर गाड़ी का टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं। 5त्र डाउन पेमेंट पर फाइनेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राजेश सिंह सहित कई पदाधिकारी और कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे।

मनरेगा में भ्रष्टाचार का बोलबाला: अयोध्या जनपद के 11 ब्लॉकों में भीषण बारिश में मनरेगा मजदूरों ने किए कार्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

पूरे देश में रोजगार देने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार प्रदान करना है, लेकिन जनपद अयोध्या के 11 ब्लॉकों में दिनांक 27 सितंबर 2024 को 9 ब्लॉकों में 2246 व 28 सितंबर 2024 को 11 ब्लॉकों में 959 और 29 सितंबर 2024 को 11 ब्लॉकों में 374 मनरेगा मजदूरों का समय 03¬02¬28 अपराह्न मे ऑनलाइन हाजिरी मनरेगा की ऑथराइज्ड वेबसाइट पर शो कर रही है जबकि पिछले दो दिनों से जिले में हो रही भीषण बारिश के बावजूद मनरेगा कार्य बिना रुके जारी। विकासखंड कार्यालय और वहां बने मनरेगा सेल की नीयत और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।जब चारों ओर पानी भरा हुआ है और फसलें खड़ी हैं, तब मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति आश्चर्यजनक रूप से बनी हुई है।भीषण बारिश में 27-28 सितंबर को अयोध्या जनपद टॉप 3 ब्लॉकों में मवई मे 836 मजदूर अमानीगंज में 448 मया बाजार मे 385 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की गई है। भीषण बारिश के बावजूद मजदूरों का काम करना कई सवाल उठाता है। क्या यह प्राकृतिक आपदा के समय सुरक्षा मानकों का उल्लंघन नहीं है? क्या मजदूरों की जान की परवाह किए बिना उन्हें काम पर लगाना उचित है?

स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी¬ इस स्थिति की जिम्मेदारी किस पर है? क्या अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि मजदूरों की हाजिरी कैसे और किन परिस्थितियों में दर्ज की जा रही है? क्या फोटोग्राफी के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना सही है, जब मजदूरों की जान जोखिम में है.? इस मामले ने यह सवाल उठाया है कि क्या सरकार और प्रशासन वाकई में मजदूरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं, या यह केवल एक दिखावा है? बारिश में कार्य करने वाले ये होनहार मजदूर अपने जीवन को जोखिम में जबकि उन पर नजर रखने वाले अधिकारियों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।इस प्रकार, जब कुदरत कहर बरपा रही है, तो प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मजदूरों की सुरक्षा और उनके कार्य की शुद्धता दोनों पर ध्यान दिया जाए। क्या यह केवल ÷करोड़ों की दिनदहाड़े डकैती÷ है, या कुछ और? यह सवाल अभी भी अनुत्तरित है। विकासखंड पूरा बाजार के ग्राम सभा जलालुद्दीन नगर में इस योजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम

इंटरनेशनल ह्यूमेन राइट्स एन्ड क्राइम कंट्रोल काउन्सिल के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही शानदार और भव्य तरीके से अयोध्या नगरी के क्रिनोस्को होटल में शुरू हुआ.आज इस पवन मौके पर संस्था की और से ह्वाॠष्टष्ट संस्था के चीफ डॉक्टर वीपी सिंह ने कार्यक्रमानुसार पहले तो देशभर से आये प्रसिद्ध कवियों का सम्मान किया. जिन्होंने इस कार्यकर्म भगवान श्रीराम के ऊपर एक से एक सुन्दर काव्य पाठ किया.अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में गजेंद्र प्रियांशु,अमन अक्षर,शशि श्रेया,इंस्पेक्टर धर्मराज उपाध्याय,दमदार बनारसी,जित्तू भईया,ऋचा सिंह जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी भावभीनी और मंगल कविता पाठ से वातावरण को भक्तिमय तो किया ही साथ ही राममय भी कर दिया कार्यकर्म में उस समय और चार चाँद लग गए जब दिल्ली से आये राम दरबार के कलाकरो ने कार्यकर्म में पंहुचकर रामदरबार की भव्य और दिव्य झांकी प्रस्तुत की.

कार्यकर्म में उत्तराखंड की धरती हरिद्वार से आये जूना अखाड़े के संतो (गुरु माँ कंचन जी महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ,दूधेश्वर पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी ,महामडलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य गिरी जी महाराज,आचार्य राकेश गिरी महाराज,श्री श्री 1008 मोरारी दस महाराज, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के राष्ट्रीय के उपाध्यक्ष योगगुरु स्वामी श्री संतोषानंद जी महाराज, महंत कृष्णदास जी महाराज) ने भी अपनी हुंकार भरते हुए भगवान श्री राम के जीवन के बारे में अपने विस्तृत विचार और ज्ञान लोगो के सामने प्रस्तुत किया.

रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में आपसी सद्भाव और उन्नति को बढ़ने के लिए गहन चिंतन किया गया. साथ ही देश को किस तरह से और मजबूत किया जाये हमारा मानसिक और बौद्धिक विकास किस तरह किया जाये इस पर भी विचार विमर्श किया गया.

हमारा देश प्राचीन काल से सनातन संस्कृति के बल पर सबसे अग्रणी रहा है वर्तमान में जो घटनाये देश में हो रही है उनसे किस तरह से निपटा जाये इस पर भी संतो ने संज्ञान लेने की बात कही.

अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे उत्तराखंड के पूर्व मुखयमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता श्री तीरथ सिंह रावत ने अपने सम्बोधन में कहा की डॉ वीपी सिंह की जितनी तारीफ की जयकं है उन्होंने विदेशो में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है.कुछ लोग तो अपने देश में भी तिरंगा हाथ में उठाने से डरते है .उनकी जितनी तारीफ की जाये कम है.आज देश में जरुरत है की हमें अस्त्र शस्त्र उठाए में भी कुशलता हासिल करनी होगी।

माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह अक्टूबर 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 04 अक्टूबर 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड सलोन में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड खीरों में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड हरचंदपुर में एवं विकासखंड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपालमेंप्रतिभागकरजनसमस्याओं कानिस्तारणकियाजायेगा।

वित्तविहीन शिक्षकों ने सरकार पर जताया भरोसा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

वित्तविहीन शिक्षक महासंघ की जनपद अयोध्या में कार्यसमिति की बैठक विमला देवी इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। संयोजक जिलाध्यक्ष रोहित मिश्र की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों से जाति और मजहब से ऊपर उठकर अपने दायित्व निभाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिक्षकों की समस्याओं को लेकर वार्ता चल रही है, और न्याय मिलने की उम्मीद है। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने भी संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में बताया गया कि 95 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षा का भार वित्तविहीन विद्यालयों पर है, जो कि सफलतापूर्वक इसे निभा रहे हैं। शिक्षकों के लिए 2016 के बजट में 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जो अब तक का सबसे अच्छा पहल था, लेकिन भविष्य की दृष्टि की कमी के कारण इसे बंद कर दिया गया है।इस अवसर पर धर्मपाल पाठक, अजीत वर्मा जिला मीडिया प्रभारी धर्मपाल पांडेय, बृजपाल वर्मा, उदयराज शुक्ला, पारसनाथ यादव, गुरु प्रसाद तिवारी, राजाराम पांडेय, त्रिभुवन सिंह, शिवाजी सिंह, महाराजगंज से सोनू कुमार पटेल विजय प्रताप सिंह संतोष कुमार पांडेय विद्या सिंह दिलीप मिश्रा सहित कई वरिष्ठ शिक्षक और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुटता और संघर्ष की आवश्यकता पर जोर दिया।

मूसलाधार बारिश से जिगिनियाँ गाँव में जलजमाव, कच्चे घरों को नुकसान

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। विकास खंड मया बाजार के अंतर्गत ग्राम सभा सराय सागर के मजरे जिगिनियाँ गाँव में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण बस्ती जलमग्न हो गई है। इस बारिश से आसिया बेगम और मुबारक अली इदरीशी के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, और दीवारें गिरने लगी हैं।गाँव के लोग इस स्थिति से बहुत परेशान हैं। दिन का समय तो जैसे-तैसे गुजर जाता है, लेकिन रात में जलजमाव के कारण जहरीले जानवरों, जैसे साँप, का डर उन्हें सता रहा है। लोग जागकर रात बिताने को मजबूर हैं।हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न ही कोई अधिकारी या जन प्रतिनिधि गाँव में आर्थिक मदद पहुँचाने आया है। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है, ताकि उनकी स्थिति पर ध्यान दिया जा सके।इस गाँव के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी अब तक नहीं मिल पाया है, जिससे उनकी कठिनाइयाँ और बढ़ गई हैं।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

मौसम पूर्वानुमान
अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.0 (+2.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.0 (+1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 60 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 32 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । सोमवार । 30 सितंबर 2024

शिक्षक पर छात्रा से छेड़खानी का लगा आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे नीट की कोचिंग मे पढ़ाने वाले शिक्षक ने अपनी क्लास की छात्रा से छेड़खानी की है। हालांकि जन एक्सप्रेस अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने शिक्षक के खिलाफ काकादेव थाने मे तहरीर दी है। तहरीर मे कोचिंग संचालक ने बताया है कि टीचर विशेष समुदाय का है और उसने अपनी ही क्लास मे पढ़ने वाली छात्रा के साथ गंदी हरकत की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि तुलसी नगर निवासी आशीष श्रीवास्तव की काकादेव कोचिंग मंडी मे नीट की कोचिंग क्लासेज चलती है और बच्चों को नीट की तैयारी कराता है। कोचिंग संचालक ने कल रविवार को काकादेव थाने मे तहरीर दी है कि 2 दिन पूर्व कोई लिफाफा उनके ऑफिस के बाहर छोड़ गया था। जिसमे एक पेन ड्राइव निकली थी। उन्होंने पेन ड्राइव कंप्यूटर मे लगाकर चेक की तो देखा कि उनके यहां बायोलॉजी पढ़ाने वाला विशेष समुदाय का टीचर एक छात्रा से अश्लील हरकत कर रहा है। संचालक ने प्रार्थना पत्र मे यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने जब अपने स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि टीचर पहले भी कई छात्राओं के साथ ऐसी हरकत कर चुका है। जिसके बाद कोचिंग संचालक ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई थी।

मजिस्ट्रेट के सामने होंगे छात्रा के बयान

इस पूरे मामले मे पुलिस ने धारा 74 बी.एन.एस. के तहत एफ.आई.आर. दर्ज करके शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बाद पुलिस ने छात्रा के बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराने की बात कही है। साथ ही पुलिस ने यह भी कहा है कि इस दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

एडीसीपी सेंट्रल ने दी जानकारी

वहीं मामले को लेकर एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो मे शिक्षक द्वारा अपने ही क्लास की छात्रा से छेड़खानी की गई थी। वीडियो वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने इसकी शिकायत काकादेव थाने मे दर्ज कराई थी ।जिसके बाद पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

त्योहारों के अवसर पर रेलवे ने बढ़ाई 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 524 विशेष ट्रेनें

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस वर्ष 01 अक्टूबर से 30 नवंबर के मध्य 524 फेरे जोन से प्रारंभ होने वाली विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। बता दें कि प्रतिवर्ष त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा विशेष गाड़ियां चलाई जाती हैं। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या मे और वृद्धि की गई है।

जानकारी के मुताबिक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या मे यात्री रेल से यात्रा करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। ये स्पेशल ट्रेनें बड़ी तादाद मे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।

पिछले वर्ष भी त्योहारों पर रेलवे ने चलाई थी विशेष ट्रेने

पिछले वर्ष भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बड़ी संख्या मे त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन जोन से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों ने कुल 189 फेरे लगाए थे। जिनके माध्यम से बड़ी संख्या मे यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। इस वर्ष यह पिछले वर्ष की तुलना मे 335 फेरे अधिक हैं। इसके अतिरिक्त इस अवधि मे 2242 फेरे पासिंग ट्रेने भी जोन के परिक्षेत्र मे पड़ने वाले स्टेशनों को सेवित करेंगी अर्थात उनकी सुविधा भी ज़ोन के यात्रियों को मिल सकेगी।

ट्रैन मे मिलेंगी कन्फर्म सीट

बता दें कि प्रति वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या मे लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। प्रति वर्ष त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों मे वेटिंग लिस्ट हो जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष त्योहारों के अवसर पर अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

बाढ़ में डूबे मृत किशोरों के परिजनों से मिलने पहुंचे बिठूर विधायक, दी आर्थिक मदद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिनों कानपुर के कटरी क्षेत्र में गंगा नदी में आई बाढ़ ने जमकर कहर बरसाया। इस बाढ़ के पानी में डूब कर दो परिवारों के घर के चिरागों ने दम तोड़ दिया। रविवार की दोपहर बिठूर विधानसभा अंतर्गत ग्राम बनियापुरवा में राजकुमार निषाद के सुपुत्र आदित्य निषाद के डूबने के कारण हुए निधन एवं मुंशीलाल निषाद के सुपुत्र रोहित के निधन की सूचना पाकर बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही साथ पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

ईश्वर दिवगंत आत्मा को शांति एवं परिजनों को यह वियोग सहने का संबल प्रदान करें। इस मौके पर साथ में जिला पंचायत सदस्य मल्लू निषाद, प्रधान डॉक्टर श्रीकांत त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सचिन तिवारी, भाई अशोक निषाद (पूर्व प्रधान), एड0 महेंद्र निषाद, प्रदीप निषाद एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

ऐतिहासिक नगरी बिठूर में ब्राह्मण संवाद मंडलीय ब्राह्मण सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी बिठूर जो कि बाजीराव पेशवा, रानी लक्ष्मीबाई तात्या टोपे और न जाने ऐसे ही अनगिनत वीर सपूतों की कर्मभूमि भी रहा है। बीते दिन रविवार को शनि देव चौराहे निकट स्थित बालाजी पार्टी लॉन में ब्राह्मण संवाद मंडलीय ब्राह्मण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित विमल तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्म वाहिनी, पंडित प्रभाकर राव पेशवा प्रपौत्र बाजीराव पेशवा, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जुलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंडित विमल कुमार तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव से ही पथ प्रदर्शक का कार्य करता चला आ रहा है। सभी ब्राह्मण भाइयों को एकजुट होकर रहने की आवश्यकता है। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपने संबोधन में कहा कि बिठूर ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी होने के साथ-साथ 1857 क्रांति के महानायक नाना साहब पेशवा रानी लक्ष्मीबाई तात्या टोपे अजीमुल्ला खां की कर्मभूमि रहा है। जब भी भारत देश पर किसी भी आक्रांत ने आक्रमण किया तो सदैव ही ब्राह्मण समाज ने उन आक्रांताओं को देश से निकलने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य पुजारी आचार्य रवि दीक्षित, गौतम शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, राजीव उपाध्याय, कार्तिक दीक्षित, प्रशांत द्विवेदी, अंश दीक्षित, अखिलेश पांडे, ओम दीक्षित, द्वारा भव्य आरती का भी आयोजन किया गया। आचार्यों द्वारा बनारस के तर्ज पर आयोजित आरती को देखकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग मंत्र मुक्त हो गए। सम्मान की कड़ी में कार्यक्रम के आयोजन राजा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ विवेक मिश्रा, आकाश दीक्षित, ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पनकी मंदिर के महंत कृष्ण दास जी महाराज, पंडित करन रावल, डॉ प्रांजल मिश्रा, डॉक्टर शोभा त्रिपाठी, डॉक्टर सरला शर्मा, पंडित मनीष पांडे पंडित अशोक पांडे, पंडित कुंवर जी तिवारी, अनूप शुक्ला, पंडित विवेक दुबे, पंडित धीरज मिश्रा, पंडित प्रदीप कुमार शुक्ला, के अलावा टीम 5200 से महेंद्र राव मोघे, पंडित अनुराग मिश्रा, विक्की द्विवेदी, लंकेश शुक्ला, अनुज मिश्रा, विनय तिवारी, रोहित द्विवेदी, वैभव द्विवेदी, चंदन तिवारी, रिशु, बंटी द्विवेदी, रोहित शुक्ला उर्फ छुट्टका, नवनीत द्विवेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बाजीराव पेशवा के प्रपौत्र ने किया पेशवा की कर्मभूमि को नमन

ब्राह्मण संवाद मंडलीय ब्राह्मण सम्मेलन के समापन के बाद बाजीराव पेशवा के प्रपौत्र प्रभाकर राव पेशवा अपने पूर्वजों की कर्म स्थली रह चुके नाना राव पेशवा स्मारक पहुंचे जहां पर उन्होंने नाना साहब के प्रतिमा को नमन व पुष्पार्चन किया। इसके बाद काफी वह पार्क के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करते रहें। इसके बाद उन्होंने नाना साहब पेशवा, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, की परामर्श स्थली का भी दर्शन किया। पार्क भ्रमण के दौरन वे संग्रहालय में भी गए। जहां उन्होंने 1857 से जुड़ी हुई ऐतिहासिक वस्तुओं को दिखा।

चोरी के सामान सहित एक आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर में बीते दिनों घर में हुई चोरी का सामान लेकर फरार चोर को कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार कए गए युवक के पास से चोरी के चांदी के आठ बिछिया, दो सिक्के, सोने के दो कंगन, दो चूड़ियां,एक सोने का हार, चोरी में प्रयोग किए गए पेचकस,लोहे की रॉड और साइकिल बरामद हुई है। शातिर चोर पर कल्याणपुर, चकेरी,किदवई नगर, बाबूपुरवा उन्नाव में दस मुकदमे दर्ज हैं। शातिर चोर अकेला साइकिल से लोहे के औजार लेकर निकलता था। शहर भर में अलग अलग स्थानों को चिन्हित कर ताला लगे घरों में चोरी करता था। पुलिस ने बताया कि बर्रा निवासी आरोपी जय किशन उर्फ जैकी, उर्फ शिवराज पासी बीते दिनों आवास विकास तीन नंबर स्थित एक बंद घर में तड़के चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गया था। शातिर चोर साइकिल से अकेले ही चोरी की घटना को अंजाम देता था। शातिर चोर को इको पार्क के पास से आज गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में आवास विकास 3 नंबर प्रभारी शैलेंद्र गिरी, दरोगा, मनमोहन सिंह,ईश्वर नारायण पाण्डेय, जय सिंह की मुख्य भूमिका रही।

नौकरी के नाम महिला से 7.46 लाख रूपए ठगे, पुलिस कर रही जांच

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली महिला को ठगों ने घर बैठे नौकरी का झांसा देकर 7.46 लख रुपए की ठगी की है। ठगों ने इंस्टाग्राम आईडी से महिला से संपर्क किया। जिसके बाद महिला ने दिलचस्पी दिखाई तो उन्हे व्हाट्सएप ग्रुप मे जोड़ दिया। झांसे के लिए महिला को थोड़ी बहुत रकम भी वापस की। जिसके बाद उन्होंने महिला को लालच देकर ठगी की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़िता ने साइबर थाने मे इस मामले को लेकर एफ.आई.आर. दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने खातों को सीज करने के लिए पत्राचार भी शुरू कर दिया है।

बता दें कि बर्रा दो हेमंत विहार निवासी नेहा तिवारी के मुताबिक उनकी इंस्टाग्राम आईडी पर घर बैठे रुपए कमाने का ऑफर मिला था। लिंक भेज कर आरोपी ने जी.एफ.एस.एल. नाम से बना व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन कराया। ग्रुप से जानकारी हुई कि इस मे जुड़े लगभग सभी लोग लाभ कमा रहे हैं। आरोपी ने उन पर भी ग्रुप ज्वाइन करने का दबाव बनाते हुए 10 हजार रु बोनस देने का झांसा दिया। रुपए दो गुना करने का लालच देकर एक ऐप डाउनलोड कराया। शुरुआत मे कुछ रुपए उन्हें मिले जिस पर उनका लालच बढ़ता गया और कई बार मे आठ अकाउंट में 7.46 लाख जमा कर दिए। बाद मे रकम मिली ही नही। जिसके बाद जब नेहा को ठगी का एहसास हुआ तो नेहा ने साइबर थाने पुलिस को इसकी जानकारी दी। नेहा ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनसे कहा कि उनके लोग दूसरी कंपनियों मे बैठे हैं और इनसाइड टिप देते हैं। जिससे निवेश करने वालों को बहुत फायदा होता है। शुरुआती दौर मे छोटी रकम निवेश पर मोटा मुनाफा देख उन्हें झांसे मे ले लिया गया और उनके साथ 7.46 लाख रूपए की ठगी कर ली। साइबर थाना प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तरह पर रिपोर्ट दर्ज की गई है खाते चीज करने की कार्यवाही की जा रही है।

ग्रीन पार्क में भारत बांग्लादेश टेस्ट मैच का तीसरे दिन का खेल भी हुआ रद्द, दर्शक मायूस होकर लौटे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत व बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच में बारिश होने से पिच गीली होने के कारण तीसरे दिन का खेल भी नहीं हो सका। रेफरी जेफ क्रो ने मैदान के अंपायरों व पिच क्यूरेटर के साथ निरीक्षण करने के बाद दोपहर को दो बजे तीसरे दिन का खेल भी रद्द कर दिया। ऐसे में अब सिर्फ दो ही दिन का खेल बाकी बचा है, इससे मैच के ड्रा होने के आसार भी अधिक हो गए हैं। ऐसे में यदि मैच ड्रा होता है तो भारत के विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह बेहद कठिन हो गई है।

सुबह से ही मौसम साफ होने के कारण दर्शकों को पूरी उम्मीद थी कि मैच होगा और वहीं रविवार को छुट्टी का दिन होने से ग्रीन पार्क स्टेडियम दर्शकों से भरे हुए थे। मैच रद्द होने के कारण दर्शकों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

सुबह रविवार को जब रेफरी निरीक्षण किया तो कई जगह आउटफील्ड गीली मिली इसके बाद उन्होंने दोपहर 2 बजे निरीक्षण की बात कही। दोपहर को 2 बजे मैच रेफरी ने मैदान के दोनों अंपायरों व पिच क्यूरेटर के साथ तीसरी बार निरीक्षण किया और मैदान फिर भी खेलने लायक नहीं होने पर तीसरे दिन का खेल भी रद्द करने की घोषणा कर दी।

मैंच रद्द होने की घोषणा सुनते ही दर्शक मायूस होकर लौटने लगे।

फिर से मिला भीमसेन रेलवे लाइन पर एक्सटिंग्विशर सिलेंडर, लोको पायलट ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तरप्रदेश के कानपुर जिले मे एक बार फिर से शरारती तत्वों द्वारा ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया गया है। मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के रूट पर भीमसेन रेलवे लाइन के पास बीते दिन रविवार तड़के फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडर मिला है। जिसको देखकर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। जिसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और खुफिया एजेंसी सक्रिय हो गई है।

बता दें कि बीते दिन रविवार को फिर से मुम्बई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस को गोविंदपुरी भीमसेन रेलवे लाइन के रूट पर सुबह तड़के 4:00 बजे फायर एक्सटिंग्विशर रखकर ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया गया। लेकिन लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। नीचे उतर कर देखा तो लाल रंग का सिलेंडर मिला। इस पर सफेद पेंट से एस.एस.ई. कैरिज एंड वैगन लिखा था। एक्सटिंग्विशर को रेलवे अधिकारी को सौंपने के बाद ट्रेन 4:19 बजे आगे बढ़ गई। इस मामले मे रेलवे का कहना है कि सिलेंडर ट्रेन से गिर गया होगा या गिरा दिया होगा। इससे मामले मे कोई एफ.आई.आर. नही दर्ज कराई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही खुफिया एजेंसी सक्रिय हो गई है। इससे पूर्व इसी रूट पर बीती 16 अगस्त की रात को भीमसेन स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गई थी जबकि आठ सितंबर को कानपुर कासगंज रूट पर कालिंदी एक्सप्रेस के आगे भरा हुआ एल.पी.जी. सिलेंडर रखा गया था। यहां पर ट्रैक के किनारे पेट्रोल और बारूद भी मिला था। पिछले शनिवार को कानपुर फतेहपुर रेलवे लाइन पर प्रेमपुर स्टेशन की लूप लाइन पर 5 लीटर क्षमता का खाली एल.पी.जी. सिलेंडर मिल चुका है। सभी मामलों मे पुलिस, आर.पी.एफ. और खुफिया एजेंसियां जांच कर रहीं हैं।

एच.टी. लाइन का तार गिरने से युवक बाइक छोड़कर भागा, बाइक बनी आग का गोला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुजैनी थाना अंतर्गत रविदासपुरम इलाके मे रविवार रात एक बड़ा हादसा होने से बच गया। रविदासपुरम मे बीते दिन रविवार रात दादानगर से ड्यूटी करके बाइक से घर जा रहे युवक की बाइक के ऊपर एच.टी. लाइन का तार टूट कर गिर गया। तार टूटने के दौरान किसी तरह भाग कर युवक ने अपनी जान बचाई लेकिन बाइक मे भीषण आग लग गई। बाइक मे आग लगता देख आसपास इलाके मे हड़कमप मच गया। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायरब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर सिलेंडर के जरिये आग पर काबू पा लिया। बता दें कि गुजैनी थाना अंतर्गत गुजैनी गाँव मे शिव बाबू अपनी पत्नी और दो बच्चे विशेष और रौनक के साथ रहता है। शिव बाबू दादानगर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री मे काम करता है। शिव बाबू ने बताया कि रोज की तरह वह कल भी दादानगर ड्यूटी के लिए बाइक से गया था। रात मे ड्यूटी खत्म करके वह वापस बाइक से अपने गुजैनी स्थित घर के लिए लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर स्थित नॉस्ट्रम हॉस्पिटल के सामने शिव बाबू पहुँचा ही था कि तभी वहां से गुजर रही एच.टी. लाइन का तार टूट कर बाइक पर गिर गया। जिसके बाद शिव बाबू ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई लेकिन तब तक उसकी बाइक मे भीषण आग लग गई। आग लगता देख आसपास इलाके मे हड़कमप मच गया और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर टीम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नॉस्ट्रम हॉस्पिटल मे लगे फायर सिलेंडर के माध्यम से किसी तरह आग पर काबू पाया।फिलहाल किसी भी तरह की इस दौरान कोई जनहानि नही हुई।

छपेड़ा पुलिया के पास युवक का मृत अवस्था में मिला शव हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र के छपेड़ा पुलिया के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शव की उम्र लगभग 40 से 50 वर्ष के बीच है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव के पास कोई पहचान पत्र या अन्य सामग्री नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी के मामलों की पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि शव की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि शव कहीं से लाकर यहां पर डाला गया है।

कल्याणपुर में युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के धनुवपुरवा, इंद्रा नगर में अजय निषाद उम्र 26 वर्ष ने कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि अजय की शादी 2014 में हुई थी, और उनके दो बच्चे हैं एक लड़का और एक लड़की, वह तीन भाइयों और एक बहन में से एक था। घरेलू कलह के चलते आत्महत्या करने की बात परिजनों द्वारा कही गई है।

गृह कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के धनुवपुरवा, इंद्रा नगर में अजय निषाद उम्र 26 वर्ष ने कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि अजय की शादी 2014 में हुई थी, और उनके दो बच्चे हैं एक लड़का और एक लड़की, वह तीन भाइयों और एक बहन में से एक था। घरेलू कलह के चलते आत्महत्या करने की बात परिजनों द्वारा कही गई है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि प्राथमिक जांच में घरेलू कलह के चलते आत्महत्या करने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

देश को सशक्त स्त्री विमर्श की जरूरत

यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, ''अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दण्डित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है। लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्रजीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष सम्बंधों पर वैदिक काल में काफी चिन्तन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिन्तन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्रजीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नी हीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है। भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़ कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, ''युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।'' ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिला कर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिल कर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है। लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखण्ड अस्तित्व हैं। कहा गया है, ''इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'' ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन ससिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधु को आशीर्वाद दिया गया है और नववधु को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ''यह नववधु दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।''

एक्सप्रेस आलेख

दरअसल साइबरबुलिंग डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से की जाने वाली बदमाशी है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर हो सकती है। इसका उद्देश्य लोगों को डराना या शर्मिंदा करना है। अब आप इसे कुछ उदाहरणों से भी समझ लें। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना या उसकी शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करना। मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से अपमानजनक या धमकी भरे संदेश, चित्र या वीडियो भेजना। साइबर बुलिंग के शिकार लोगों पर इसका बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए माता-पिता या घर के किसी बड़े सदस्य को चाहिए कि वह सोशल मीडिया में दिन-रात बर्बाद करने वाले सदस्य को इसके खतरों से आगाह करें।

क्यों जरूरी हुआ बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना

आर.के. सिन्हा

बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिये कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें।

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, तब आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया का लत हमारे सारे समाज को दीमक की तरह खा रहा है। इसकी गिरफ्त में नादान बच्चे खासतौर पर आ चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां पर 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेल कूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए ? यह जानने के लिए रॉकेट साइंट पढ़ने की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे अपने देश में बच्चों को खेलों के मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों तक से भी दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक,व्हाटअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये। वहां पर बुजुर्ग सैर करते हुए तो मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत ही कम संख्या में खेलते हुए मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रेक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों।का हाल। जब बच्चे खेलेंगे ही नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? क्या कोई हमें पदक मुफ्त में ही दे देगा? चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। लेकिन, इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शोषण, और अनेकों प्रकार के व्यसनों का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने ही होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता- पिता और स्कूल के अध्यापकों को बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें।उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताया जाये। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। यह बहुत मामूली सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा। बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना एक कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग- अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है । जैसे होटल के अलग - अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते है , वही अब घरों में भी होने लगा है ! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिये कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें। जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं। आप अपने बच्चों से बात कर सकते हैं कि सोशल मीडिया को बहुत वक्त देना क्यों सही नहीं है। उन्हें साइबरबुलिंग के बारे में बताएं। अब यह भी जान लें कि साइबरबुलिंग क्या है?



जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं।

एक्सप्रेस कविता

जो जैसा बोयेगा वैसा ही तो पायेगा, हिंसा नफरत ईर्ष्या यदि विश्व में फैलाओगे शांति अमन चैन कहां से पाओगे। रूस यूक्रेन युद्ध विस्तार वाद की परिणिति लाखों लोगों ने देदी इस हिंसा में आहुति। बेघर हुई मानव जाति बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और मासूम यूक्रेन रूस युद्ध में कितने कितने हुए गुमसुम मुरझा गए आकाश कुसुम, अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो गए रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग में घी डालकर हवन कर गए। पाकिस्तान आतंक को पालकर हिंसा को अपनी ढाल बनाकर अपने ही घर को जलाकर अब आंसू बहा रहा है, विदेशों से सहायता मांग कर अपना घर चला रहा है। भारत ने बोया पौधा शांति का अब दुनिया को देशों को दे रहा है संदेश अमन चैन और शांति का। आने वाली नस्ल के लिए एक नन्हा पौधा लगाओ।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

अनमोल है कुछ चीज तो वो आपका समय है व्यर्थ में ना गवाएं उसे, शालीनता आपके संस्कारों को दर्शाता है इसलिए सभ्य और शालीन बन कर रहें।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	त्रयोदशी 19:08 तक
नक्षत्रः	पूर्व फाल्गुनी
पक्षः	कृष्ण
वारः	सोमवार
योगः	शुभा, 25:09
सूर्योदयः	06:17
सूर्यास्तः	18:04
चंद्रमाः	सिंह राशि में
राहुकालः	07:45-09:14
विक्रमी संवत्ः	2082
शक सम्वतः	1946
मासः	आश्विन
शुभ मुहूर्तः	11:47-12:34

जन एक्सप्रेस

आ गए वो पास ?

बढ़ रही है हलचल ।
आ गए वो पास ?
स्वागत गर्मजोशी से ।
बन सकते अब ख़ास ?
राजनीति में कोई ।
ना दुश्मन ना मित्र ।।
इसलिए तो कहते हैं ।
है स्थिति विचित्र ।।
शांत है तकरार ।
पनपा शायद प्यार ।।
आ गया अब वक्त ।
हो चुकता उधार ।।
कब पक जाए खिचड़ी ।
जान कौन ये पाया ।।
कुर्सी सबको प्यारी है ।
है कुर्सी की माया ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

फिट रहने के लिए जरूर करें एक्सरसाइज

किसी भी व्यक्ति के फिट और हेल्दी रहने के लिए शारीरिक गतिविधियां करनी बहुत जरूरी हैं। रोजाना एक्सरसाइज करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है। कई लोग फिट रहने के लिए जिम में वर्कआउट, एक्सरसाइज, योग, वॉक जैसी शारीरिक गतिविधियां तो करते हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ लोगों को सही तरह से इसका रिजल्ट नहीं मिल पाता है, जिसका कारण एक्सरसाइज के नियमों का पालन न करना हो सकता है।

अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज करें: मसल्स बनाने या शारीरिक फायदों के लिए सिर्फ एक व्यायाम काफी नहीं है, बल्कि अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल करना चाहिए। एक्सरसाइज सिर्फ वजन बढ़ाने या पतले होने के लिए नहीं, बल्कि ओवरओल हेल्थ को बेहतर रखने के लिए किया जाता है। इसलिए फिटनेस के अलग-अलग पहलुओं जैसे ताकत, सहनशक्ति, लचीलापन और स्थिरता पर काम करना जरूरी है। यह सभी चीजें आपके समग्र स्वास्थ्य और कार्यक्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए सिर्फ एक एक्सरसाइज पर फोकस करने के स्थान पर अलग-अलग तरह के एक्सरसाइजों को अपने रूटीन में शामिल करें।

एक्सरसाइज किए बिना ज्यादा दिन न रहें: 3 हफ्ते या उससे ज्यादा समय तक एक्सरसाइज करने से ब्रेक न लें। ज्यादा दिन व्यायाम न करने से आप पहले किए हुए शारीरिक गतिविधियों से मिलने वाले फायदों को भी खो देंगे। फिटनेस एक ऐसी चीज है, जिसमें निरंतरता बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। इसलिए एक्सरसाइज और फिटनेस रूटीन के लिए आप हर हफ्ते कम से कम तीन सत्र करने का लक्ष्य रखें, ताकि इसे आसानी से अपने डेली रूटीन में शामिल कर सकें।

शक्ति प्रशिक्षण जरूर करें: शक्ति प्रशिक्षण के कम से कम एक साप्ताहिक सत्र की योजना बनाएं, क्योंकि यह आपके हार्मोनल स्वास्थ्य में सुधार करता है, उम्र बढ़ने के साथ कमजोरी को दूर करने में मदद मिलती है। नियमित शक्ति प्रशिक्षण मांसपेशियों और हड्डियों के घनत्व को रिजर्व करके इन प्रभावों को कम करने में मदद कर सकता है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं, जिससे उम्र बढ़ने के साथ शरीर को स्वस्थ रहने और मजबूत रहने में मदद मिलती है।

एक्सप्रेस विशेष

केके मोहम्मद की बातों को गंभीरता से लेना होगा, यह हिंदू आस्था का विषय है

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मंदिरों को निशाना बनाया गया और यहां पर इस्लामिक आंधी ने हिंदुओं की कला और संस्कृति पर जरा भी रहम नहीं किया 299 विशाल और भव्य मंदिरों का विध्वंस कर दिया गया। इस पुस्तक के सभी लेखकों ने 142 जगहों की पुष्टि तत्कालीन आंध्र प्रदेश में की है।

भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित भारतीय पुरातत्वविद् के.के. मोहम्मद साहब का काम पुरातत्व के क्षेत्र में इतना अधिक है कि उनका नाम आज विश्वविख्यात है। इन्हें इबादत खाना, प्रमुख बौद्ध स्तूपों और स्मारकों की खोज का श्रेय दिया जाता है। अपने करियर के दौरान, बटेश्वर परिसर के जीर्णोद्धार का काम किया, नक्सल विद्रोहियों और डकैतों को सहयोग करने के लिए सफलतापूर्वक राजी किया, साथ ही दंतेवाड़ा और भोजेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। इन्होंने ही बाबरी की खुदाई कर राम जन्मभूमि मंदिर के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले थे। बाबरी मस्जिद के पश्चिमी हिस्से में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले थे, जो गुर्जर-प्रतिहार राजवंश द्वारा 10वीं और 11वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। इसके पूर्व के अवशेष भी इन्होंने खोज निकाले थे। आपने दिल्ली में प्रतिकृति संग्रहालय के निर्माण की अवधारणा को भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया, जिसमें भारतीय मूर्तियों और पत्थर पर नक्काशीदार मूर्तियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी पुरातत्व से जुड़े अन्य कई सफल प्रयास इनके खाते में दर्ज हैं। ऐसे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट के.के.मोहम्मद साहब ने काशी और मथुरा मन्दिर क्षेत्र को लेकर चल रहे विवाद पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है। उनका कहना है, मुसलमानों को बड़ा दिल दिखाते हुए काशी और मथुरा के स्थलों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, क्योंकि इन स्थानों में हिंदुओं की गहरी आस्था है, यही इस मुद्दे का एकमात्र समाधान है। इसके साथ ही वे यह भी उल्लेखित करते हैं कि इन स्थानों से जुड़ी मस्जिदों को लेकर मुसलमानों का कोई भावनात्मक जुड़ाव नहीं है और मुसलमानों को ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए खुद आगे आना चाहिए। के.के.मोहम्मद साहब इतना कह कर ही नहीं रुके, वे आगे अपनी बातों में यह भी जोड़ते हैं कि भारत आज सेक्युलर देश है तो हिन्दुओं की वजह से है, हिन्दू यहाँ बहुसंख्यक हैं इसलिए देश सेक्युलर है। मुसलमानों को इसका शुक्रगुजार होना चाहिए। यदि मुसलमान बहुसंख्यक होते तो भारत की धर्मनिरपेक्षता बनाए रखना मुश्किल होता। आजादी के बाद मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बनाया गया था, जबकि हिंदुओं को भारत दिया गया, फिर भी हिन्दुओं ने इसे हिन्दू देश नहीं बनाया, सेक्युलर रखा और इसके लिए मुसलमानों को आभार व्यक्त करना चाहिए। वस्तुतः इतिहास साक्षी है कि दुनिया में इस्लाम का प्रसार तलवार के बल पर हुआ। लोगों को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। उनके पूजा-स्थलों को ध्वस्त कर उसके मलबे से मस्जिदों का निर्माण करने के अनेकों उदाहरण आज मौजूद हैं। इसीलिए ही भारत में सैकड़ों मस्?जिदों की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र या सनातन धर्म के अन्य प्रतीक चिह्न दिखाई देते हैं। मुस्लिम शासकों ने 60,000 हिंदू मंदिरों को तोड़ा था और उनमें से 3,000 मंदिरों की जगह मस्जिदें बनाई थीं, यह तथ्य सर्वविदित है। 1989 में अरुण शौरी ने एक प्रसिद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति मौलाना हकीम सैयद अब्दुल हाई से चर्चा करते हुए बताया था कि उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें से एक किताब 'हिंदुस्तान की मस्जिदें' है, जिसमें 17 पन्नों का अध्याय था। उसमें मस्जिदों का संक्षिप्त विवरण मिलता है, जो यह बताता है कि कैसे मस्जिदों के निर्माण के लिए हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज बीकानेर में मुगलों के सैकड़ों पत्र सुरक्षित रखे गए हैं जिसमें औरंगजेब समेत कई इस्लामिक बादशाहों के पत्र हैं, जिसमें इनके द्वारा समय-समय पर दिए गए मंदिरों को तोड़ने, हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने पर इनाम की घोषणा, दिवाली पर पटाखे जलाने को प्रतिबंधित करने के आदेश जैसे कई हिन्दू विरोधी कृत्य हैं । वर्ष 1990 में इतिहासकार सीताराम गोयल, अरुण शौरी, हर्ष नारायण, जय दुबाशी और राम स्वरूप ने मिलकर 'हिंदू टेम्पल्स-व्हाट हैपन्ड टू देम' नामक दो खंडों की किताब प्रकाशित की थी। उसमें सीताराम गोयल ने 1800 से अधिक मुस्लिमों द्वारा बनाई गई इमारतों, मस्जिदों और विवादित ढाँचों का पता लगाया था। देश की राजधानी दिल्ली का उल्लेख करते हुए इस पुस्तक में बताया गया है कि यहाँ कुल 72 जगहों की पहचान की गई है, जहाँ पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने सात शहरों का निर्माण करने के लिए इंद्रप्रस्थ और ढिलिका को नष्ट कर दिया था। वस्तुत 1192 ई. तक दिल्ली हिंदू राजाओं के द्वारा शासित होती थी।

1871 में कुतुब कॉम्प्लेक्स में किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में जेडी बेगलर ने बताया था कि इल्तुतमिश के मकबरे, कुवततुल इस्लाम मस्जिद में हिन्दू साक्ष्य साफ दिखाई देते हैं और ये स्थल इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा जोड़-तोड़ का सबसे बड़ा निशान है। इसी तरह खिलजी के मदरसे पर एएसआई की 1926 की रिपोर्ट में इसके गुंबद को हिंदू मन्दिर की कलाकृति के तहत बना हुआ बताया।

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान चुनाव अधिकारी पर किसानों ने लगया धांधली का आरोप

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

गन्ना समिति के डेली गेट के पद के लिए हुए नामांकन पत्रों की जांच के दौरान चुनाव अधिकारी पर किसानों ने धांधली का आरोप लगाया है। जिससे किसानों का गुस्सा फूट गया बड़ी संख्या में किसानों ने समिति पर एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी है। लगातार प्रशासन और राजनेताओं से वार्ता विफल हो जाने के बाद तीसरे दिन धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान डटे हुए हैं। निजी कार्य में सम्मिलित होने आए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना धरना स्थल के करीब से किसानों की समस्याएं सुने बिना निकल गये है।रविवार को गन्ना समिति के प्रांगण में चुनाव में हुई धांधली को लेकर तीसरे दिन किसान बड़ी संख्या में डटे हुए हैं। जिसमें किसान यूनियन समेत कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया हुआ है। आंदोलन बड़ा हो जाने से प्रशासन के हाथ पैर फूल गए हैं। सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल और पीएसी बल तैनात कर दिया गया है।रविवार सुबह 8 बजे करीब दैनिक क्रिया करने गए किसानों के चलते धरना स्थल पर कम संख्या देखकर एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने मौका पाकर जबरन कुर्सी फेंकने लगे और प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए बल प्रयोग करना शुरू किया इतने में किसान भड़क गए जिससे उन्हें बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा है।निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को किसानों ने सौंपा ज्ञापन। सुरेश खन्ना लखनऊ से मोहम्मदी में एक मैरिज हॉल का शुभारंभ करने आते समय रास्ते में पालन नाथ मंदिर पर पहुंच कर पूजा अर्चना की है।

दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप द्वारा पर्यटन विभाग से स्वीकृत कराई एक करोड़ की धनराशि से निर्मित कार्यों को देखा और प्रशंसा की है। किसानों के धरना स्थल के पास से कार्यक्रम में सम्मिलित होने निकलते समय उनकी समस्या न सुनने पर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। विधायक के समझौते का प्रयास हुआ विफल लोकेंद्र प्रताप सिंह अपनी ही पार्टी के दो गुटों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग दावेदारी कर जोर आजमाइश शुरू कर देने से समझौते का मान-मनौव्वल चलाते रहें लेकिन सहमत नहीं बन सकी है।

किसानों ने रखी अपनी मांगे

धरना स्थल पर बैठे किसानों को टिकैत गुटके दिलबाग सिंह सिद्धू, अंजली सिंह, ख्याति खरे, आरती सिंह जनवार, रत्नो दीक्षित क्रांति कुमार, दिलीप चौधरी, समेत बड़ी संख्या में नेताओं ने समर्थन देकर कहा चुनाव रद्द करो, अथवा निरस्त नामांकन पत्रों की बहाली करो का नारा बुलंद करते हुए प्रशासन होश में आओ,किसान लाठी और सीने पर गोलियां खाने के लिए बना है वह डरता नहीं है जिसका उदाहरण लखीमपुर की घटना है।

सपा सांसद ने भेजा प्रतिदिन मंडल अभी तक धरना प्रदर्शन में बैठा समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया के द्वारा पार्टी के डॉक्टर जुबेर खान डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डॉक्टर इकरार खान जमीर अहमद दानिश अब्दुल्ला अली शाहबाज सगीर आलम सिद्दीकी क्रांति कुमार सिंह नगर अध्यक्ष इकरार खान आदि तमाम समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता नेत्री धरना प्रदर्शन में 48 घंटे से शामिल जिले से कोई नहीं पहुंचा अधिकारी समस्या सुनने चुनाव में हुई धांधली को लेकर लेकर 3 दिन से किसान अपनी मांगों को मनवाने के लिए समिति पर धरना दे रहे उनकी समस्या सुनने कोई राजनेता और अधिकारी नहीं पहुंचे हैं ।गन्ना समिति परिसर बना छावनी प्रशासन ने धरना दे रहे किसानों को जबरन हटाने को लेकर भारी सुरक्षा बल लगाकर परिसर छावनी में तब्दील कर दिया है। कार्यालय में ताला डाले जाने से निर्वाचन प्रक्रिया ठप्प हो गई है जिससे सभी अधिकारी हलकान हैं।

मन की बात के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं देश की फिक्र: अचिन मेहरोत्रा

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित करते हैं। वे अपने इस कार्यक्रम के जरिए देश की फिक्र भी रखते हैं। यह बात रविवार को भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने पीएम की मन की बात कार्यक्रम सुनने के दौरान कहीं। वे सीतापुर नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि 114वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में अपने मन की बात देश वासियों के सामने रखी। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी चौथी बार यह रेडियो शो के जरिए अपनी बात रखी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा, मन की बात की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले मन की बात का प्रारंभ 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था। ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्टूबर को जब मन की बात के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा। पी एम मोदी ने कहा, मन की बात की इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। मन की बात के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराई। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा, मेरा मन भी तभी गर्व से भर जाता है, जब मैं मन की बात के लिए आई चिट्ठियों को पढ़ता हूं। हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है. वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं. उनके बारे में जानकार मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। मन की बात की ये पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है, जैसे मंदिर जा करके ईश्वर के दर्शन करना। मन की बात की हर बात को, हर घटना को, हर चिट्ठी को मैं याद करता हूं, तो ऐसे लगता है जैसे मैं ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के दर्शन कर रहा हूं। मोदी ने मीडिया हाउसेस को धन्यवाद दिया।

महिलाओं के सम्मान में झांसी की घुरारी नदी के जीवनदान का ज़िक्र किया। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को लेकर पुडुचेरी के समुद्र तट का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने का ज़िक्र किया। प्रधानमंत्री ने अपनी अमेरिका यात्रा का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 प्राचीन कलाकृतियों को वापस लौटाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने पूरा अपनापन दिखाते हुए डेलावेयर के अपने निजी आवास में इनमें से कुछ कलाकृतियों को मुझे दिखाया। लौटाई गई कलाकृतियां टेरकोटा, स्टोन, हाथी के दांत, लकड़ी, तांबा और कांसे जैसी चीजों से बनी हुई हैं। इस अवसर पर अम्ब्रीश त्रिवेदी, सुशील राठौर, अविरल अवस्थी, मिश्रीलाल, उत्तम, सत्यम सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

प्रेमी के घर पहुंची महिला ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव भैरमपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब गोंडा जिले की रहने वाली एक महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी का प्रस्ताव रखा। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। युवक और उसके घर वालों के प्रस्ताव ठुकराने पर महिला थाना पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित महिला ने बताया कि वह गोंडा जिले की रहने वाली है। वह दिल्ली मे मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। दिल्ली में ही गांव भैरमपुर निवासी सूरज भी मजदूरी करता था। तभी उसकी सूरज से इंस्टाग्राम के जरिए बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच संबंध काफी मधुर हो गए। सूरज ने खुद और उसे साथ जीने मरने की कसम भी खिलाई। सूरज ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा और शारीरिक संबंध बनाने लगा। महिला का आरोप है कि कुछ दिनों तक इसी तरह से दोनों के बीच प्रेम संबंध चलते रहे। जब उसने शादी का प्रस्ताव रखा तो सूरज आजकल करते हुए टरकाने लगा। दबाव बनाने पर सूरज ने उसका साथ छोड़ दिया और दिल्ली से अपने गांव भैरमपुर भाग आया। रविवार को पीड़ित महिला पूछते हुए किसी तरह से गांव भैरमपुर पहुंची और सूरज के घर पर जाकर शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर सूरज और उसके परिवार के लोग भड़क गए। शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। इस पर हंगामा होने लगा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थाने में हुई समझौता वार्ता हंगामा बढ़ने पर महिला थाना सिंगाही पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिवार वालों को थाने बुलाया, जहां दोनों के बीच समझौता वार्ता चल रही है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है। महिला शादी करने की जिद पर अड़ी है। थानाध्यक्ष सिंगाही अजीत कुमार ने बताया कि महिला शादीशुदा है। उसका पति से विवाद चल रहा है। आरोपी युवक पुलिस की हिरासत में हैं। दोनों के बीच समझौता वार्ता चल रही है, लेकिन अभी कोई हल नहीं निकला है।

फर्जी कॉपीराइट क्लेम कर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्जनपदीय साइबर अपराध गैंग पुलिस गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में घटित हो रहे साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु टीम का गठन कर साइबर क्राइम में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर संजीव त्यागी के नेतृत्व में गठित साइबर थाना टीम व थाना कोतवाली देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में संलिप्त एवम् प्रकाश में आये 2 अभियुक्तों शादाब अंसारी पुत्र निजामुद्दीन तथा महताब अंसारी पुत्र निजामुद्दीन नि.गण तीहरा दरवाजा थाना फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा को मलुहीपुल के नीचे नेपालापुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तो के पास से कुल 1,000 रुपये, तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। थाना कोतवाली देहात पर पीड़ित द्वारा फ्रॉड की सूचना प्राप्त होने पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित के अनुसार उसके इंस्टाग्राम पर बने अकाउण्ट पर इंस्टाग्राम यूजर नेम के नाम की आईडी से आडियो फोन व मैसेज आया जिसमे इंस्टाग्राम पर कापीराइट स्ट्राइक से अकाउण्ट सस्पेंड करने की बात कही गई थी। जिस पर अकाउंट सस्पेंड न करने के एवज में @solo&kakashi ने कुछ रुपये चार्ज करने का बताया गया था। साइबर थाना व कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा प्राप्त साक्ष्यो एवम् जांच के आधार पर दोनो अभियुक्तों शादाब व महताब को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। अभियुक्तगण गूगल से 2 की डाउनलोड करते है एवम् पीड़ित की असली इंस्टाग्राम आईडी से उसके फोटोग्राफ्स, डेटा लेकर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड करते है फिर गूगल से दोबारा इंस्टाग्राम का कॉपीराइट का फॉर्म डाउनलोड कर भर कर मेटा प्लेटफॉर्म को प्रेषित करते है, जिसमें इनके द्वारा मेटा को यह जताया जाता है कि पीड़ित के फोटो, डेटा सेव करके उनके द्वारा बनायी गयी आईडी असली आईडी है एवम् वही असली ओनर है एवम् पीड़ित की आईडी पर कॉपीराइट क्लेम करते है तथा पीड़ित को ब्लैकमेल करना शुरु कर देते हैं। आईडी से इनके द्वारा पीड़ित की आईडी पर कॉपीराइट क्लेम किया गया था। अभियुक्तों ने इसी प्रकार पूर्व में भी करीब 600 आईडी पर इसी प्रकार से कॉपीराइट क्लेम करके ब्लैकमेल करते हुए पैसे वसूले जा चुके है तथा आईडी को मेटा पर कॉपी राइट क्लेम करते हुए बंद कराया गया है।

नई महिंद्रा थार रॉक्स का मूसाराम इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने किया अनावरण

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मूसाराम इंटरप्राइजेज लिमिटेड (ऑथराइज्ड डीलर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड) में रविवार को अपने लखीमपुर खीरी स्थित प्रतिष्ठान में एसयूवी सेगमेंट की नई गाड़ी थार रॉक्स का लॉन्च जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा जी के द्वारा किया गया। अनावरण के समय उपस्थित जनरल मैनेजर अमित बाजपेई जी ने थार रॉक्स की विशेषताएं बताई, नई थार रॉक्स की शुरुआती कीमत 12.99 लाख से शुरू होती है, नई थार के अंदर दुनिया की सबसे बड़ी स्काईरूफ, लेवल 2 अडास, एड्रिनो एक्स कनेक्ट, इन बिल्ट एलेक्सा, 4 डबल्यू डी, एलइडी प्रोजेक्टर हैडलैंप्स, सी शेप एलइडी डी आर एल, 19 इंच के बड़े एलॉय व्हील, 360ए कैमरा जैसे बहुत सी सुविधाओं से लैस है, थार रॉक्स की टेस्ट ड्राइव के दौरान यह भी बताया गया की कैसे नई एसयूवी फैमिली कंफर्ट के साथ साथ ऑफरोडिंग करने में भी सक्षम है। सुरक्षा दृष्टिकोण से भी इस गाड़ी के अंदर बहुत से फीचर्स जैसे 6 एयरबैग, एबीएस, ईबीडी, ईएसपी, मजबूत एम ग्लाइड प्लेटफार्म दिए गए हैं।इस अनावरण समारोह में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के एरिया मैनेजर प्रशांत पुनियानी, मूसाराम इंटरप्राइजेज लिमिटेड के एमडी दिनेश अग्रवाल एवं देश दीपक अग्रवाल, जनरल मैनेजर अमित बाजपेई, एचआर हेड अनुजा शंकर, सेल्स मैनेजर ललित शुक्ला, मूसाराम परिवार के सम्मानित तमाम ग्राहक, फाइनेंसर, पत्रकार बंधु सहित मूसाराम इंटरप्राइजेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। मूसाराम परिवार की ओर से सभी अतिथियों, ग्राहकों, मीडिया कर्मियों और स्टाफ का हृदय से अभिनंदन किया गया।

दो अलग-अलग क्षेत्र से बाइक हुई चोरी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दूधोरिया निवासी सूरज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 सितंबर की शाम रेलवे स्टेशन परिसर से उसकी टीवीएस बाइक चोरी हो गई थी। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली इधर दूसरी बाइक नानक चौकी क्षेत्र के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी हिमांशु मिश्रा ने भी बाइक चोरी की तहरीर दी थी जिस पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत, मामला रफा दफा

- परिवारजनों ने कुछ भी बताने से किया इंकार
- कुशल चिकित्सक करता है आपरेशन, केस बिगडने पर संचालक जिम्मेदार
- महिलाओं का प्रसव कराने के नाम पर मोटी रकम वसूलना बनी आसान राह

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर में लंबे समय से एक आध को छोडकर कई पैथालाजियों व मानकों को धता बताते निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है। जिसमें जमकर मरीजों का उपचार के नाम पर आर्थिक शोषण व मौत के मुंह में धकेले जाने का सिलसिला अवनवरत जारी है। वहीं अकाल होने वाली मौतों में निजी अस्पताल के संचालक किसी तरह परिजनों से सादे कागजों पर हस्ताक्षर व मोटी रकम का लेन देन कर मामले को रफा दफा करने में माहिर हो चुके है।शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। जिसकी भनक मीडियों को लगने से पहले ही अस्पताल संचालक ने महिला के परिवारजनों को समझा बुझाने के साथ मोटी रकम का लेन देन कर मामले को निपटाकर परिवारजनों को घर भिजवा दिया। इसके बाद काफी मशक्कत के बाद पता करने के बाद महिला के नाम पते पर उसके परिवारजनों ने मिलने व बात करने तक से इंकार कर दिया। यह कोई एक नया मामला नहीं है। यहां कुछ को छोडकर कई निजी अस्पतालों में यह गोरखधंधा फलफूल रहा है। जिसकी आए दिन शिकायतें आती रहती है। जिसमें कभी सीएचसी में प्रसूता महिलाओं को आशाओं के माध्यम से लेन देन कर जबरन निजी अस्पतालां में भर्ती कराने जाने के मामलों में परिवारजनों व सीएचसी कर्मचारियों के मध्य नोंक झोक के मामले भी प्रकाश में आते रहे है। बता दें कि यहां संचालित हो रहे निजी अस्पतालों में धन कमाने का सबसे बडा धंधा महिलाओं का प्रसव कराना बन चुका है। जिसमें प्रसव के नाम पर परिवारजनों से मोटी रकम वसूली जाती है। सूत्रों की माने तो निजी अस्पतालों में कुछेक का कुशल चिकित्सकों से टाईअप होता है। मरीज के भर्ती होने पर कुशल चिकित्सक को फोन कर आपरेशन के लिए बुलाया जाता है। इस दौरान यह सावधानी बरती जाती है। कि कुशल चिकित्सक का नाम किसी भी तरह से ओपन नहीं होना चाहिए। कुशल चिकित्सक आपरेशन करने के बाद अपनी तयशुदा रकम लेकर निकल लेता है। तथा कोडवर्ड में दवाएं लिखकर आगे का परामर्श भी देता रहता है। मरीजों से वसूली मोटी रकम में तीन हिस्से होते है। एक कुशल चिकित्सक, दूसरा मरीज लाने वाले, तीसरा अस्पताल के संचालक का। इस प्रकार निजी अस्पतालों में महिलाओं का प्रसव कराना निजी अस्पतालों में धन कमाने की सबसे आसान राह बन चुका है। कभी कभार केस बिगडने पर कुशल चिकित्सक साफ बरी हो जाता है। जबकि मामले को निपटाने व अस्पताल की साख बचाने की पूरी जिम्मेदारी निजी अस्पताल संचालक की होती है। यदि प्रशासन कभी संज्ञान लेना चाहे तो इन निजी अस्पतालों के गोरखधंधों का पर्त दर पर्त खुलासा होता चला जाएगा। चूंकि इन तमाम अस्पतालों में छोटी बडी व मामूली बीमारी का उपचार नही किया जाता है। सभी अस्पतालों में अधिकांशतः प्रसव सुविधाओं का ताना बाना बुनकर मरीजों को आकर्षित करने व सेवाएं देने का दिया जाता है।

महमूदाबाद के बेटे ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। नगर पालिका क्षेत्र के पाण्डेहाता वार्ड निवासी एक शिक्षक के पुत्र को सीआरपीएफ में बतौर सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनाती मिल गई। शनिवार को बेटे की पासिंग आउट परेड में शामिल होने पूरा परिवार कोयम्बटूर स्थित ट्रेनिंग कैम्प पहुँचा। बेटे को वर्दी मिली तो पूरे परिवार में खुशियां दौड़ गई। बेटे के कंधे पर शिक्षक पिता ने अपने हाथों से बैज लगाया तो आंखों में आंसू आ गये। रामपुर कलां क्षेत्र के मलेथू गांव के मूल निवासी मनोहर लाल गुप्ता अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ करीब तीस वर्ष पूर्व नगर क्षेत्र के पाण्डे हाता में रहकर विभिन्न स्कूलों में प्राइवेट शिक्षक के रूप में नौकरी शुरू की थी। गत वर्ष उनके छोटे बेटे अंकित गुप्ता का चयन सीआरपीएफ में बतौर सब इंस्पेक्टर के रूप में हो गया। जिसकी ट्रेनिंग कोयंबटूर स्थित सीआरपीएफ ट्रेनिंग कैम्प में पूरी हुई जिसकी पासिंग आउट परेड शनिवार को हुई।

पासिंग आउट परेड में शामिल होने के लिये पिता मनोहर लाल के साथ मां प्रेमा देवी, बडा भाई अंकुर और बड़ी बहन रचना गुप्ता भी पहुँचे। बेटे को मां ने गले से लगाया और देश सेवा के लिए बधाई दी। पिता मनोहर लाल ने बताया कि बेटे की सफलता पर पूरा परिवार खुश है।

सेवा भाव हो तो ही व्यापार मंडल का बनें सदस्य: संदीप बंसल

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी सम्मेलन में जुटे सैकड़ों व्यापारी
- तिकुनिया खीरी नगर अध्यक्ष दिनेश जैन के नेतृत्व में कई व्यापारियों ने सम्मेलन में की शिरकत

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का सम्मेलन सरस्वती पैलेस में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल थे। सम्मेलन में दर्जनों व्यापारियों को पदभार ग्रहण कराते हुए शपथ दिलाई गई।साथ ही तमाम व्यापारियों को जो कि समाज सेवा से जुड़े हैं उनको सम्मानित भी किया गया। शपथ से पूर्व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने सभी व्यापारियों से समाज सेवा का मन में पूरी तरह भाव होने पर ही शपथ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्या होने पर तत्काल उनकी मदद करनी चाहिए। इससे पूर्व संगठन के जिला अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मचंद जैन ने जिले की टीम की तरफ से लखनऊ, तिकुनिया, गोला, खमरिया आदि जगह से आए तमाम व्यापारियों का सम्मान किया। तिकुनिया से पहुंचे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन, निघासन तहसील के संयोजक मुकेश कुमार जैन, नगर महामंत्री सागर अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष ईश्वरदिन वर्मा ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को बुके देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन को माला पहनाकर सम्मानित किया। तिकुनिया की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को तिकुनिया आने का न्योता भी दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, प्रदेश महामंत्री शोभित टंडन, जिला अध्यक्ष धर्मचंद जैन, जिला महामंत्री युवराज शेखर, देवेश गुप्ता श्रीपाल जैन सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। पहली बार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में लखीमपुर की महिला इकाई का भी गठन हुआ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने उन्हें भी पद की शपथ दिलाई।

सफाई कर्मचारी संघ की बैठक मनोज बाल्मीकि की अध्यक्षता में हुई आहूत

जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी

लहरपुर। नगर के गेट स्थित जूनियर हाई स्कूल में स्थाई संविदा एवं ठेका सफाई कर्मचारी संघ कि स्थानीय शाखा कि बैठक मनोज वाल्मीकि की अध्यक्षता में आहूत की गई, बैठक का संचालन रंजीत कुमार ने किया। बैठक में सर्व सम्मत से संघ के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें रंजीत वाल्मीकि व प्रदीप वाल्मीकि को संरक्षक, बंटी वाल्मीकि को अध्यक्ष, महामंत्री पद के लिए गीता देवी, उपाध्यक्ष पद के लिए जीवा वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष आदर्श कुमार, संगठन मंत्री संतोष बाल्मीकि, प्रचार मंत्री पद के लिए धर्मेन्द्र वाल्मीकि को सर्व सम्मत से मनोनीत किया गया इस संबंध में नवनिर्वाचित अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने बताया कि, सुनील बाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, प्रकाश वाल्मीकि, ज्ञानू वाल्मीकि और अनिल बाल्मीकि को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है, उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज को और अधिक संगठित कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करना है।

1 अक्टूबर को प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति 1000 से अधिक शिक्षक शिक्षकों को सम्मानित करेगी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

पालिका परिषद के सभागार में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति की बैठक में 1000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। शनिवार की देर शाम समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षक सम्मान समारोह को लेकर निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में 1000 से अधिक शिक्षकों को समारोह पूर्वक सम्मानित करने योजना तय की गई। संचालन करते हुए महामंत्री शैलेंद्र सक्सेना ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि आयोजन गोकर्ण तीर्थ के निकट नीलकंठ मैदान में 1 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे से होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन की मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विशिष्ट अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी गणेश प्रसाद साहा, विधायक अमन गिरी और भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह रहेंगे। बैठक में समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर अनुज खरे, संजय तिवारी, डीपी श्रीवास्तव, रामनरेश वर्मा, प्रकाश सिंह आलोक तिवारी, संजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे।

ट्रॉमा सेंटर में अजगर देख निकली मरीजों और तीमारदारों की चीख, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के बेहजम तिराहा स्थित ट्रॉमा सेंटर में विशालकाय अजगर देखे जाने से मरीजों, उनके तीमारदारों और अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। बेहजम तिराहा पर स्थित ट्रॉमा सेंटर में कहीं से विशालकाय अजगर आ गया। रविवार की दोपहर उस पर लोगों की नजर पड़ी।अजगर देख हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना वन रेंज शारदानगर और देवकली को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

फास्ट फॉरवर्ड

आभूषण की दुकान में सेंध लगाकर दो लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस/देवरिया। आभूषण की दुकान में सेंध काटकर दो लाख रुपये के गहनों की चोरी हो गई। पुलिस पिकेट के पास हुई दुकान में चोरी से सनसनी मच गई। दुकानदार ने थाने पर तहरीर दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। शहर निवासी प्रिंस वर्मा ने देवरिया कसया मार्ग स्थित गौरा चौराहे पर आभूषण की दुकान खोल रखी है। चौराहे पर पुलिस पिकेट भी है। पिकेट और मेन रोड होने के बावजूद शुक्रवार की रात प्रिंस के दुकान में पीछे से सेंध काट लिया गया। दुकान में सेंध काटने से पहले अगल-बगल की दो दुकानों में भी सेंध काटने की कोशिश हुई। अन्य दोनों दुकानों में चोरी नहीं हुई। इससे साबित होता है कि बदमाश आसपास के ही रहे होंगे। प्रिंस के दुकान से दो लाख रुपये के गहना चुरा लिए। दोपहर में दुकानदार दुकान में पहुंचा। शटर खोलने पर जानकारी मिली। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में है। छानबीन की जा रही है।

करंट से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/देवरिया। थाना क्षेत्र के पांडेय चक चौराहे पर स्थित एक दुकान की टीन शेड में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक दुकान पर सामान खरीदने गया था। पांडेय चक के रहने वाले हरि कृष्ण यादव (22) पुत्र सुरेंद्र यादव किसी दूसरे प्रदेश में रहकर किसी कंपनी में काम करता था, आठ दिन पूर्व वह घर आया था। शनिवार की सुबह वह पांडेय चक चौराहा स्थित एक दुकान पर सामान लेने गया था। जहां बारिश के कारण दुकान पर लगे टीन शेड में करंट उतर रहा था। हरि कृष्ण का हाथ टीन शेड से स्पर्श कर गया और वह करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल था।

महिला पर जानलेवा हमला करने वाले पांच अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/देवरिया। बुजुर्ग महिला की पिटाई करने वाले मनबढ़ किस्म के पांच युवकों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। एक दिन पूर्व मनबढ़ ने हरैया वार्ड में घायल महिला के बेटे की दुकान से सामान फेंक कर विवाद किया उसके बाद महिला के घर जाकर लाठी डंडा के हमला कर दिया। जिससे महिला से सिर में गंभीर चोट आई। महिला के परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस शुक्रवार की देर शाम पांच युवकों पर केस दर्ज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव की रहने वाली विमला देवी का बेटा नगर के हरैया वार्ड में ठेला पर सामान बेचता है। शुक्रवार की शाम उसके गांव के रहने वाले मनबढ़ किस्म के कुछ युवक मौके पर पहुंचे और ठेला से सामान फेंकने लगे। रोकने पर ठेला पलट दिया। इसकी जानकारी जब बुजुर्ग महिला विमला देवी को हुई तो वह आरोपितों के घर पूछने गईं। इससे नाराज मनबढ़ ने आग बबूला हो गए और महिला के घर पहुंचकर लाठी डंडा से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

बढ़ाया कोठा बंधा के तुर्कवलिया में हो रहा तेजी से कटान

*** कटा बंधा तो दर्जनों गांव हो जाएंगे जलमग्न**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

कैंपियरगंज तहसील क्षेत्र के भरोहिया ब्लॉक अंतर्गत रासी नदी बढ़या कोठा बंधा पर तेजी से कटान कर रही है बंधा कटा तो दर्जनों से अधिक गांव हो जाएंगे जलमग्न।बंधे को कटने से बचाने के लिए आला अधिकारी मौके पर मौजूद फिर भी बंधे का कटान तेजी से जारी। वर्षा ऋतु में सनातन धर्म के वार्षिक पांचांग के अनुसार हथिया नक्षत्र चल रहा है जिसमें तीन दिनों से लगातार बरस रहा है जिसका नतीजा यह है कि नेपाल सहित पूर्वांचल की नदियां उफान पर हैं। जनपद में रासी नदी तो अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही है लेकिन बढ़या कोठा बंधे पर तुर्कवलिया गांव के सामने तेजी से कटान हो रहा है जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बाढ़ खंड अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए बंधे को कटने से बचाने का प्रयास कर रहा है लेकिन रासी नदी बंधे को काटने में कोई कोताही नहीं बरत रही जिससे तुर्कवलिया सहित अगल-बगल के दर्जनों भर से अधिक गांवों के ग्रामीण दहशत में जी रहे हैं अगर बांध कट गया तो आस पास के गावों के घरों में पानी घुसने से कोई रोक नहीं पाएगा जहां जन धन की हानि होना स्वाभाविक है, बरहाल प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए रात दिन मौके पर तैनात रहते हुए कर बंधे को कटने से बचाने का प्रयास, अगर गंगा मैया (रासी नदी) बढ़या कोठा बंधे को काटना ही चाहती है तो कोई उसे काटने से रोक नहीं पाएगा बंधा कट गया तो दर्जनों भर से अधिक गांव में रासी नदी के चपेट में से कोई रोक भी नहीं सकता।

गांधी जयंती पर मजीठिया ग्राउंड में होगी दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा, गोरखपुर। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर को सरदारनगर के मजीठिया ग्राउंड में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य गांधी जी के विचारों को युवाओं तक पहुँचाना है। इसके साथ ही खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में लड़कों के लिए डुमरी चौराहे से सरदारनगर तक 5 किमी दौड़ होगी, जबकि लड़कियों के लिए 1600 मीटर दौड़ मजीठिया ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 31,000 रुपये, द्वितीय स्थान वाले को 21,000 रुपये और तृतीय स्थान वाले को 11,000 रुपये की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान होंगे, जबकि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी धर्मेंद्र सिंह और विधायक सरवन निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों, भूतपूर्व शिक्षकों और वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का आयोजन आरपी सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के एसके शर्मा, नगीना प्रधान, गौरव सिंह और लवी जायसवाल द्वारा किया जा रहा है।

झमाझम बारिश ने दिखाया तेवर, तड़कती बिजली से सहमे लोग

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कुशीनगर जिले में लगातार तीन दिन से हो रही आंधी व बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है जबकि इस दौरान बिजली की तेज चमक और गरज से लोग सहमे भी रहें।

बृहस्पतिवार देर रात शुरू हुई झमाझाम बारिश शुक्रवार व शनिवार को भी पूरे दिन जारी रहा, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। परिणामस्वरूप शनिवार तक आठवीं तक के स्कूल बंद रहे। शुक्रवार को 61 एमएम बारिश रिकार्ड की गई, जिससे कुल तीन दिन में 161 एमएम बारिश हुई है। जिससे लोग बारिश के दौरान गांवों व सड़कों पर जलजमाव के चलते परेशान हैं, तो वहीं फाजिलनगर विधुत उपकेंद्र में भी पानी का जलभराव देखने को मिला जहां तेज हवा व मुसलाधार बारिश के चलते बीते गुरुवार देर रात से ही बिजली व्यवस्था चरमरा गई।

हालांकि, केवल किसानों के लिए यह बारिश खुशियों की वजह नहीं बनी बल्कि मौसम में भी बदलाव के कारण गर्मी और उमस से परेशान लोग हल्की ठंड से रात में चादर ओढ़ने को विवश हैं। किसानों का कहना है कि सूख रही धान की फसल को अब संजीवनी मिली है। लेकिन तेज हवा के चलते कई जगह धान और गन्ने की फसल गिर गई है, जिससे कुछ किसानों को चिंता हो रही है। कुशीनगर जिले की कृषि अधिकारी डॉ. मेनका ने किसानों को आश्वस्त किया कि गिरी हुई फसलें समय पर रिकवर हो जाएंगी और इस बार धान की अच्छी पैदावार की संभावना है।

सभी बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र के मन की बात कार्यक्रम के 114 वें संस्करण को जनपद के सभी बूथों पर प्रसारित किया गया। जहां सभी बूथ पर लोग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। चक्रधरपुर विधानसभा के शक्ति केंद्र बूथ संख्या 177 लुपूगबेड़ा में भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनी। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय फाजिलनगर विधानसभा के तुर्कपट्टी मण्डल में बूथ संख्या 60 जंगल घोरठ में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ के साथ प्रधानमंत्री के श्मन की बातश् कार्यक्रम के 114 वें संस्करण के लाइव प्रसारण बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मन की बात में जन जन की बात करते है और भारत के कल्याण की बात करते हैं।मन की बात सुनने के साथ ही जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने ग्रामवासियों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।

मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने बताया कि जनपद के सभी 2633 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम प्रसारित किया गया जिसमें 46116 लोगों ने सहभागिता किया। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के साथ ही पार्टी द्वारा विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया ।

किन्नर समुदाय प्रदेश अध्यक्ष पायल किन्नर का नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। पडरौना समाजवादी पार्टी के किन्नर समुदाय प्रदेश अध्यक्ष पायल किन्नर के पडरौना प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के किन्नर समुदाय के प्रदेश अध्यक्ष पायल किन्नर जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार के दोपहर कुशीनगर जनपद की पडरौना विधानसभा में प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया पायल किन्नर ने भाजपा सरकार को झुटा वादा करने वाले सरकार को बदलना है आने वाले चुनाव में अपने पार्टी सपा सरकार बनाने का एलान किया । जिसमें कुशीनगर जनपद के अध्यक्ष गुड्डी किन्नर सपा जिलाध्यक्ष सुकुरल्लाह अंसारी पूर्व ब्लाक प्रमुख बिशुनपुरा विक्रमा यादव समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जयप्रकाश यादव पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह महासचिव , संदीप सिंह राठौड़ पिडिए नगर अध्यक्ष

सीएचसी पर लगेगा वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोला सीएचसी पर प्रति वर्ष की भांति इस बार भी 8 अक्टूबर को वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मानसिक रोगियों को निःशुल्क उपचार के साथ दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी

उक्त बातें सीएचसी अधीक्षक अमरेन्द्र ठाकुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति माध्यम से दी।

उन्होंने बताया कि शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम गोरखपुर के द्वारा क्षेत्र के मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण निदान करते हुए उन्हें उपचारित करते हुए अवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को भी जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा सीएचसी गोला पर ओपीडी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि आप के परिवार या पड़ोस में कोई रोगी ऐसा हो जिसे अवसाद नींद की समस्या, किसी कार्य को न करने का मन, आत्महत्या का विचार, बार बार हाथ धोने, बार बार बंद ताले को चेक करने इत्यादि समस्याएं आ रही हों तो ऐसे रोगी वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर पर आकर अपना ईलाज कराते हुए निःशुल्क औषधि प्राप्त कर इन समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं।

किन्नर समाज के लोगों ने बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनपद के तहसील खड्डा अंतर्गत नगर पंचायत छितौनी से सटे ग्राम पंचायत सालिकपुर महादेवा में इस साल की बाढ़ से पूरे गांव में पानी दखल दे चुका है और गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अखिल भारतीय किन्नर समाज खड्डा की अगुवा मुस्कान किन्नर द्वारा बाढ़ पीड़ितों को खाने के लिए राहत सामग्री वितरण किया गया।

बताते चलें कि मुस्कान किन्नर समाज सेवा में हमेशा आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती रहती है और साथ ही साथ उनकी टीम को पूरे किन्नर समाज के लोग भरपूर सहयोग करते हैं। इस दौरान मुस्कान किन्नर ,प्रिया किन्नर, पूजा किन्नर ,मिर्जा किन्नर, सानिया किन्नर, निधि किन्नर और अखिल भारतीय समाज किन्नर समाज के सभी लोगों उपस्थित रहे।

चोरी करते पकड़ा गया था फेरीवाला, ग्रामीण रख रहे पैनी नजर

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

बीटते पखवाड़े तक तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई लगातार चोरियों के बाद सतर्क हुए ग्रामीण जहां गांवों में आने वाले हर अपरिचित लोगों को शक की निगाहों से देख रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ गैरभाषी फेरी वालों पर काफी पैनी नजर रख रहे हैं। ग्रामीणों के शक का आधार पिछले दिनों एक फेरी लगाने वाले का रंगेहाथों चोरी करते समय पकड़ा जाना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन किसी ना किसी गांव में चोरों के आने की अफवाह फैलते ही ग्रामीण पूरी रात दहशत में रतजगा कर व्यतीत कर रहे हैं। इस बीच यदि कोई भूला भटका अपरिचित व्यक्ति का गांव में मिल जाने के बाद लोग उसको बुरी तरह से पिटाई करने के बाद ही पुलिस को सौंप रहे हैं। चार दिन पूर्व इस तरह की घटना थाना कुबेरस्थान के गांव हरैया में घटित हुई जब एक मंदबुद्धि व्यक्ति को ग्रामीणों ने चोर समझ उसको बुरी तरह से पीटकर लहुलुहान करने के बाद पुलिस को सौंपा। पुलिस द्वारा गहन जांच के बाद वह मंदबुद्धि निकला जो भटककर उक्त गांव में पहुँच गया था।

ग्रामीणों का आकलन है कि घटनाओं को अंजाम देने वाले सख्स भौगोलिक रूप से उस स्थान से पूरी तरह से परिचित हैं इसीलिये वह घटनाओं को सुगमतापूर्वक अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। लोग गांवों में घूम-घूमकर सामान बेचने वाले फेरीवालों पर पैनी नजर रख रहे हैं।

ग्रामीणों को आशंका है कि दिन में समान बेचते समय फेरी वाले घर की पूरी रेकी कर रात में घटना को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों तुर्कपट्टी व पटहेरवा थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित ग्राम मोगलपुरा के एक घर में चोरी करते रंगेहाथों एक व्यक्ति पकड़ा गया जो दिन में फेरी लगाकर नारियल बेंचता था। इस घटना के बाद ग्रामीण फेरी वालों पर विशेष नजर रखे हुए हैं।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी संजय कुमार का कहना है कि किसी अपरिचित व संदिग्ध व्यक्ति को मारने-पीटने की बजाय पुलिस को सूचित करें। पुलिस अपने स्तर से सत्यता का पता लगाकर कार्यवाही करेगी।

चौरी चौरा विधायक बने विधानसभा आचार समिति एथिक्स कमेटी के स्थायी सदस्य

जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा

क्षेत्रीय विधायक ई. सरवन निषाद को उत्तर प्रदेश की आचार समिति एथिक्स कमेटी का स्थायी सदस्य नियुक्त किया गया है। विधायक श्री निषाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे बखूबी निभाएंगे। पूर्व की सरकारों के अपेक्षा, अपराधियों में है खौफ विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का संपूर्ण विकास हो रहा है। ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासष् के सिद्धांत के तहत प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्य रही है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत है और पिछली सरकारों की तुलना में अपराधियों में प्रशासन का खौफ है।

फरेंदा पुलिस ने दबोचा 25 हजार का इनामिया अभियुक्त

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह निर्देशन तथा फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में फरेंदा पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं गोकशी जैसी गंभीर मामलों में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामिया बदमाश को फरेंदा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर बड़ी कार्यवाही किया।अभियुक्त के खिलाफ पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई। फरेंदा कोतवाल प्रशांत कुमार पाठक ने बताया अभियुक्त की पहचान जिबरील अंसारी के रूप में हुई है उसके खिलाफ जिबरील मु0अ0सं0 295ध्19 धारा 307 आईपीसी व 3ध् 5 ।ध् 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित 25 हजार इनामियाधुरस्कार घोषित फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही थी।अभियुक्त जिबरील अंसारी पुत्र लियाकत अंसारी उम्र करीब 40 वर्षीय शिवपुर बाजार (बुजुर्ग) थाना कसया, जनपद कुशीनगर हाल मुकाम-भोरघटिया थाना कुबेर स्थान का रहने वाला है। उक्त अभियुक्त को कस्बा के धानी ढाला फरेन्दा के पास से उक्त दिन गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी पुलिस टीम उपनिरीक्षक रणविजय वर्मा,कांस्टेबल नवनीत यादव मौजूद रहें।

पिता ने 30 वर्ष तक फौज में दी सेवा, अब बेटा सीआरपीएफमें बना सब इंस्पेक्टर

जन एक्सप्रेस। नसरुल्लाह अंसारी

कुशीनगर। 30 वर्षों तक फौज में अपनी सेवा देने वाले तमकुही विकास खंड के देवपोखर गांव के टोला किशुनदेवपट्टी के अरविंद शुक्ला का बेटा अमनदीप शुक्ल उनके नक्शेकदम पर चल पड़ा है। भारत के प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल में शामिल सीआरपीएफ में उसने कोयंबटूर में शनिवार को प्रशिक्षण पूरी की।जिसके बाद पासिंग आउट परेड सेरेमनी और सत्यापन समारोह में अमनदीप शुक्ल को एंटनी जनरल और माता -पिता के उपस्थिति में बैज लगाया गया। इस दौरान देश के सेवा के लिए तैयार होते बेटे को देख पूर्व सैनिक की आंखे डबडबा गई।मां खुशी से उछल पड़ी। डाक्टर बहन पलों को कैमरे में कैद कर रही थी। कोयंबटुर के केंद्रीय प्रशिक्षण कॉलेज में शनिवार को पासिंग आउट परेड सेरेमनी आयोजित हुआ।जहां सितंबर 2023 से प्रशिक्षण ले रहे 96 एएश् बैच के 567 कैडेट ट्रेनिंग पूरी कर उपनिरीक्षक बन गए। इसमें जिले के किशुनदेवपट्टी का अमनदीप शुक्ल भी शामिल था।पासिंग परेड सेरेमनी के बाद ज्योहि एंटोनी जनरल की उपस्थिति में माता पिता ने स्टार लगाया।पिता की आंखे नम हो गई।अमनदीप के पिता अरविंद शुक्ला खुद युवाओं के लिए नजीर हैं और उन्होंने 1985 से लेकर 2015 तक भारतीय सेना में सेवा दी है।उन्ही से प्रेरणा लेकर बेटे ने यह मुकाम हासिल किया।अमनदीप शुक्ल ने पहले इंजीनियरिंग बीटेक की पढ़ाई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से की थी। लखनऊ से एम.बी.ए कर रहा था इसी बीच तैयारियों में लगा रहा। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए उनके मार्गदर्शन में तैयारी की और केंद्रीय

रिजर्व पुलिस बल में उप निरीक्षक बन गया।अमन कोयंबतूर में प्रशिक्षण ले रहा था।उसके इस उपलब्धि पर पिता अरविंद शुक्ला, लक्ष्न शुक्ला,माता शीला शुक्ला, गीता शुक्ला,बहन डा. अंशु शुक्ला,अमृता शुक्ला, नित्यानंद पाण्डेय, रजनीकांत शुक्ला डमडम,समीर शुक्ला,नन्हे पांडेय,शिशिर पांडेय,आदित्य पाण्डेय,रूपेश पांडेय आदि ने बधाई दी है।

देश की रक्षा की, बेटा-बेटी को भी दिया वही सीख

खुद तीन दशक तक देश सेवा में खुद को समर्पित रखने वाले अरविंद शुक्ल ने अपने संतानों को भी देश सेवा में समर्पित करने का सपना पाला था जिसे उन्होंने सफल बना दिया।अरविंद की पुत्री अंशु शुक्ला ने पिछले साल एमसीआई की परीक्षा पहले ही प्रयास में उतीर्ण कर ऑल इंडिया 10वां तथा यू.पी.में 5वा रैंक हासिल किया था।वह दिल्ली में इंटर्नशिप कर रही हैं इसके बाद वह भी देश सेवा करेगी।इसके साथ ही बेटा भी सब इंस्पेक्टर बन चुका है।अरविंद बताते हैं कि संतानों को लेकर जो सपना था वह सच हो गया है।इसमें पत्नी का भी बड़ा अहम योगदान है।

60 के उम्र में भी 20 जैसा जोश, पूर्व सैनिक युवाओं के है प्रेरणास्रोत

जिस उम्र में शरीर हार मानने लगता है, आंखो की चमक खत्म होने लगती है और जोश,जुनून और जज्बात में कमी आ जाती है उस उम्र में पूर्व सैनिक 20की उम्र के युवाओं के जैसे प्रांजल मस्तिस्क और जोश से युवाओं के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। 90 के दशक से ही सैन्यकर्मियों के मार्गदर्शक व उनके लिए प्रेरणास्रोत बने रहने वाले पूर्व सैनिक अरविंद शुक्ला आज पूरे जिले में युवाओं विशेषकर नई पीढ़ी के लिए एक दृष्टांत हैं।सेना में अपने तीन दशक के सेवा काल में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया।ढलते उम्र और सेवा समाप्ति के बाद अरविंद जब सेना से सेवानिवृत्त हुए तो अपने ही जिंदगी को अपना शिक्षक मानकर आगे बढ़ चले।एक युवा की भांति परीक्षाओं में शामिल होने की ललक कम न हुई क्योंकि उनके सपने बड़े थे। सेना के बाद कोरोना काल में रेलवे में नौकरी की।बाद में सेवरही चीनी कारखाना और हाटा चीनी कारखाना में बतौर चीफसिक्यूरिटी इंचार्ज तैनाती रही।इसके बाद ज्योहि गोरखपुर के खाद्य कारखाना को संजीवनी मिली अरविंद शुक्ला को गोरखपुर के हिदुस्तान उर्वरक रसायन लि. फर्टिलाइजर के लोकार्पण के साथ उसमें तैनाती मिल गयी और वर्तमान में वह गोरखपुर में ही तैनात हैं।

राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसान सम्मेलन में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

कटेहरी विधानसभा के राम जानकी मैरिज लॉन(भीटी)में आयोजित किसान सम्मेलन में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विभाग के लाभार्थियों को किया सम्मानित

जनपद के कटेहरी विधानसभा के भीटी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं बीज वितरण करने के पश्चात किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। लाभार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ का लाभ ज्यादा से ज्यादा पहुंचे इस उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु किसानों को अनुदान राशि दिया व फसल अवशेष प्रबंधन हेतु प्रसार-प्रचार वाहन एवं उन्नतिशील किसानों को ट्रैक्टर की चाबी देकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा त्रयंबक तिवारी , सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद , प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह , क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह (गप्पू) जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राम किशोर राजभर पूर्व प्रत्याशी भाजपा अवधेश द्विवेदी , पूर्व जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा अजय सिंह सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

सभी मनुष्यों में सद्भावना का संचार हो, विश्व का कल्याण हो-सतपाल महाराज

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः अर्थात सभी प्राणियों में सद्भावना का संचार हो, पूरे विश्व का कल्याण हो। पूरे विश्व मे सनातन की जय हो। ये सब बातें रविवार को दीनदयाल धाम में प0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड से सतपाल महाराज ने कहीं।

प0 दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव प्रथम दिन सतपाल महाराज मंत्री उत्तराखंड दीन धाम मेला मुख्य मंच से अपने अनुनायियों एवं मौजूद सभी लोगों के मध्य प्रवचन देते हुए कहा कि परिवार, गांव, नगर, राज्य, देश एवं पूरे विश्व मे सभी प्राणियों में सद्भावना का संचार हो। सन्त व महापुरुषों की आत्मा उन्नत होने के बाद पूरे समाज एवं विश्व के कल्याण के लिये कार्य करती है। बताया कि इसी भावना का उद्गम एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता प0 दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा हुआ। पंडितजी भी विश्व मे सद्भावना एवं पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के विचार रखते थे। उन्होंने कहा कि जो सब के हृदय के अंदर रम रहा है वही राम हैं। पंपा सरोवर का जिक्र करते हुए कहा कि ऋषि मुनियों के आपसी ईर्ष्या द्वेष के कारण जब पंपा सरोवर का पानी दूषित हो था तब भगवान राम ने शबरी के पैर सरोवर में डलवा कर जल को शुद्ध करवाकर यह संदेश दिया था कि सभी को हमे प्रेम सद्भावना के साथ अपनाना है। सभी को सन्तों का सानिध्य मिलना चाहिये। सत्संग का महत्व समझाते हुए उन्होंने बताया कि यह ज्ञान यज्ञ है, धर्म व अध्यात्म का प्रचार प्रसार होना चाहिए।

पंडित जी के अंत्योदय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प0 दीनदयाल जी चाहते थेकि अंतिम पायदान के व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही गांवो से शहर की ओर पलायन रुकना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के लिये लाभकारी, रोजगार परक योजनाएं बनाकर गांवों से शहरो की ओर पलायन रोका जाए। उत्तराखंड के जालना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां पर्यटन एवं औषधि मंत्रालय ने योजनाएं बनाकर वहां से ग्रामीणों का पलायन रुका गया था।

पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा वित्त आयोग अनुदान की धनराशि के व्यय की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डी.पी.आर.ओ. को निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि भेजी जाए।जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत शौचालयों के पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों की सूची जनपद की बेवसाईट पर अपलोड कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिन लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय की धनराशि अंतरित कर दी गई हैं और उनके द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उन्हें प्रेरित करने हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ग्राम पंचायत सचिव, खण्ड प्रेरक एवं पंचायत सहायकों का दायित्व निर्धारित किया जाए। यदि फिर भी उनके द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है तो उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर वसूली की कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीपीआरओ अवनीश कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

छात्रा ने ट्यूशन के शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

सुबह स्कूल पहुंच कर छात्रा के परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस। मेरठ

* शिक्षक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

नगर स्थित एक इंटर कॉलेज की इंटरमीडियट की छात्रा ने एक शिक्षक पर ट्यूशन पढ़ने के दौरान छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसके परिजनों ने स्कूल पहुंच कर जमकर हंगामा किया। पुलिस शिक्षक को पूछताछ के लिए थाने ले गई। छात्रा के परिजन की तहरीर पर शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है।

एक गांव निवासी कक्षा 12 की छात्रा कॉलेज में गणित पढ़ाने वाले स्कूल के ही शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ने जाती है। छात्रा ने शुक्रवार की दोपहर चार बजे ट्यूशन के दौरान 54 वर्षीय शिक्षक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए परिजनों से शिकायत की। शनिवार को छात्रा के परिजनों ने कॉलेज पहुंच कर हंगामा करते हुए शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल के साथ कॉलेज पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। पुलिस शिक्षक को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पुलिस ने छात्रा के परिजन की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं, शिक्षक ने मामले को राजनीति के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। शिक्षक का कहना है कि सभी छात्राएं उसकी पुत्री समान है।

कक्षा 12 की एक छात्रा ने स्कूल के ही शिक्षक पर अपने घर पर ट्यूशन पढ़ाने के वक्त छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। छात्रा के परिजन की तहरीर पर शिक्षक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक माह से मडोरा फीडर के नाम पर सैकड़ों गांवों की चल रही कटौती

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

* 50 करोड़ के बिजली घर बनने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

फरह क्षेत्र के गांव विशू में विगत दिनों 50 करोड़ रुपये की लागत से बने 132 केवीए के बिजलीघर के शुरू होने के बाद भी सेकड़ो गांवो की विधुत सप्लाई में सुधार नही हो पा रहा है। पिछले एक माह से बलदेव क्षेत्र के गांव मडोरा फीडर बनाने के नाम पर विधुत विभाग गर्मी में पूरे पूरे दिन बिजली काट रहा है।

विगत दिनों फरह क्षेत्र के गांव विशू में 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत से बने 132 केवीए के बिजलीघर को चालू किया हुआ था सभी को उम्मीद थी कि अब विधुत सफ्लाई ठीक हो जाएगी लेकिन क्षेत्र व कस्बा की विधुत सप्लाई में कोई सुधार नही हो सका है। अभी भी करीब एक माह से प्रतिदिन अघोषित विधुत कटौती से फरह क्षेत्र व कस्बा के लोग परेशान हैं। विधुत अधिकारी मडोरा तक विशू से लाइट पहुचाने का कार्य चल रहा है। शनिवार को भी दोपहर को काटी गई बिजली की सप्लाई रात करीब साढ़े आठ बजे के बाद शुरू हो सकी।

अवर अभियंता विधुत फरह मनमोहन सिंह ने बताया कि नया मडोरा फीडर बनाया जा रहा है, जिसके कारण बार बार बिजली सप्लाई काटनी पड़ती है। जल्द ही यह समस्या दूर हो जाएगी।

बागपत में घमासान... पुलिस रोकती रही और लाठी-डंडे चलते रहे

जन एक्सप्रेस। बागपत

टांडा गांव में बुलेट बाइक से पटाखों की आवाज निकालने पर विवाद हो गया। दो पक्षों में खूब मारपीट हुई। पुलिस के सामने भी हथियार चलते रहे। छपरौली के टांडा गांव में बुलेट बाइक से पटाखों की आवाज निकालने पर विवाद हो गया। दो पक्षों में संघर्ष हुआ और पुलिस के सामने भी हथियार चलते रहे। दोनों पक्षों के चार घायल हो गए। पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाने में दी तहरीर में एसआई उदयवीर सिंह ने बताया कि शनिवार शाम टांडा गांव में अकरम, जीशान, सलीम समेत अन्य लोग गाड़ी से भैंस नीचे उतार रहे थे। तभी गांव का ही रिहान बुलेट बाइक लेकर वहां आया और पटाखे की आवाज निकालने लगा। इससे भैंस बिदक गई और भागने लगी। इससे सड़क पर भगदड़ मच गई। भैंस उतारने वाले अकरम और सलीम ने रिहान को पटाखे फोड़ने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद पटाखे फोड़ने पर दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे लेकर आपस में मारपीट करने लगे।

तभी वहां पहुंचे पुलिस कर्मियों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष लड़ते रहे। आसपास खड़े लोग भी झगड़ा करने वालों को उकसा रहे थे। सड़क पर झगड़ा होने से कुछ लोग जान बचाने के लिए अपने घरों में जाकर छिप गए और आवागमन भी बंद हो गया। इस मामले में सीओ विजय चौधरी ने बताया कि एक पक्ष के अकरम, जीशान, सलीम, असलम, शमीम, यामीन, नदीम और दूसरे पक्ष के साहिर, सुऐब, रिहान, फिरोज, तालिब, सारव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

बरेली में फिर वन्यजीव का खौफ: दो गांवों में तीन बच्चों समेत पांच घायल, ग्रामीण बोले- भेड़िये ने किया हमला

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली जिले में पिछले दिनों बहेड़ी और आंवला वन रेंज के कई गांवों में वन्यजीवों ने हमला कर 40 से ज्यादा लोगों को घायल किया था। अब फिर से वन्यजीव के हमले की घटनाएं सामने आई हैं।

बरेली जिले में एक पखवाड़े के बाद वन्यजीव के हमले की घटनाएं फिर से होने लगी हैं। शुक्रवार शाम और शनिवार दिन में फतेहगंज पूर्वी के दो गांवों में वन्यजीव ने हमला कर तीन बच्चों समेत पांच ग्रामीणों को घायल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हमला भेड़िये ने किया। वहीं मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि हमला सियार ने किया। उसकी तलाश में कॉम्बिंग की जा रही है।

पिछले दिनों बहेड़ी और आंवला वन रेंज के कई गांवों में वन्य जीवों ने हमला कर 40 से ज्यादा लोगों को घायल किया था। इसके बाद से यहां हमला बंद है, लेकिन दहशत अब भी बनी हुई है। शनिवार तड़के फरीदपुर वन रेंज थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव बाकरगंज में वन्य जीव ने हमला कर गांव की बुजुर्ग महिला जयंती को घायल कर दिया।

बचाने आए नाती पर भी किया हमला वह सुबह पांच बजे घर के बाहर काम कर रही थीं। चीखने-चिल्लाने पर उनका नाती दीपक लाठी लेकर आया तो वन्यजीव ने उसे भी निशाना बना लिया। इसके बाद गांव में भेड़िये के हमले की दहशत फैल गई। प्रधान रणवीर सिंह ने बताया कि हमला करने के बाद वन्य जीव खेतों की ओर भाग गया। 10-12 दिन पहले वन्य जीव ने भैंस के पड्डे को भी मार दिया था।

इससे पहले शुक्रवार शाम वन्यजीव ने अमृता गांव में केसरी के घर में घुसकर आयुष पांच वर्ष, आर्यन तीन वर्ष और आरुष डेढ़ वर्ष को घायल कर दिया था। सभी घायलों को सीएचसी फरीदपुर में एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। रेंजर ऋषि ठाकुर ने बताया की हमला करने वाला वन्य जीव सियार थ।

बंजरिया चौकी क्षेत्र के गांव नर्सुआ के पास बहगुल नदी के रास्ते पहुंचे मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ने के बाद सुरक्षित स्थान पर छुड़वा दिया। पिछले कई दिनों से बहगुल नदी में मगरमच्छ देखे जाने की चर्चाएं हो रही थीं। वन विभाग की टीम ने तलाश भी की, लेकिन मगरमच्छ नहीं मिला।

स्वच्छता रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

विकास खण्ड के छड़गाँव में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान खजान सिंह ने किया।

विगत दिवस पूर्व माध्यमिक विद्यायल छडगांव में ग्राम पंचायत अधिकारी दीवान सिंह ओर अध्यापक हेमराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वछता के बारे में बताया उसके बाद गांव में रैली निकाल कर ग्रामीण को शपथ दिलाई , रैली निकालते समय छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। इससे बढ़ते हुए तापमान एवं जलवायु परिवर्तन को रोकने में हम लोग अपना योगदान दे पाएंगे, अपने घर के आस-पास सड़क के किनारे ,खाली जगह में एक पेड़ अपने मां के नाम जरूर लगाए, और प्लास्टिक का उपयोग ना करें।

अमरोहा में हंगामा: प्रेमी के घर विवाहिता होने के शक में दो पक्षों में बवाल

लाठी-डंडे चले, गांव बन गया अखाड़ा

जन एक्सप्रेस। अमरोहा

प्रेमी के घर विवाहिता होने के शक में दो परिवार के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों के बीच लाठी डंडे भी चले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी के घर विवाहिता(प्रेमिका) होने के संदेह ने बवाल का रूप ले लिया। मामला तब शुरू हुआ जब एक 24 वर्षीय विवाहिता चार दिन पहले अपने मायके से गायब हो गई। विवाहिता के परिजनों को संदेह हुआ कि वह पड़ोसी गांव के युवक के पास है। दोनों का चार साल पुराना प्रेम संबंध था। विवाहिता के परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। वह 30 से 40 लोगों और महिलाओं के साथ मिलकर प्रेमी के घर पहुंच गए। उन्होंने विवाहिता को वापस करने की मांग की। युवक के परिवार ने इनकार करते हुए बताया कि उनके घर में कोई विवाहिता नहीं है। इस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

इसके बाद विवाद ने बवाल का रूप ले लिया। दोनों ओर से सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार हो गए। इससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों को शांत कराया गया और घटना के बाद गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीओ दीप कुमार ने बताया कि विवाहिता के प्रेमी के घर में होने के शक के कारण दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि विवाहिता की शादी तीन महीने पहले आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। उसके मायके के पड़ोसी गांव निवासी युवक के साथ उसका लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

टांडा में गीदड़ के लिए लगाए फंदे में तेंदुआ फंसा, वीडियो बना रहे मास्टर शकील पर हमला, मच गई अफरा-तफरी

टांडा (रामपुर)। टांडा में गीदड़ के लिए लगाए गए फंदे में तेंदुआ फंस गया। उसे पकड़ने के दौरान तेंदुए ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में अभियान शुरू कर दिया है। टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करखेड़ा में गीदड़ और खरगोश पकड़ने के लिए लगाए गए फंदे में तेंदुआ फंस गया। इसकी जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। ग्राम निवासी नक्शे अली ने पुलिस और वन विभाग को इसकी जानकारी दी।

आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के लिए 'बिग फैंटेसीज' पहल की शुरुआत की

जन एक्सप्रेस/आगरा। भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी, जो रोजाना के पलों को खास अनुभवों में बदलने के लिए जाना जाता है, ने गर्व से अपनी अभिनव पहल, बिग फैंटेसीज- गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन की घोषणा की है। इस पहल के माध्यम से, ब्रांड का लक्ष्य कला को तकनीक के साथ मिलाकर बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करना है। यह अनोखी और दूरदर्शी पहल सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर में बच्चों, उनके माता-पिता और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में शुरू की गई। इस कार्यक्रम में बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व विषय पर एक विस्तृत पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और रचनात्मक कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं।

घर के बाहर खेल रही थी दस साल की बच्ची चॉकलेट के बहाने ले गया युवक और की दरिंदगी

जन एक्सप्रेस। बिजनौर

धामपुर के एक मोहल्ले में एक युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धामपुर में 10 वर्षीय बच्ची के साथ मोहल्ले के ही युवक ने दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के एक मुहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि 26 सितंबर की शाम को करीब सात बजे उसकी 10 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान मुहल्ले का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। उसकी बेटी के साथ उसने दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बालिका अपने घर पहुंची और रोते हुए सारी बात बताई। सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

बदायूं पुलिस की दबंगई: वारंटी पकड़ने गलत घर में घुसी पुलिस, युवक से खींचतान, बिना वजह तीसरी बार घुसने का आरोप

जन एक्सप्रेस। बदायूं

पुलिस का कहना था कि वो पत्नी से चल रहे मुकदमे की तारीख करने काफी समय से कोर्ट नहीं गया है। जबकि रागिब लगातार कोर्ट में हाजिर हो रहा था।

उत्तर प्रदेश के बदायूं में वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान हर शनिवार की रात को जिला पुलिस चला रही है। जरीफनगर पुलिस ने देर रात वारंटी की तलाश में दबिश दी, लेकिन पुलिस गलत घर में घुस गई। आरोप है कि सिपाहियों ने परिवार के एक सदस्य से खींचतान व बदसलूकी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं अधिकारी पूरे मामले में भूलवश ऐसा होने की बात कह रहे हैं।

जरीफनगर थाना पुलिस क्षेत्र के कस्बा दहगवां में शाकिर के घर देर रात जा धमकी। दरवाजा खुलवाने के बाद पुलिस की पूरी टीम घर के अंदर पहुंची। यहां पुलिस को वारंटी रागिब की तलाश थी।

पुलिस का कहना था कि वो पत्नी से चल रहे मुकदमे की तारीख करने काफी समय से कोर्ट नहीं गया है। जबकि रागिब लगातार कोर्ट में हाजिर हो रहा था। पुलिस ने दस्तावेज चेक किए तो चूक का एहसास हुआ। इसी बीच वहां मौजूद एक युवक ने आरोप लगाया कि एक हेड कांस्टेबल ने घर में घुसते ही पीछे से उसकी गर्दन पकड़ ली। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी भी हुई।

परिजनों का कहना है कि रागिव की तलाश में पुलिस शाकिर के घर में घुस आती है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। परिवार का कहना है कि पुलिस तीसरी बार घर में घुसी है। इससे पहले भी पिछले दिनों दो बार वारंटी की तलाश में दबिश दी थी। बार-बार पुलिस गलत पते पर जानबूझकर आ रही है। इधर, जरीफनगर के थानाध्यक्ष रविकरन सिंह ने बताया कि भूलवश पुलिस गलत घर में चली गई थी। खींचतान या गर्दन पकड़ने का आरोप निराधार है।

पुलिस ने जिले भर से पकड़े 50 वारंटी एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में सभी थाना पुलिस ने शनिवार रात वारंटियों को पकड़ने का अभियान चलाया। पुलिस ने 50 वारंटियों को गिरफ्तार श्या। रविवार को इन वारंटियों को एसएसपी देहात केके सरोज के सामने पेश किया गया। उन्होंने वारंटियों को बताया कि कोर्ट की तारीख को ध्यान करते रहा करें जिससे वारंट जारी न हो।

पूरनपुर में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का निर्माण अधूरा
पकड़ने के बाद चिड़ियाघर भेजे जा रहे बाघ

- फेज वन का कार्य पूर्ण, निर्माण कार्य पूर्ण होने में लगेगा एक साल
- लखनऊ में राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में मिली थी मंजूरी

जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा

पूरनपुर। गोपालपुर के जंगल में निर्माणाधीन वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य बेहद सुस्त गति से चल रहा है।दो साल बीतने के बाद भी अभी तक रेस्क्यू सेंटर में फेज वन का कार्य पूर्ण हो सका है। निर्माण कार्य में आड़े आ रहे 19 पेड़ों को एक सप्ताह पूर्व काट दिया गया है।इसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा होने में लंबा समय लगने की बात कही जा रही है।

पीटीआर में अनुकूल वातावरण से बाघ, तेंदुआ सहित अन्य वन्यजीवों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में जंगल दायरा कम पड़ रहा है। परिणामस्वरूप बाघ, तेंदुआ जैसे हिंसक वन्यजीव आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। रिहायशी इलाकों में पंहुचने वाले तेंदुआ, बाघ को रेस्क्यू करने के बाद उन्हे अन्य जनपद के जंगलों या फिर चिड़ियाघर भेजा जाता है। रेस्क्यू किए वन्यजीवों को पुनः जंगल में रहने के लिए अभ्यस्त करने के लिए लखनऊ में राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से चार जनपदों के साथ पीलीभीत में भी वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर के निर्माण की मंजूरी दी गई थी।खमरिया पट्टी के पास गोपालपुर के नाम से विकसित सामाजिक वानिकी के जंगल में निर्माण कार्य के लिए पांच हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई।केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) से निर्माण कार्य की अनुमति मिलने के बाद कार्य शुरू हुआ। रेस्क्यू सेंटर के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस कार्यदाई संस्था को सौंपी गई थी। 24 सितंबर 2022 को लखनऊ से पहुंची कार्यदायी संस्था की टीम ने प्रस्तावित जगह का सर्वे कर मृदा परीक्षण किया था।जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया। निर्माण कार्य भी 2023 तक पूरा होना था। रेस्क्यू सेंटर निर्माण के प्रथम चरण में बाउंड्री वॉल, हॉस्पिटल, क्वारंटाइन सेंटर, रेस्क्यू सेंटर, गोदाम, टॉयलेट का कार्य शुरू किया गया था। कड़ाई संस्था की ओर से प्रथम चरण के कार्य में ही जमकर मनमानी की गई। पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू किया गया था।

पेड़ों को काटने की अनुमति न मिलने से कई माह तक कार्य बंद रहा। कार्य की गति बेहद सुस्त होने के कारण दो साल बाद भी निर्माण का पूर्ण नहीं हो सका। इन दिनों प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो गया है। द्वितीय चरण के कार्य में बाधक बन रहे साल के 19 पेड़ों को काट दिया गया है। वोर्ड साइन न होने से द्वितीय चरण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। इन दिनों प्रथम चरण के कार्य में फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

14 करोड़ की लागत से कराया जा रहा रेस्क्यू सेंटर का निर्माण

पांच हेक्टेयर वन भूमि पर प्रस्तावित वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर के निर्माण कार्य में लगभग 14 करोड रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य के लिए संस्था को दो किश्तें जारी हो चुकी है। रेस्क्यू सेंटर निर्माण के लिए कैंपा (प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) की ओर से बजट दिया जा रहा है। 2022 से शुरू हुआ निर्माण 4 मई 2023 तक पूरा होना था। लेकिन तय समय अवधि के बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होने पर निर्माण कार्य का समय बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

पांच दिन तक पिंजरे में कैद रहा रेस्क्यू किया गया बाघ

आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों पर हमला कर निवाला बनाने वाले बाघ को वन विभाग की टीम ने 23 सितंबर को ट्रेंकुलाइज कर सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया था। रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण पकड़ा गया बाघ चार दिन तक पिंजरे में कैद रहा।गुरुवार की रात्रि बाघ को सुरक्षित ढंग से गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया।

सीजेडए से तथ्य छिपाकर ली गई थी अनुमति

कार्यदाई संस्था ने रेस्क्यू सेंटर निर्माण के लिए 110 पेड़ों को को काटने की जरूरत बताई थी। 110 पेड़ काटने की अनुमति मिलना संभव नहीं था। अधिकारियों ने टीम गठित कार्यदाई संस्था प्रबंधक के साथ मैप में सीधे रास्ते को घुमाव देते हुए तथ्यों को छुपा कर 38 पेड़ों को काटने की रिपोर्ट तैयार की। 38 पेड़ों को काटने की रिपोर्ट भेज कर सीजेडए से रेस्क्यू सेंटर बनाने की अनुमति ले ली थी। जिले के अफसरों ने केंद्र व राज्य सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने से पहले ही आनन फानन में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। पेड़ों को काटने की अनुमति न मिलने के कारण कुछ माह बाद ही निर्माण का रुक गया था। निर्माण कार्य की गति सुस्त होने पर कैंपा (प्रतिपूरक वनीकारण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) की टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य देखा तो हलकान रह गए थे। साल के हरे भरे पेड़ों से अच्छादित जंगल में पेड़ों को काटने की अनुमति के बगैर ही निर्माण कार्य शुरू होना पाया गया था।

वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर में यह होगा निर्माण

- तीन क्वारंटाइन सेंटर
- चार रेस्क्यू सेंटर,
- एक हॉस्पिटल
- एक गोदाम
- आवासीय भवन।

वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य 14 करोड रुपए की लागत से कराया जा रहा है। प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो गया है। द्वितीय चरण का कार्य शुरू हो गया है। कार्यदाई संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

मनीष सिंह, डीएफओ पीटीआर।

सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिले: आलोक कुमार शर्मा

- तहसील क्षेत्र बीसलपुर के सीएसी व अर्बन का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी एवं अर्बन में औचक नरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी पाये जाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सही से सफाई किये जाने के निर्देश दिये।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अलोक कुमार ने सीएचसी में पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड, इमरजेंसी, आपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया महिला वार्ड में महिलाओं को दिये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से पूछतांछ की। अस्पताल में गंदगी पाये जाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सही से सफाई किये जाने के कड़े निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये जा रहे क्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए प्रत्येक माह की 01,09,16 एवं 24 तारीख अवकाश की स्थिति में अग्रिम कार्य दिवस में जनपद एवं ब्लाक स्तरीय राजकीय स्वास्थ्य इकाइयों में समस्त गर्भवती महिलाओं की दूसरे एवं तीसरे त्रिमास में गुणबत्ता पूर्ण एएनसी चेकअप के साथ साथ चिकित्सककी सलाह के अनुसार 2-3 बार अल्ट्रासाउण्ड की निशुल्क सुविधा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। जिस हेतु जनपद में माह फरवरी 2023 से गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों के साथ साथ जनपद में संचालित 25 निजी अल्ट्रासउण्ड सेंटर जहां महिलाओं का अल्ट्रासउण्ड किया जा रहा है तो भी इम्पैनल किया गया है। जिसमें लाभार्थी अपनी सुविधानुसार अवश्यक अभिलेखों के साथ किसी भी इम्पैनल निजी अल्ट्रासउण्ड सेंटर सूची सभी इकाइयों पर उपलब्ध है पर जाकर अपना निशुल्क अल्ट्रासउण्ड क्यूआर कोड के माध्यम से करवा सकते हैं। गर्भवती महिला का समय पर अल्ट्रासउण्ड होना अति आवश्यक है। ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे की ग्रोथ के बारे में जानकारी समय से मिल सके। यदि शिशु में कोई खतरे का लक्षण प्रतीत होता है तो उसका समय से निदान किया जा सकता है। क्यूआर कोड हेतु गर्भवती महिला को ऐक्टिव मोबाइल नंम्बर साथ में लाना अनिवार्य है। ताकि मैसेज के माध्यम से उसी मोबाइल नम्बर पर क्यूआर कोड लाभार्थी को प्राप्त हो सक। प्राप्त क्यूआर कोड सेंटर के द्वारा रीडीम कर लाभार्थी का निशुल्क अल्ट्रासउण्ड हो जाता है। अल्ट्रासउण्ड सेंटर को 425 रुपये प्रति अल्ट्रासउण्ड ई-रुपी बाउचर के माध्यम से उनके खाते में उसी दिन प्राप्त हो जाता है।

स्वास्थ्यकर्मी गांव व शहरी क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को विस्तार से जानकारी दें ताकि महिलाएं सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लाभ ले सकें।

कौशेंन्द्र यादव को जिला अध्यक्ष हर्षित मिश्रा को मिली संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। प्रांतीय महामंत्री के निर्देश पर वन रक्षक संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।संगठन में शामिल वन रक्षकों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। रविवार प्रांतीय महामंत्री के निर्देश पर पीलीभीत टाइगर रिज़र्व एवं एवं वन्यजीव प्रभाग पीलीभीत के समस्त वनरक्षक की जिला शाखा का गठन किया गया। सामाजिक वानिकी मुख्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से वन रक्षक कौशेंद्र कुमार को जिलाध्यक्ष एवं अजीत वर्मा को जिला महामंत्री एवं यशवीर को कोषाध्यक्ष व हर्षित मिश्रा को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन के किसी भी सदस्य का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की बात कही।कार्यकारिणी की महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती प्रिन्सी गंगवार को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से वन रक्षक सुरजीत कुमार, निपेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, फईम रजा, हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।

पीलीभीत बाल्टन क्लब नई कार्यकारिणी कार्यकाल वर्ष 24-26 की नई कार्यकारिणी निर्विरोध गठित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- दिलीप अग्रवाल गुड्डू बने उपाध्यक्ष, साकेत सेक्रेटरी
- शपथ ग्रहण अज सायं आठ बजे वाल्टन क्लब में होगा

पीलीभीत बाल्टन क्लब नई कार्यकारिणी कार्यकाल बर्ष 24-26 के चुनाव में वरिष्ठ समाज सेवी तथा कई संस्थानों से जुड़े दिलीप कुमार अग्रवाल गुड्डू को उपाध्यक्ष चुना गया है। नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसाई व उद्योग पति साकेत कुमार अग्रवाल सचिव निर्वाचित हुए।

मोहित कुमार अग्रवाल सह सचिव, पंकज अग्रवाल कोषाध्यक्ष और कार्तिक भसीन को ऑडिटर चुना गया है।वॉल्टन क्लब के सदस्य के रूप में अंशुल अग्रवाल, अजीत बाजपेई, डॉ भरत कंचन, अमित अवस्थी, राजेंद्र अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, शैशव शंकर अग्रवाल और प्रेम पाल सिंह गंगवार को चुना गया है।

जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक वाल्टन क्लब के क्रमशः पदेन अध्यक्ष ब उपाध्यक्ष हैं। इस चुनाव की विशेष बात यह रही कि समस्त पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध चुने गए। समस्त चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट की देखरेख में हुई। उन्होंने समस्त निर्वाचित पाधिकारियो, सदस्यों की हस्ताक्षर युक्त सूची जारी कर दी।

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष द्वितीय दिलीप अग्रवाल गुड्डू ने बताया कि सोमवार को देर शाम 8:00 बजे वाल्टन क्लब में नई निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होगा। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष द्वितीय दिलीप अग्रवाल सेकेट्री साकेत अग्रवाल ने कहा कि वाल्टन क्लब के भवन और व्यवस्था में अति शीघ्र अमूल चूल परिवर्तन का पूरी निष्ठा के साथ प्रयास होगा। क्लब के कायाकल्प के लिए शपथ ग्रहण के बाद ही बड़ी कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

अहिल्या उद्धार, जनकपुरी अवलोकन एवं मीना बाजार लीला का सजीव मनमोहन मंचन किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रविवार को स्थानीय परमठ मंदिर पर अहिल्या उद्धार, जनकपुरी अवलोकन एवं मीना बाजार की लीला का सजीव मनमोहक मंचन किया गया। गुरु विश्वामित्र आश्रम में राम लक्ष्मण को प्राचीन कथाओं का श्रवण कराते हैं। तभी जनकपुरी से आए दूत मुनि विश्वामित्र को सीता स्वयंवर का निमंत्रण देते हैं। अगले दिन मुनि विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण जनकपुर को प्रस्थान करते हैं। आगे चलते हुए एक निर्जन स्थान पर पहुंचकर मुनि बोले हे रघुकुल नंदन यह तपोभूमि गौतम ऋषि की है उनकी पत्नी अहिल्या शापवश पत्थर की शीला बन गई थी इन्हें अपने चरण रज की धूलि प्रदान करने की कृपा करें। प्रभु के चरणों का स्पर्श पाकर वह तपो मूर्ति अहिल्या अपने वास्तविक रूप में आकर बोली हे करूणानिधान आप ऐसे ही सदैव मुझ पर कृपा बनाए रखें। वर्षों से मैं आपके आने की प्रतीक्षा कर रही थी। इतना कहकर उन्होंने पतिलोक को गमन किया। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम की जय जयकार करने लगे। जनकपुर पहुंचकर विदेहराज ने कुलगुरु शतानंद के साथ मुनि विश्वामित्र का स्वागत कर यथोचित सम्मान किया और प्रभु राम लक्ष्मण का परिचय प्राप्त कर अत्यंत हर्षित हुए। रात्रि में राम लक्ष्मण मुनि की आज्ञा पाकर जनकपुर अवलोकन के लिए नगर में पहुंचे। वहां नगर की सुंदरता को देख दोनों भाई बहुत प्रफुल्लित हुए। वहां उन्होंने रंग भूमि में सीता स्वयंवर हेतु रखे शिव धनुष को भी देखा। प्रभु राम तथा लक्ष्मण ने शिव धनुष को आदर सहित प्रणाम किया और वापस मुनि के पास लौट चले।

दोनों भाई मुनि की सेवा करते हैं मुनि उन्हें शिव धनुष के बारे में प्रभु राम लक्ष्मण को सम्पूर्ण व्रतांत सुनाते हैं। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम की जय जयकार हर्षित हो उठे।

आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, प्रेम सिंह, केशव सक्सेना, संजीव शर्मा, अंकुर गुप्ता, राकेश सरीन, विश्वास प्रकाश सक्सेना, रमाकांत पांडेय, डा. विश्वनाथ दीक्षित, नरेश शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, अमरीश शर्मा, डा. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप हिमांशु कश्यप आदि सहित अनेकों पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित थे। लीला का संचालन संजय पांडेय तथा सोमनाथ सप्रे ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा अंकुर मिश्रा ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

जलस-ए-सीरतुन्नबी व दस्तारबंदी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला क्षेत्र के जमदरा गांव स्थित मदरसा मजहरुल इस्लाम में शनिवार रात जलस-ए-सीरतुन्नबी के मौके पर दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कुरान पाक हिफ्ज पूरा कर चुके बच्चे को उलमा व गांव वालों ने दुवाओं से नवाजा।

हाफिज मोहम्मद राशिद पुत्र हनीफ खान उर्फ कत्तर ने कुरान पाक को कम उम्र में पूरा किया। पूरे गांव मे खुशी का माहौल दिखा। हाफिज गुलाम जीलानी ने अपने बयान में बताया जिसने अपने बच्चे को कुरान का पाठ पढ़ाया और दुनिया में उस पर अमल पर रहा तो आखिरत में उसके मां बाप के सर पर ताज होगा, वह अपने मां बाप को जन्नत में ले जाएगा। उन्होंने कहा हाफिज का अमल यह है उसे देखकर लोग इंसानियत की मिसाल दें और अपने इल्म से लोगों को फायदा पहुंचाने का काम करे। जलसा का आगाज़ हाफिज कारी ओवैसी ने तिलावते कुरान किया गया। अध्यक्षता मौलाना असलम ने किया। संचालन हाफिज नुरुलहुदा ने किया। जलसे का समापन मौलाना असलम ने देश और दुनिया में अमन, शांति और भाइचारे की दुआ से किया।

श्री रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण की पर्यटन विभाग से मिली मंजूरी

- राज्यमंत्री की पहल पर मेला स्थल का होगा कायाकल्प

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद मुख्यालय पर सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्री रामलीला मैदान का बहुत जल्द कायाकल्प होने वाला है। गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की पहल पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण एवं आधुनिकी करण के लिए भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है जिसके तहत श्री रामलीला मैदान के चारो ओर बान्उड्रीवॉल का निर्माण एवं प्रवेश द्वार पर भव्यगेट सहित अन्य निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग के विशेष सचिव द्वारा भेजे गये मंजूरी पत्र में यह जानकारी साझा की गई है। श्री रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग द्वारा दी गई मंजूरी से इस ऐतिहासिक स्थल के महत्व को चार चाँद लगना लाजिमी है।

ज्ञात रहे कि जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले श्रीराम लीला महोत्सव के अधिकांश कार्यक्रम मण्डी समिति के पीछे स्थित श्रीराम लीला मैदान में आयोजित किये जाते है। यह रामलीला का कार्यक्रम पिछले 139 वर्षो से निर्वाधरूप से यहा होता चला आ रहा है इस लिए इसका पौराणिक एंव ऐतिहासिक महत्व है। पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव के अन्तर्गत लगभग 70 वीघा से अधिक भूमि पर बाउन्ड्रीवाल एंव प्रवेश द्वार पर बनने वाले भव्य गेट का किसी निर्माण ऐंजन्सी द्वारा स्टीमेट बनाकर भेजा जायेगा उसके बाद से श्रीराम लीला मैदान के सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू होगा।

इस सम्बन्ध में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बताया की श्री रामलीला मैदान के सौन्दर्यीकरण के लिए भेजे गये प्रस्ताव को पर्यटन विभाग द्वारा मंजूर किये जाने से ऐतिहासिक महत्व के इस मेले की शौभा और ज्यादा बढेगी साथ मेलार्थियों को भी आवागमन में सुविधा होगी।

सिपाही के घर को चोरों ने बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। केराकत क्षेत्र के पचवर गांव के दिल्ला का पूरा पूर्वे में बीती रात चोर घर में घुस नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात को लेकर फरार हो गए। विदित हो कि हृदय नारायण पाठक पुत्र स्व. रूप नारायण पाठक परिवार के साथ बरामदे में सो गए। आधी रात बाद चोर घर के पीछे लगे खिड़की झाप के सहारे छत पर चढ़ आंगन में बनी सीढ़ियों के सहारे घर में घुस अंदर से मेन दरवाजा बंद कर गोदरेज आलमारी व सिंगार दानी का लॉकर खोलकर दो चांदी का पायल, दो सोने का लॉकीट , एक पैजनी छोटे बच्चे का, दो कंगन चांदी का व नगदी पांच हजार रूपए लेकर फरार हो गए।सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो मेन दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद चोरी होने का अंदेशा हुआ तो किसी तरह से दरवाजे को खोल अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली थी और सामान सब बिखरा पड़ा हुआ था। आस पास खोजबीन करने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय हमराह के साथ पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए।मिली जानकारी के अनुसार हृदय नारायन का पुत्र संदीप पाठक अंबेडकर नगर जिले में यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। जीवित्पुत्रिका त्योहार पर उनकी पत्नी घर आई और पूजा पाठ कर वापस फिर चली गई। घटना की जानकारी संदीप पाठक को होते ही आनन फानन घर पहुंचा तत्पश्चात कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।वही आये दिन हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हैं।पुलिस चोर को पकड़ने में असफल है।

पुराने मुकदमों का निस्तारण अभिलम्ब करें अधिकारी: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा लंबित राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। जिसके क्रम में लगातार इसकी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पुराने वादों के तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित भी किया जा रहा है। आज तहसील सदर के ग्राम सैदनपुर में ग्राम प्रधान सभाजीत यादव, अनिल विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आकस्मिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

अव्यवस्थित दिनचर्या, खानपान, तनाव व ब्लडप्रेशर है हृदय रोग का मुख्य कारण: डॉ. वी.एस. उपाध्याय

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय रोग के प्रति जागरूकता लाने और हृदय सम्बन्धी रोगों से बचाव के उद्देश्य से कार्यक्रम आशा दीप हास्पिटल पर आयोजित किया गया। जिसमे लगभग 128 लोगों की जांच की गई तथा हृदय रोग के प्रति सावधानी बरतने हेतु जागरूक किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ हृदय एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डा0 वी एस उपाध्याय ने कहा कि हृदय रोग बहुत ही घातक बीमारी हैं। आंकड़े बताते हैं कि पूरे विश्व में हर साल लगभग 1 करोड़ लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है और इनमें से आधे तो अस्पताल पहुँचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। इसलिए इसके प्रति जागरूकता व सावधानी बहुत ज़रूरी है।

हृदय रोग के कारण बताते हुए डॉ उपाध्याय ने कहा कि हृदय रोग के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है हमारी अव्यवस्थित दिनचर्या, खानपान, तनाव आदि। अधिकांश मरीजों में हृदय रोग का मुख्य कारण तनाव पाया गया है। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर भी इसकी मुख्य वजह मानी जाती है। दिल को स्वस्थ रखने के उपाय बताये कि, अपनी दिनचर्या में थोड़ा समय व्यायाम के लिए निकालें, प्रतिदिन कम से कम आधा घंटे व्यायाम करना हृदय के लिए अच्छा माना गया है। समय की कमी है तो आप टहल भी सकते हैं। लोगों का अधिकतर समय कार्य स्थल या कार्यालय में निकलता है ऐसे में अपनी कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखें। सेहत के अनुरूप शुद्ध और पौष्टिक आहार लें। नमक के सेवन कम मात्रा में करें। कम वसा वाले आहार लें। ताजी सब्जियां और फल खाएं । समय पर नाश्ता और भोजन करें। तम्बाकू और अन्य व्यसनों से दूरी बनाये रखें। एक ही अवस्था में अधिक समय तक बैठे रहना हृदय के लिए खतरनाक हो सकता है।उन्होंने कई प्रकार से उदाहरण देकर हृदय रोग से बचने के तरीके समझाये।

इस अवसर पर शकील अहमद, राधेरमण जायसवाल, डा एस के उपाध्याय, डा भास्कर शर्मा, डा आशीष यादव, डा राकेश मौर्य, सुभाषचंद्र यादव, अवधेश मौर्य, राम कुमार साहू, संदीप गुप्ता, आदित्य साहू, अरविंद कुमार आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन मो मुस्तफा ने किया

लायंस क्लब स्टार द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था लायंस क्लब द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आर के हॉस्पिटल ब्लड बैंक में हुआ। जिसमें 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉक्टरों ने रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को कोरी अफवाह बताया और इसे रक्तदाता के लिए पूरी तरह सुरक्षित और फायदेमंद ठहराया।

अध्यक्ष मनीष अग्रहरि ने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से पुरानी बाजार स्थित आर के हॉस्पिटल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 24 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर अस्थि रोग विशेषज्ञ डा जेपी दुबे ने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में तरह तरह की भ्रांतियां फैली हैं लेकिन यह पूरी तरह सुरक्षित है। कार्यक्रम संयोजक डा आर के वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। बताया कि 50 किलो से ज्यादा वजन वाला व्यस्क रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से मोटापा, रक्तचाप संबंधित रोगों से निजात मिलती है। नियमित रक्तदाता को कैंसर जैसी बीमारी होने की आशंका कम हो जाती है। सचिव मनोज पांडेय ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रूपेश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष रविकांत जायसवाल, कोषाध्यक्ष पवन साहू, अरुण पांडे, दीपक सिंह, नरेंद्र यादव, अजय यादव, तालुकदार यादव, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, सूबेदार यादव, डा हरि प्रकाश, देवेश यादव और अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

पात्र लाभार्थी को लाभ न मिला तो तय होगी ज़िम्मेदारी : रजनी

जिले की विकास योजनाओं और कानून व्यवस्था की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिहं भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद की प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार प्रत्येक वर्ग/ समुदाय के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ ग्रामीण में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नही चाहिए, इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा के अन्तर्गत पाण्डु नदी का जीर्णोद्धार, आंगनवाडी केन्द्र, खेल मैदान, समुदायिक बागवानी, सड़क के किनारे पट्टी, चिंहित स्कूलों में संपर्क मार्ग एवं पानी की टंकी तक चकरोड आदि कार्यों को समय से कराया जाए इसके साथ ही जो नए कार्य किया जाना प्रस्तावित है उनकी भी कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू किया जाए। उन्होनें निर्देश दिए कि हर घर जल नल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाये। जिन ग्राम प्रधानों द्वारा सड़क मरम्मत का प्रमाण पत्र दिया गया है, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा पुनः जांच की जाए।

मंत्री ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण हेतु अपनी-अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि रोग फैलने का मुख्य कारण गंदगी होती है। गंदगी को दूर भगाएं और स्वच्छ वातावरण बनाएं। उन्होनें निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की उपस्थित शतप्रतिशत होनी चाहिए। साफ-सफाई कार्य में किसी प्रकार की हीलाहवाली न बरती जाए । मेहदीघाट एवं अंतिम संस्कार स्थल हेतु जाने वाले रास्ते को विशेष अभियान चलाकर साफ- सफाई कराई जाए। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित शत-प्रतिशत होनी चाहिए। अधिकारीयों द्वारा समय समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जाए। स्कूल व बाजार में एन्टी रोमियो टीम तैनात की जाये। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वृद्वावस्था, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन से संबंधित शिकायतें नही मिलनी चाहिए, पुनः सर्वे करे, कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहने पाए। जनपद में 16 व 17 अक्टूबर 2024 को एलिम्कों द्वारा कृत्रिम अंग कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसमे पात्र को लाभ दिया जाए। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवरात्रि के पावन पर्व में जनपद में शहनाई बजेगी। शादी समारोह बड़े धूमधाम से सम्पन्न किया जाए। उन्होनें सरकारी राशन विक्रेताओं द्वारा घटतौली एवं कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि घटतौली एवं कालाबाजारी पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। उन्होनें कहा कि प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र पर मिलने वाले राशन का शत-प्रतिशत वितरण किया जाये। कहा कि कुपोषण भगाना है तो छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखना होगा। गर्भवती महिला स्वस्थ होगी तो निश्चित रूप से गर्भ में बच्चा भी स्वस्थ होगा। कमजोर बच्चो पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री देश व प्रदेश को विकसित बनाने हेतु एक विजन के रुप में कार्य कर रहे हैं। उस विजन को सफल बनाने हेतु सबको मिलकर कार्य करना होगा। सभी विभागाध्यक्ष अपनी-अपनी कमियों को दुरूस्त करें, तभी आप अच्छा रिजल्ट दे पायेगें। गांव व शहर से संबंधित2 खामियों को समय से दुरूस्त कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, आईजीआरएस, आदि से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से किया जाए। कोई भी फरियादी असंतुष्ट नही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को खाद की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा, सभी समितियों में पर्याप्त खाद की उपलब्धता है। उन्होनें कहा कि विद्युत ट्रिपिंग, गलत बिल आदि से संबंधित विद्युत विभाग की सबसे ज्यादा शिकायते प्राप्त हो रही है, अधिशासी अधिकारी विद्युत प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निवारण करें। कहा कि विजलेंस टीम द्वारा अवैध धनउगाही का अड्डा न बनाया जाए, यह योगी सरकार है। भ्रष्टाचार करने वाले बख्शे नही जायेगे। कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद में जिन स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया है, उनकी जांच की जाए और जहां वृक्ष सूख गए है, नए पौधे लगाए जाएं। कहा कि नई योजना के तहत जो भी व्यक्ति वृक्षारोपण कर उसकी 3 साल तक देखभाल करता है तो उसे निर्धारित मानक के अनुसार 3 साल बाद पेड़ की गोलाई व मोटाई के हिसाब से रूपये मिलेगें। तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि स्वास्थ, शिक्षा आदि संबंधित बच्चों के भविष्य के साथ खिलावाड़ करने वालों को बख्शा नही जायेगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी तालग्राम के उदासीन रवैये की वजह कार्यवाही करने के दिये निर्देश। उन्होंने कहा कि तालग्राम एसडीओ की शिकायत प्राप्त हुई है कि लाइन के माध्यम से पहले कनेक्शन कटवाना फिर पैसे लेकर कनेक्शन जुडवाना, ऐसी प्रथा को छोड़ दे।अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा पूर्वक करें। योगी सरकार में भ्रष्टाचार करने वालो का घर सिर्फ जेल है। छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि पुलिस अपना रवैया सुधारें। आपसी विवाद जैसे मुकदमों को यदि दोनों पीड़ित पक्ष अपना समझौता करने के लिये कोतवाली/ थाना आते है, तो दोनों पक्षों का समन्वय स्थापित कर सुलह समझौता कराया जाए, न कि अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान किया जाए। पुलिस पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार करें। आप लोगों का काम है शांति व्यवस्था बनाये रखना। पुलिस विभाग द्वारा फोन न उठाए जाने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। प्रत्येक कार्य ईमानदारी के साथ करें, यह योगी की सरकार है भ्रष्टाचार करने वालों को छोड़ती नही है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिले, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। जनपद के विकास के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं, जो नए कार्य प्रस्तावित है उनकी भी कार्य योजना बनाकर कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

रोड पर धंसे दो ट्रकों में मिले 27 गौवंश, पुलिस ने गौवंशों को गौशाला मे भेजा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान शनिवार रात रानेपुर गांव के पास रोड धंसने से फंसे दो ट्रकों मे गोवंश लदे मिले। जिन्हे देख ग्रामीणों से पूछताछ के बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाल अशोक कुमार सरोज ने दोनों ट्रकों को कब्जे मे ले लिया और उनमे मौजूद 22 सांड और 5 गाय कुल 27 गौवंश को नजदीकी गौशाला खोदन ग्राम मे भेजा दिया। वहीं पुलिस आते देख गौतस्कर व ट्रक चालक मौके से भाग निकले।

रानेपुर और जरैला पुरवा गांव के मध्य आर.आर.सी. सेंटर के निकट शनिवार देर रात गोवंश लादकर ले जा रहे दो ट्रकों मे एक ट्रक का पहिया कच्चे रास्ते में धस गया। ट्रक चालक काफी देर तक उसे निकालने का प्रयास करते रहे लेकिन सफल नही हो सके। इसी बीच रात की गश्त मे निकली पुलिस ने दोनों ट्रकों को पकड़ लिया। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक और गौतस्कर मौके से भाग निकले।

जेसीबी बुलाकर गड्ढे से निकलवाया गया ट्रक

पुलिस द्वारा सुबह जेसीबी बुलाकर फंसे हुए ट्रक को गड्ढे से निकलवाया गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों ट्रकों को निकलवाकर अपने कब्जे मे लिया है एवं पकड़े गए गौवंश को क्षेत्र के नजदीकी कमालपुर खोंदन गांव की गौशाला मे छुड़वाया गया।

गांव के बाहर आकर रुके थे गौ तस्कर

ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर खलिहान मे शनिवार शाम कुछ गौवंश के साथ कुछ लोग देखे गए थे। ग्रामीण उन्हे घुमंतू जाति का चरवाहा समझ रहे थे। ग्रामीणों ने उन्ही के द्वारा रात के अंधेरे मे अपने साथ मौजूद गौवंश और गांव के आसपास खेतों मे घूम रहे कुछ और गौवंश पड़कर ट्रकों मे लादने की आशंका जताई है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से वह चरवाहे कहीं नही दिखाई दिए। वहीं तस्करी के लिए गौवंश लदवाने मे एक ग्रामीण की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। मामले की जांच पड़ताल मे जुटी पुलिस ने जल्द खुलासे की बात कही है।

बाहरी नंबर कौन-कौन से टावर मे एक्टिव रहे हैं

कानपुर क्राइम ब्रांच क्षेत्रीय लोगों और खास कर जनप्रतिनिधियों के नंबरों के बीच कॉल डिटेल निकलवा रही है जो गौवंश तस्कर आए थे। बाहरी होने के नाते यहां किस-किस से बात की और किस-किस के संपर्क मे रहे उनसे भी पूछताछ की जाएगी क्या वह इससे पहले भी कई ट्रैकों की लोडिंग करवा चुके हैं तो उन पर क्या कार्यवाही की जा सकती है इन सब मजबूती के सबूत इकट्ठा किया जा रहे हैं।

थाना प्रभारी ने दी जानकारी

बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है और इस गैंग की तह तक जाया जाएगा। दोनों ट्रकों के नंबर और चेचिस नंबर की जांच कराई जाएगी किसके नाम की गाड़ियां हैं और कहां-कहां से होकर ये गाडियां आईं थीं।

बी.आर.सी. में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विकासखंड के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों मे अध्यनरत कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह के निर्देशन मे बिल्हौर इंटर कॉलेज व बी.आर.सी. मे संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता मे प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे कुल 174 छात्र-छात्राओं की प्रतिभा रही। प्रतिभागी बच्चों के लिखित एवं समूह चर्चा के माध्यम से 25 सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन किया गया। प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जनपद स्तर पर होने वाली मॉडल प्रतियोगिता मे प्रतिभा किया जाना होगा। इस कार्य हेतु प्रथम पांच छात्राओं के अध्ययनरत विद्यालय मे रू3000-3000 भेजे जाएंगे। जिससे बच्चे मॉडल बना सकें। इन विजेता बच्चों के नाम आदित्य यू.पी.एस. नसीरापुरा, मो शाकिर यू.पी.एस. नसीरापुर, आदित्य कंपोजिट आंकिन, देव कंपोजिट विद्यालय द्वितीय, अंकुश, नैना गुप्ता, लक्ष्मी, अंकेश आदि रहे। विजेता बच्चों को केमिकल साइंस प्रैक्टिकल बुक, ड्राइंग बॉक्स, पेन, कॉपी आदि देकर सम्मानित किया गया।

हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सोनिक। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थानाक्षेत्र के नवीन मंडी के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने जांच की। वह हलमेट लगाए था। अचलगंज थानाक्षेत्र के सिंघाखेड़ा गांव निवासी प्रमोद यादव (35) पुत्र स्व. उमाशंकर चालक था।

मौजूदा समय में वह थाना दही स्थित एचपी गैस प्लांट का टैंकर चलाता था। शुक्रवार रात वह लखनऊ से वापस लौटा। प्लांट में टैंकर खड़ा करने के बाद बाइक से घर जा रहा था। तभी हाईवे पर नवीन मंडी के पास उसे वाहन ने टक्कर मारकर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कच्चा मकान ढहा, दो बच्चों की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

इंदरगढ़ थानाक्षेत्र के गोपालपुर गांव में सुबह करीब तीन बजे पुत्तूलाल के कच्चे मकान की छत जोरदार आवाज के साथ भरभराकर ढह गई। घर की छत पर पुत्तूलाल, फागुनी देवी सहित रामदास, 9 वर्षीय बेटा विवेक, 11 वर्षीय सरिता और 12 वर्षीय दिव्यांग अंजली सो रही थी।

सभी छत ढहने से सोते हुए साथ ही नीचे गिरे और मलबे में दब गए। जोरदार आवाज सुन ग्रामीणों ने बाहर निकलकर देखा तो घर गिरा देख सबके होश उड़ गये। आनन-फानन में ग्रामीणों ने मलबा हटा दबे हुये लोगों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सभी दबे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सरिता और विवेक को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार, इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी और लेखपाल मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि रामदास के 2 बच्चों की मृत्यु हो गई है जबकि अन्य की हालत सामान्य है। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

थाना प्रभारी के तबादले की विदाई में अरौल थाना दरोगा और सिपाही फूट-फूटकर रोए

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल का तबादला कानपुर कमिश्नरेट के महाराजपुर थाना अतिरिक्त प्रभारी के तौर पर हुआ है। अपराध शाखा से जनार्दन सिंह यादव प्रभारी निरीक्षक अरौल की कमान संभालेगे। शिवराजपुर थाना प्रभारी बृजेश कुमार तबादला अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक बजरिया हुआ है। प्रभारी निरीक्षक थाना बादशाहीनाका अरविंद कुमार सिंह शिवराजपुर थाना प्रभारी का चार्ज संभालेंगे।

अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल की विदाई के समय अरौल प्रधानपति आनंद करण उर्फ मुन्ना सिंह, मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन, भीटी हवेली प्रधान रिकी कटियार, बरांडा प्रधान राजेश पाल सहित दर्जनों प्रधान और समाजसेवी लोग मौजूद रहे। थाने के मौजूद दरोगा और सिपाही ने अपने अधिकारी को फूल मालाओं से लाद दिया और जाते वक्त सभी लोग अपनी आंखों के आंसू ना रोक सके साथ मे एक दूसरे के गले मिलते हुए विदाई दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि हम सब एक परिवार के सदस्य की तरह रहे हैं। जब भी जहां भी रहेंगे एक दूसरे को याद करते रहेंगे हमेशा अपनी ड्यूटी के दौरान सत्य निष्ठा व कर्तव्यों से कभी भी समझौता नही करना चाहिए।

शिक्षामित्र ने अपने मानदेय से बच्चों में वितरित की पाठ्य सामग्री

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। मौरावां। हिलौली ब्लॉक के संदाना में संचालित कन्या प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र शिक्षण कार्य के साथ अपने मानदेय से बच्चों को पाठ्य सामग्री भेंट करते हैं। शनिवार को कक्षा चार के छात्रों को कॉपी, ज्यामिति बॉक्स और नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए पुस्तकें देकर हौसला बढ़ाया। कन्या प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र ललित त्रिपाठी ने अपने खर्च से कक्षा चार के 30 छात्रों को ज्यामिति बॉक्स, कॉपी के साथ नवोदय विद्यालय की तैयारी कर रहे बच्चों को पुस्तकें देकर उनका हौसला बढ़ाया। शिक्षण सामग्री पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। साथ ही छात्रों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया। शिक्षामित्र ललित ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि विद्यालय में अधिकांश गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। इसमें कुछ ऐसे बच्चे हैं जो पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में नहीं पढ़ पाते। छात्र पढ़ें और आगे बढ़ें इसी उद्देश्य से मदद करता रहता हूं। इसीलिए अपने मानदेय का कुछ अंश बच्चों में खर्च करते रहते हैं। इस दौरान छात्रों में काजल, लक्ष्मी, शिवानी, सोनाक्षी, प्रिया, आयुषी, सिमरन, देविका और सर्वेश कुमार उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

बेटी के पहले जन्मदिन पर मां की करंट की चपेट में आने से मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मिहुना गांव में बेटी के पहले जन्मदिन के दिन मां की खिड़की के जंगले में उतरे रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मिहुना गांव निवासी विकास यादव की पुत्री बिट्टो का शनिवार को पहला जन्मदिन मनाया जा रहा था। शाम को बर्थडे पार्टी में विकास की पत्नी कल्पना (24) हंसी-खुशी नाते रिश्तेदारों के स्वागत में लगी थीं। पार्टी खत्म होने के बाद रात करीब 11:30 बजे बरामदे में पति के लेटने के लिए वह पंखे का प्लग लगा रही थी। तभी जंगले में कटे हुए तार से करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई जलालपुर थानाक्षेत्र के सुठार गांव निवासी अरविंद ने बताया कि कल्पना उनकी अकेली बहन थी और 2021 में उसकी शादी विकास के साथ हुई थी।

घर में घुसकर युवक ने महिला से किया दुष्कर्म, परिजनों ने आरोपी को पकड़ कमरे में बंद कर बुलाई पुलिस

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। हमीरपुर जिले में जलालपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुस एक महिला से दुष्कर्म किया। तभी लघुशंका के लिए जागे पति ने युवक को आपत्तिजनक हालत में देखकर परिजनों संग मिलकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार रात वह अपने बच्चों के साथ घर के आंगन में टिनशेड में लेटी थी। तभी गांव का सूर्यांश छत के रास्ते घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। इस बीच पति के जागने पर उन्होंने शोर मचाया तो भागने लगा, लेकिन पति ने उसे कमरे में बंद कर दिया। पुलिस को बुलाकर उसे हवाले कर दिया। वहीं, आरोपी के पिता ने लेनदेन के विवाद में बेटे को फंसाने का आरोप लगाया। आरोपी बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। जलालपुर इंस्पेक्टर ब्रजमोहन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण को आई पीड़िता व उसके परिजनों से सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान व सपाइयों ने मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ न्याय होना चाहिए। आरोपी का पारिवारिक भाई सत्ता पक्ष के पार्टी में पदाधिकारी है।

पारिवारिक विवाद में मजदूर ने फंदा लगाया

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। जरिया थाने के तुरना गांव निवासी छविलाल अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार रात छोटे भाई संतोष अहिरवार (40) ने पारिवारिक विवाद के चलते कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर गमछे से फंदा लगा लिया। शनिवार सुबह पत्नी रजनी के देखने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बताया कि मृतक देर शाम को नगर से मजदूरी कर घर लौटा था। जहां परिवार में कुछ विवाद हो गया था। जरिया इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रक्तदान शिविर में सहयोग के लिए आगे आईं समाजसेवी संस्थाएं



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

एक अक्तूबर को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगने वाले रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाएं आगे आने लगी हैं। वह भी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देंगी। जिला अस्पताल ब्लड बैंक में 18 से 60 साल की उम्र के लोग रक्तदान कर सकेंगे। अमर उजाला फाउंडेशन एक अक्तूबर को रक्तदान शिविर लगवाने जा रहा है। कार्यक्रम में सहयोग के लिए समाजसेवी संस्थाओं में लाइफ सेवर्स, नरसेवा नारायण सेवा, एनसीसी और नवयुग जनचेतना सेवा संस्थान सहित विभिन्न संगठन आगे आए हैं। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. आर ए मिर्जा ने बताया कि एक व्यक्ति रक्तदान कर चार लोगों की जान बचा सकता है। रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। कैंप में कई सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और विभागों ने सहयोग के लिए हाथ बढ़ाए हैं।

दर्ज करा सकते हैं अपना नाम

रक्तदान के इच्छुक व्यक्ति संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन फोन , एसएमएस या दफ्तर में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। किसी जानकारी के लिए डायल करें 9260910089।
कार्यालय का पता- हरदोई ओवरब्रिज के सामने बाबूगंज, उन्नाव।

- रक्तदान, महादान जैसे नारों को सार्थक करने में अब महिलाएं भी पीछे नहीं है। वह बढ़-चढ़कर रक्तदान भी कर रही हैं। वह रक्तदान से कतराने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित भी कर रही हैं। रक्तदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने वाली महिलाएं समाज के लिए मिसाल बनी हैं।
- मोहल्ला गदनखेड़ा निवासी यशी सिंह ने बताया कि कई बार समय पर खून न मिलने पर मरीज की जान चली जाती है। वह ऐसे परिवारों की पीड़ा को समझतीं हैं इसी लिए नियमितअंतराल में रक्तदान करती हैं। इससे खुद को सुकून भी मिलता है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है।
- उपहार फाउंडेशन की आरती यादव ने बताया कि रक्तदान एक मानव का दूसरे मानव के लिए अमूल्य जीवन का उपहार है। रक्तदाता को यह तक पता नहीं होता कि उसका रक्त किस बीमार व्यक्ति की जान बचाएगा, यही सच्ची समाज सेवा है। वह लोगों को भी रक्तदान का महत्व बताकर जागरूक करतीं हैं।
- समाज सेविका निम्मी अरोड़ा का कहना है कि रक्तदान करके खुशी मिलती है। क्योंकि रक्त ऐसी जिसका और कोई विकल्प नहीं है। इसे मानव शरीर से प्राप्त किया जा सकता है। बताया कि वह रक्तदान करके अपने आसपास के लोगों को भी इसका लाभ बताकर प्रेरित करतीं हैं।
- आवास विकास कॉलोनी निवासी सिमरन पाटेकर ने बताया कि रक्तदान करने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता सुरेंद्र पाटेकर से मिली है। बताया कि रक्तदान करके आत्मिक संतुष्टि भी मिलती है। हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए, ये रक्तदाता के लिए भी लाभकारी है।

मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। महोबा। थाना पनवाड़ी के बैंदो गांव में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। बैंदो गांव निवासी गोरेलाल कुशवाहा मकान में ताला लगाकर परिवार समेत बाहर गया था। रात को चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे। चोरों ने अटैची व बक्सों में रखी दस हजार की नकदी, मनचली, मंगलसूत्र और 350 ग्राम वजन के चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित के पहुंचने पर ताला टूटा व माल गायब मिला। इससे उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रा से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। महोबा। थाना श्रीनगर के एक गांव में स्कूल से घर जा रही छात्रा से युवक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव निवासी आठवीं की छात्रा शनिवार को विद्यालय गई थी। वापस लौटते समय रास्ते में सुरेंद्र अहिरवार ने उसे रोक लिया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने घर पहुंच परिजनों को पूरी घटना बताई। तब पिता बेटी के साथ थाने पहुंचा और तहरीर दी।

12 घंटे में 8.83 मिमी बारिश हुई रिकार्ड

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

दो दिन से रुक, रुककर हो रही बारिश से खेती किसानी का काम रुक गया है। वहीं लगातार गर्मी झेल रहे लोगों को बारिश ने राहत दी है। इसके अलावा जलभराव और बिजली संकट ने लोगों को परेशान कर रखा है।

शुक्रवार शाम आठ बजे से शनिवार सुबह आज बजे तक रुक, रुककर बारिश होती रही। इस दौरान शुक्रवार के बराबर ही 8.83 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। सबसे ज्यादा सदर तहसील में 25, सफीपुर व बीघापुर में दो-दो, बांगरमऊ में नौ, हसनगंज में चार और पुरवा में 11 मिमी पानी बरसा। दो दिन से हो रही बारिश के चलते खेत खलिहान पानी से लबालब हो गए। जिसके चलते आलू व सरसों की बुआई की तैयारी कर रहे किसानों का फिलहाल इंतजार बढ़ गया है।

उधर, धान की फसल को पानी से फायदा पहुंचा है। शनिवार पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। बीच बीच में कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं शहर में जलभराव और गांवों में कीचड़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ठप रही बिजली आपूर्ति

बिजली उपकेंद्र हिलौली से संचालित पांच फीडरों की आपूर्ति शुक्रवार रात करीब दो बजे से अचानक बंद हो गई। जिसमें हिलौली, करदहा, लउवा, हरदी व मर्दनपुर फीडरों से जुड़े गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। शनिवार सुबह लाइनमैनों ने फॉल्ट खोजना शुरू किया। पश्चिम गांव के पास 33 हजार केवी के इंसुलेटर फुंके और तार जले मिले। शनिवार सुबह नौ बजे मरम्मत कराकर आपूर्ति बहाल कराई गई। अवर अभियंता हिलौली बसंत लाल ने बताया कि रात को फाल्ट सही नहीं हो सका था। सुबह लाइनमैन भेज कर मरम्मत कार्य कराया गया। उधर, अजगैन उपकेंद्र से जुड़े नवई व रायपुर गढ़ी फीडर भी फाल्ट से रात भर बंद रहे। शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे आपूर्ति बहाल की जा सकी।

बच्ची को मलेरिया, अधेड़ को डेंगू की पुष्टि

मानसून के मौसम में एक बार फिर डेंगू फैलाने वाले क्यूलेक्स और मलेरिया फैलाने वाले एडीज मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हसनगंज के निदेमऊ गांव निवासी 55 वर्षीय अधेड़ को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया तो जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के सरोसी गांव निवासी छह वर्षीय बच्ची में मलेरिया की पुष्टि हुई है।

दोनों मरीजों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिला संक्रामक रोग अधिकारी डॉ. अंकिता सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों को मरीजों के घर और आसपास के क्षेत्रों में जांच कराई।

बाइडेन ने अपनापन दिखाया, 300 कलाकृतियां लौटाईं : पीएम मोदी

- मन की बात के 10 साल पूरे होने पर कहा- कार्यक्रम मंदिर में पूजा करने जैसा
- 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम के श्रोता ही प्रस्तुतकर्ता हैं: पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 114वें एपिसोड में कहा- हमारी यात्रा को 10 साल हो चुके हैं। यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था। 10 साल पूरे होने के समय नवरात्रि का पहला दिन होगा। मन की बात के कई पड़ाव हैं, जिन्हें मैं भूल नहीं सकता। यह कार्यक्रम मेरे लिए मंदिर में पूजा करने जैसा है। पीएम मोदी ने कहा कि हाल की अमेरिका यात्रा के को लेकर बहुत मैसेज मिले। हमारी प्राचीन कलाकृतियों को लेकर बहुत चर्चा हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनापन दिखाया। उन्होंने भारत को करीब 300 कलाकृतियों वापस लौटाई। इनमें से कुछ 4 हजार साल पुरानी हैं। मन की बात मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर पूजा करना।मैं सभी मीडिया को धन्यवाद करता हूं ,क्योंकि उन्होंने इस कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाया है। यूट्यूबर्स ने इस पर कई कार्यक्रम किए हैं। मुझे अच्छा लगता है जब लोग ये कहते हैं कि उन्होंने मन की बात को स्थानीय भाषा में सुना। इस यात्रा के दौरान कई ऐसे साथी हैं, जिनका निरंतर सहयोग मिलता रहा है। एक धारणा ऐसी घर कर गई है, कि जब तक चटपटी नकरात्मक बातें न हों तब तक उसे तवज्जोह नहीं मिलती। मन की बात ने इसे गलत साबित किया है। चकोर पक्षी बारिश की बूंद ही पीता है। मन की बात में भी लोग देश के लोगों की उपलब्धियों को ध्यान से सुनते हैं। हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं कीर्तिमान जुड़ जाते हैं। हमारे देश में कई लोगों का जीवन निस्वार्थ सेवा में लगा है। उनके बारे में जानकार मैं गर्व से भर जाता हूं।

मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे होने पर

इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान के 10 साल पूरे हुए हैं। मैं बात कर रहा हूं मेक इन इंडिया की। आज मुझे ये देखकर बहुत खुशी मिलती है कि गरीब, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है। त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प भी जरूर दोहराइए। कुछ भी खरीदेंगे, वो मेड इन इंडिया ही होना चाहिए, कुछ भी गिफ्ट देंगे, वो भी मेड इन इंडिया ही होना चाहिए।

एक पेड़ मां के नाम अभियान पर

जब हमारे दृढ़ संकल्प के साथ सामूहिक भागीदारी का संगम होता है तो पूरे समाज के लिए अदभुत नतीजे सामने आते हैं। इसका सबसे ताजा उदाहरण है एक पेड़ मां के नाम अभियान। ये अदभुत अभियान रहा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल कर दिखाया है। ऐसा ही उदाहरण है तेलंगाना के केएन राजशेखर का, पेड़ लगाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता हम सबको हैरान कर देती है। करीब 4 साल पहले उन्होंने मुहिम शुरू की- हर रोज एक पेड़ लगाएंगे। कठोर व्रत की तरह इसका पालन किया। वे आज 1500 से ज्यादा पौधे लगा चुके हैं। बड़ी बात ये है कि एक हादसे का शिकार होने के बावजूद वे संकल्प से डिगे नहीं।

जल संरक्षण पर

पिछले कुछ सप्ताह से देश के अलग हिस्सों में जबरदस्त बारिश हो रही है। ये हमें जल संरक्षण के बारे में याद दिलाता है। मुझे खुशी है कि इसके लिए कई लोग पहल कर रहे हैं। यूपी के झांसी में एक ऐसी ही पहल हुई है। यहां हमेशा पानी की किल्लत रहती है। यहां की महिलाओं ने जल सहेली बनकर मृतप्राय हो चुकी गुरारी नदी को बचाया है। इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू को भरकर पानी को बचाया। नदी को पानी से लबालब भर दिया। इससे क्षेत्र के लोगों की जल समस्या दूर हुई है। मुझे मध्यप्रदेश के दो प्रयासों की जानकारी मिली है। डिंडोरी के रैपुरा गांव में शारदा आजीविका स्वसहायता समूह ने फिश पार्लर शुरू किया है। छतरपुर में भी महिलाओं ने गांव के तालाब को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया।

स्वच्छता अभियान पर

देश के हर हिस्से में स्वच्छता को लेकर कोई न कोई प्रयास चल रहा है। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के 10 साल हो रहे हैं। ये महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि है, जो पूरे जीवन भर इसके लिए प्रयासरत रहे। मेरा आप सबसे आग्रह है कि आप भी अपने परिवार दोस्तों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लें।

अमेरिकी यात्रा पर

हम सभी को अपनी विरासत पर गर्व है। मेरी अमेरिकी यात्रा के दौरान अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 कलाकृतियों को वापस लौटाया है। इनमें फूलदान, देवी-देवता, बुद्ध, श्रीकृष्ण की मूर्तियां शामिल हैं। पशु, महिला-पुरुष की टेराकोटा मूर्तियां भी हैं। वापस की गई चीजों में भगवान विष्णु की कलाकृतियां भी हैं। इनमें से बहुत सी कलाकृतियों को तस्करी और दूसरे तरीकों से देश के बाहर ले जाया गया। ये विरासत को खत्म करने जैसा है। पिछले कई सालों में इनकी घर वापसी हुई है। मुझे विश्वास है जब हम अपनी विरासत पर गर्व करते हैं तो दुनिया भी उसका सम्मान करती है। इसलिए आज विश्व के कई देश हमारी कलाकृतियों को वापस दे रहे हैं।

मन की बात से जुड़े कुछ रोचक फैक्ट

- पहला एपिसोड टेलीकास्ट होने के एक हफ्ते के अंदर 125 प्रतिशत तक बढ़ गया था। पीएम ने खादी खरीदने की अपील की थी।
- 2015 में पूर्व अमेरिकी प्रधानमंत्री बराक ओबामा ने भी शो अपनी बात रखी थी।
- अप्रैल 2023 में मन की बात का 100वां एपिसोड का टेलीकास्ट यूनाइडेट नेशन हेडक्वॉर्टर न्यूयॉर्क में भी हुआ था।
- 27 करोड़ लोग इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, 6 करोड़ लोग डिजीटली मन की बात को सुनते हैं। 130 से ज्यादा टीवी चैनल और 800 से ज्यादा रेडियो स्टेशन इस शो को टेलीकास्ट करते हैं।

22 भाषाओं में ब्रॉडकास्ट होता है मन की बात कार्यक्रम

मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था।

बोवेन रोग या त्वचा का सतही कैंसर का यूनानी चिकित्सा से उपचार: डॉ. लियाकत अली मंसूरी

जन एक्सप्रेस । विशेष

बोवेन रोग त्वचा का सतही कैंसर होता है। यह पपड़ीदार लाल त्वचा फटी हुई, चपटे, रक्त स्राव, अल्सरयुक्त, एक या अधिक छोटे पैच के रुप में दिखाई देता हैं। ये पेच धीरे धीरे बढते हैं। यह त्वचा में या शरीर के अन्य हिस्सों में गहराई तक नहीं फैलता हैं। चूंकि इस तरह के कैंसर की कोशिकाएं सिर्फ़ त्वचा की बाहरी परत एपीडर्मिस में ही रहती हैं और अन्य कोशिकाओं पर आक्रमण नहीं करती हैं। इसलिए ये गंभीर समस्याएं पैदा नहीं करता हैं। इसीलिए इस बीमारी को त्वचीय स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू भी कहते है। त्वचीय स्क्वैमस कोशिकाएँ ही त्वचा के बाहरी हिस्से को बनाती हैं। कार्सिनोमा का अर्थ है कैंसर, और इन सीटू का अर्थ है स्थान पर। यह बाहरी त्वचा में होने के कारण इसे पूर्व-कैंसर भी कहते हैं।

बोवेन रोग शरीर पर किस जगह को चुनती हैं

खुली त्वचा पर जहां अक्सर सूरज के संपर्क में आते हैं जैसे घुटने के नीचे पैर, गर्दन या चेहरा, नाखूनों के नीचे या आसपास, हाथों की हथेलियां, पैरों के तलवों, गुदा मार्ग के आसपास, जननांग क्षेत्र में। लिंग पर होने वाली बोवेन बीमारी को एरिथ्रोप्लासिया ऑफ़ क्यूयराट कहते हैं। जननांगों या गुदा को प्रभावित करने वाले बॉवेन रोग के अन्य स्थानों पर होने वाले बोवेन रोग की तुलना में त्वचा कैंसर में विकसित होने की अधिक संभावना हो सकती है।

बोवेन रोग के कारण हो सकते है

लंबे समय तक धूप में रहना, सनबेड का उपयोग करना, पूर्व में रेडियोथेरेपी उपचार ले चुका हो, इम्यूनोसप्रेशन जैसे कि एड्स है, या कैंसर का इलाज ले रहे हैं,या अंग प्रत्यारोपण करवा चुके हैं या प्रतिरक्षा प्रणाली को दबाने के लिए दवाएँ ली हैं, मानव पेपिलोमावायरस (एचपीवी) से संक्रमण, त्वचा पर पहले लगी चोट। यदि आपकी त्वचा पर पहले कभी कोई चोट लगी है, जिससे लगातार दीर्घकालिकत्वचा क्षति या निशान पड़ गए हैं, तो उस क्षेत्र में बोवेन रोग विकसित होने का खतरा बढ़ सकती है, सूजन संबंधी त्वचा की स्थिति जैसे कि एक्जिमा जैसी पुरानी त्वचा सूजन की समस्या वाले लोगों में बोवेन रोग विकसित हो सकता है।

बोवेन रोग सबसे अधिक किन लोगों को होता है

महिलाओं में पुरुषों की तुलना में अधिक , 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग , गोरी त्वचा वाले लोग , शरीर के उन भागों पर जहां की त्वचा सूर्य के संपर्क में आती है , यदि पहले त्वचा कैंसर के समूह में से कोई एक हो चुका है, जिसे गैर-मेलेनोमा त्वचा कैंसर कहा जाता है, तो उसे बोवेन रोग होने की अधिक संभावना हो सकती है।

हर्बल यूनानी चिकित्सा

त्वचा पर क्रीम का इस्तेमाल ट्रिजिंक पाउडर, सेलिसाइक्लिक एसिड पाउडर, नोसादर, सरतान, कुश्ता ए अभ्रक आदि मिला कर रोगन कलौंजी के साथ बना कर प्रभावित क्षेत्र पर सुबह शाम लगाया जाता हैं। यूनानी चिकित्सा में दवाओं को कंपाउंड के रुप में दिया जाता हैं। जैसा कि सभी दवाओं को शहद और रोगन कलौंजी के साथ माजून बना कर दिया जाता हैं इसमें काफ़ूर , संदल सफ़ेद, संदल सुर्ख, संदल जर्द, तुख्म ए काहू, समग ए अराबी , गोंद कतीरा,तबाशीर , गुल ए सुर्ख, अस्लुस्सोस मुकशशर, रूबबुस्सोस, निशास्ता, खुर्फा स्याह, मघी तुख्म ए कद्दू शीरीन, मग्ज तुख्म ए ख्यारेन , मग्ज तुख्म ए खरपजा, तुख्म ए खशखश सफ़ेद, सरतान मुहर्रक, लऊक ईसबगोल, कुश्ता ए हीरक, कुश्ता ए पन्ना, कुश्ता ए सुवर्ण, रस कपूर, सर्वेश्वर परपटी, कुश्ता ए ताम्र , सफ़ेद मरी, पुनर्नवा, सरागवा, वयवरूण , यष्टि मधु, गिलोय, अर्दुषी, हल्दी , पिप्पली , चन्दन, मुलेठी, लौकी आदि को मिला कर बनाया जाता हैं। सही चिकित्सा के लिए अनुभवी यूनानी चिकित्सक से ही परामर्श लेना चाहिए।

बचाव: अत्यधिक धूप से बचना चाहिए ख़ासकर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच , धूप में बाहर निकलते समय शरीर को कपड़े और चौड़ी टोपी से ढकें, बच्चों या गोरी त्वचा वाले लोगों के सनस्क्रीन लगाएं, जिसमें उच्च यूवीए सुरक्षा भी हो।

बोवेन रोग का निदान: त्वचा का एक छोटा सा नमूना (बायोप्सी) लेकर उसमें बोमैन कोशिकाओं को ढूंढा जाता है।

तीन संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में मोदी सरकार, संविधान में करने होंगे 18 बदलाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरुआत में उच्च स्तरीय पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी की %वन नेशन-वन इलेक्शन% सिफारिशों को मंजूरी दी। सरकार अब अपनी इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने वाले दो विधेयकों समेत तीन विधेयकों को लाने की तैयारी में है। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक स्थानीय निकायों के चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ सेरेखित करने से संबंधित है। जिसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों की सहमति की जरूरत होगी। सूत्रों की ओर से कहा गया है कि, प्रस्तावित पहला संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर होगा। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में अनुच्छेद 82ए में संशोधन करने की कोशिश की जाएगी। जिसमें 'नियत तिथि' से संबंधित उप-खंड (1) जोड़ा जाएगा। इसमें अनुच्छेद 82ए में उप-खंड (2) जोड़ने की भी कोशिश की जाएगी। जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के अंत से संबंधित है। इस संविधान संशोधन में अनुच्छेद 83(2) में संशोधन करने तथा लोकसभा की अवधि और विघटन से संबंधित नए उप-खंड (3) और (4) सम्मिलित करने का भी प्रस्ताव है। इसमें विधानसभाओं के विघटन से संबंधित प्रावधान भी शामिल किए गए हैं तथा अनुच्छेद 327 में संशोधन करके 'एक साथ चुनाव' शब्द सम्मिलित करने का प्रावधान किया जा सकता है।

दूसरे विधेयक के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति जरूरी

प्रस्तावित दूसरे संविधान संशोधन विधेयक को कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं के समर्थन की आवश्यकता होगी क्योंकि यह राज्य मामलों से संबंधित है। इस विधेयक के जरिए स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जिसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) को राज्य चुनाव आयोगों (एसईसी) के साथ परामर्श करना होगा। जिसके बाद ईसी इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार करेगा। संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग अलग-अलग निकाय हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराता है, जबकि एसईसी को नगर पालिकाओं और पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। प्रस्तावित दूसरा संविधान संशोधन विधेयक में एक नया अनुच्छेद 324ए जोड़कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ नगर पालिकाओं और पंचायतों के एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान किया जाएगा।

तीसरा विधेयक

तीसरा विधेयक एक साधारण विधेयक होगा। जो विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों जैसे- पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से संबंधित होगा। जो तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करेगा। ताकि इन सदनों की शर्तों को अन्य विधानसभाओं और लोकसभा के साथ संरेखित किया जा सके। जिसे पहले संविधान संशोधन विधेयक में प्रस्तावित किया गया है। इसमें जिन कानूनों में संशोधन करने का प्रस्ताव है, वे हैं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम-1991, केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम-1963 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019। प्रस्तावित विधेयक एक साधारण कानून होगा, जिसके लिए संविधान में बदलाव की आवश्यकता नहीं होगी और राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की भी आवश्यकता नहीं होगी। उच्च स्तरीय समिति ने तीन अनुच्छेदों में संशोधन करने, मौजूदा अनुच्छेदों में 12 नए उप-खंडों को शामिल करने और विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित तीन कानूनों में फेरबदल करने का प्रस्ताव दिया था। एक देश एक चुनाव के लिए संविधान में संशोधनों और नए सम्मिलनों की कुल संख्या 18 है।

सीरिया में यूएस आर्मी की एयर स्ट्राइक में मारे गए 37 आतंकी, अमेरिका ने बयान जारी कर दावा किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वॉशिंगटन सीरिया में अमेरिका ने हवाई हमला किया। इसमें इस्लामिक स्टेट समूह और अल-कायदा से जुड़े 37 आतंकी मारे गए। अमेरिका की सेना ने दावा किया कि आतंकियों के कई ठिकानों पर हमले किए गए। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक अमेरिका ने उत्तर-पश्चिमी सीरिया पर हमला किया। इसमें अल-कायदा से जुड़े हुर्रस अल-दीन समूह के शीर्ष नेता और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। इन आतंकियों पर सैन्य अभियानों की निगरानी का जिम्मा था। इसके साथ ही मध्य सीरिया में आईएस के प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमला किया गया। इसमें 28 आतंकी मारे गए। इनमें चार सीरियाई नेता शामिल थे। अमेरिकी सेना के मुताबिक हवाई हमले के जरिये अमेरिकी हितों के साथ-साथ हमारे सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ ऑपरेशन चलाने की आईएसआईएस की तैयारी को ध्वस्त किया गया। सीरिया में लगभग 900 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका की सेना पूर्वोत्तर सीरिया में अपने प्रमुख सहयोगियों कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज को सलाह और सहायता देती हैं।

कुमारस्वामी ने खनन मामले की जांच कर रहे एडीजीपी को बताया ब्लैकमेलर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने रविवार को लोकायुक्त के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एम. चंद्रशेखर को ब्लैकमेलर और अपराधी करार दिया। चंद्रशेखर 2007 के खनन पट्टा मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख हैं। कुमारस्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, चंद्रशेखर ने अपने सहयोगियों को एक पत्र लिखा है। मैं जानता हूं कि वह पत्र किसने और कहां तैयार किया है। इसका खुलासा समय आने पर करूंगा। कुमारस्वामी ने उस पत्र का हवाला दिया, जिसमें चंद्रशेखर ने लिखा था।

उदयनिधि स्टालिन समेत कई नेताओं को मंत्री पद राज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार का रविवार को कैबिनेट विस्तार हुआ। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने मंत्रिमंडल में जहां कुछ नए चेहरों को शामिल किया है। वहीं कई मंत्रियों की छुट्टी कर दी है। इस सब के बीच एमके स्टालिन ने अपने बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के ओहदे में बढ़ोतरी की है। उन्हें राज्य का डिप्टी सीएम बनाया गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने नवनियुक्त आर राजेंद्रन को सबसे पहले तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने वी सेंथिल बालाजी को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सेंथिल इसी सप्ताह सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए थे। इसके बाद राज्यपाल आर.एन. रवि ने डॉ. गोवी चेझियान को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद एम नसर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

पश्चिम बंगाल में बाढ़ की अनदेखी कर रही केंद्र सरकार: ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि उत्तर बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति को गंभीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से मदद नहीं मिल रही है। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इस संकट का सामना युद्ध स्तर पर कर रही है। उन्होंने कहा, उत्तर बंगाल बाढ़ की चपेट में है। कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हैं। कोशी नदी के जलग्रहण वाले क्षेत्रों में भारी बारिश का कूचबिहार, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर के कुछ इलाकों पर भी असर पड़ेगा। बनर्जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह राज्य को इस आपदा से निपटने में मदद करने में अपनी भूमिका नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा, केंद्र ने फरक्का बैराज के रखरखाव का कार्य नहीं किया है और इसकी जल ग्रहण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है। इसके बारे में हमने बार-बार उन्हें (केंद्र) याद दिलाया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता केवल चुनाव के समय पश्चिम बंगाल का

दौरा करते हैं। लेकिन जब संकट आता है तो वे राज्य को भूल जाते हैं। सिर्फ बंगाल को ही बाढ़ राहत की निधियों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बाढ़ के संकट का सामना करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है और नदी के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के लिए एक जनसंचार प्रणाली शुरू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को उत्तर बंगाल भेजा है और शाम पांच बजे सिलिगुड़ी में एक प्राशसनिक बैठक होगी। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि दार्जिलिंग हिल्स में बड़े भूस्खलन हो रहे हैं और राज्य प्रशासन सेना की मदद से सड़क संपर्क बहाल कर रहे हैं।

नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजापुर

बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के तरेम और गुंडम क्षेत्र में रविवार की सुबह सर्चिंग पर निकले सीआरपीएफ जवान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी की चपेट में आ गए। इस हमले में पांच जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। इस घटना के बाद किसी भी तरह से कोई फायरिंग नहीं हुई। यह पूरी घटना चिन्नागलूर कैम्प से करीब 350 मीटर की दूरी पर हुई है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए आला अधिकारियों ने बताया कि रविवार की सुबह सीआरपीएफ 153 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले हुए थे, कैप से जैसे ही 350 मीटर की दूरी पर पहुंचे कि अचानक से ब्लास्ट हो गया। पीछे चल रहे साथी मोर्चा संभालते हुए तुरंत तैनात हो गए। लेकिन इस दौरान किसी भी तरह से कोई भी गोलीबारी नहीं हुई। जवानों ने तत्काल ही घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया। इस आईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 153 बटालियन के पांच जवान घायल हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)